माघ कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
विक्रम संवत 2080
हल्द्वानी, शुक्रवार, 26 जनवरी 2024
वर्ष 3, अंक 344, पृष्ठ 22
मूल्य 6 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री 21
गूगल एंड्रॉइड ऑटो के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल 22

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का राष्ट्र के नाम संबोधन

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा ऐतिहासिक : मुर्मू

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा युगांतकारी आयोजन के रूप में होगा इसका मूल्यांकन

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा को ऐतिहासिक करार देते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि भविष्य में जब भी इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा तब इसका मूल्यांकन भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में किया जाएगा। राष्ट्रपति ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में विश्व के कई देशों के बीच चल रहे संघर्षों व मानवीय त्रासदियों पर चिंता जताई। उम्मीद जताई कि शांति स्थापित करने के रास्ते खोज लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए अनेक समयबद्ध योजनाएं क्रियान्वित कर रही है और ये किसी भी राजनीतिक या आर्थिक विचारधारा से परे हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें (योजनाओं को) मानवीय दृष्टिकोण से ही देखा जाना चाहिए। देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सप्ताह के आरंभ में हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। भविष्य में जब इस घटना को व्यापक परिप्रेक्ष्य में देखा जाएगा तब इतिहासकार, भारत द्वारा अपनी सभ्यतागत विरासत की निरंतर खोज में युगांतरकारी आयोजन के रूप में इसका विवेचन करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि यह मंदिर न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

आचार संहिता उल्लंघन मामला

मुख्तार के बेटे उमर को गिरफ्तारी से मिली राहत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी को 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में दर्ज एक आपराधिक मामले में गुरुवार को गिरफ्तारी से राहत दे दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पीके मिश्रा की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने संबंधी अंसारी की याचिका पर उप्र सरकार को नोटिस जारी किया। अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि मुख्य आरोपी को नियमित जमानत दे दी गई है। हाईकोर्ट ने पिछले वर्ष 19 दिसंबर को अंसारी की अग्रिम जमानत याचिका खरिज कर दी थी

प्रवासी उत्तराखंडियों का बनेगा डाटा बेस

संवाददाता, देहरादून

फैसला

- मुख्यमंत्री का विजन, राज्य में प्रत्येक वर्ष मनेगा प्रवासी उत्तराखंड दिवस
- 15 दिन में वेबसाइट के साथ तैयार होगा उत्तराखंड प्रवासी प्रकोष्ठ का पोर्टल

राधा रतूड़ी, एसीएस

अमृत विचार: देश-दुनिया में रह रहे उत्तराखंड मूल के प्रवासियों का सटीक डाटा बेस बनेगा। 15 दिन में वेबसाइट के साथ उत्तराखंड प्रवासी प्रकोष्ठ का पोर्टल तैयार होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन के अनुरूप राज्य में प्रत्येक वर्ष प्रवासी उत्तराखंड दिवस मनाने की परम्परा शुरू होगी।

गुरुवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में अपर मुख्य सचिव (एसीएस) राधा रतूड़ी ने प्रकोष्ठ से जुड़े अधिकारियों को हिदायत दी कि उत्तराखंड मूल के प्रवासियों के लिए लॉन्च की जाने वाली वेबसाइट पर प्रवासियों को पंजीकरण की सुविधा दी जाए। वेबसाइट पर ही उनकी शिकायतों का निवारण सिस्टम बनाया जाए।

दूसरे राज्यों से तुलना: प्रकोष्ठ के गठन के लिए अन्य राज्यों के प्रवासी सेल के तुलनात्मक अध्ययन के बाद ठोस एक्शन प्लान बनेगा और फोकस एरिया तय होगा। एसीएस ने कहा कि प्रकोष्ठ में उत्तराखंड मूल के प्रवासियों के भूमि सम्बन्धित एवं अन्य मुद्दों व शिकायतों के निवारण के लिए भी व्यवस्था की जाए।

जड़ों से जोड़ेगा: एसीएस रतूड़ी ने बताया कि उत्तराखंड प्रवासी प्रकोष्ठ दुनिया भर में रह रहे उत्तराखंड मूल के लोगों को अपनी जड़ों से जोड़ने वाले सेतु का कार्य करेगा। साथ ही यह प्रकोष्ठ प्रवासियों के निवेश प्रस्तावों पर शीघ्र कार्यवाही तथा सरकार एवं प्रवासियों के बीच बेहतर सामंजस्य बनाने में मदद करेगा।

देश-विदेश के संगठन संस्थान से सहयोग

बैठक में उत्तराखंड प्रवासी प्रकोष्ठ के कार्यालय में अधिकारियों और कार्मिकों की तैनाती, उत्तराखंड मूल के प्रवासियों के संबंध में डाटा बेस तैयार करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों, शहरों और विदेशों में उत्तराखंडी प्रवासियों के संगठनों, एसोसिएशन एवं संस्थानों से सहयोग लेने के सम्बन्ध में निर्णय लिए गए।

शुभकामना/सूचना

समस्त सुधि-पाठकों, विज्ञापनदाताओं और अभिकर्ताओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

गणतंत्र दिवस पर **26 जनवरी** को अमृत विचार कार्यालय में अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक **28 जनवरी** को प्रकाशित होगा। -संपादक

एक नजर

गणतंत्र दिवस पर हाई अलर्ट

देहरादून। गणतंत्र दिवस पर आज सूबे में हाई अलर्ट की स्थिति रहेगी। राजधानी देहरादून, हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर जिले में अंतर्राज्यीय सीमाओं पर जबकि पूरे प्रदेश में होटलों, धर्मशालाओं के साथ ही रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, एयरपोर्ट पर चेकिंग अभियान चलाया गया। ऊधमसिंह नगर, पिथौरागढ़, चम्पावत, चमोली और उत्तरकाशी जिलों से लगने वाली अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं पर चौकसी बरती।

राष्ट्रपति पदक की हुई घोषणा

देहरादून। गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति की तरफ से उत्तराखंड पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए "राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक" एवं सराहनीय सेवाओं के लिए "सराहनीय सेवा के लिये पदक" से सम्मानित करने की घोषणा की गई है। विस्तृत पेज-19

जल्द ही लागू करेंगे यूसीसी : सीएम धामी

देहरादून। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए बनाई गई 5 सदस्यों की कमेटी ने ड्राफ्ट पूरा कर लिया है। ड्राफ्ट मिलते ही जल्दी विधानसभा में यूसीसी का कानून लागू होगा। राज्य सरकार अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के विकास, कल्याण और उन्नति हेतु संकल्पबद्ध है। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने भी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं।

संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा

नई दिल्ली। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और 9 फरवरी को समाप्त होगा। वर्तमान लोकसभा का यह आखिरी सत्र होगा। बजट सत्र से पहले केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने गुरुवार को कहा कि सरकार नियमों के तहत सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है।

केंद्रीय मंत्री प्रमाणिक को मिली अग्रिम जमानत

जलपाईगुड़ी। कलकत्ता उच्च न्यायालय की जलपाईगुड़ी सर्किट पीठ ने गुरुवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक को हत्या का प्रयास मामले में अग्रिम जमानत दे दी। उनके खिलाफ यह मामला 2018 में दर्ज किया गया था। न्यायमूर्ति चित्तरंजन दास और न्यायमूर्ति पार्थसारथी सेन की खंडपीठ ने उन्हें एक पखवाड़े के भीतर निचली अदालत में आत्मसमर्पण करने का भी निर्देश दिया।

विकास का बिगुल फूंकता है मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुलंदशहर में जनसभा को किया संबोधित ▶ पश्चिमी उत्तर प्रदेश को दीं 20,700 करोड़ रुपये की 46 विकास परियोजनाएं

- बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, बुलन्दशहर और मेरठ को मिली योजनाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मोदी शब्द को ही विकास की गारंटी का पर्याय करार देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश को 20 हजार करोड़ से ज्यादा की विकास परियोजनाएं दीं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें चुनावी बिगुल फूंकने की जरूरत नहीं, वो हमेशा विकास का बिगुल फूंकते हैं।

मोदी को ना पहले जरूरत थी, ना आज जरूरत है और ना ही चुनाव का बिगुल फूंकने की आगे कभी जरूरत पड़ेगी। जब जनता ही मोदी के लिए बिगुल फूंकती है तो उन्हें अपना समय बिगुल फूंकने में नहीं लगाना पड़ता। प्रधानमंत्री गुरुवार को यहां पुलिस शूटिंग ग्राउंड में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने रेलवे के डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा एवं न्यू रेवाड़ी स्टेशनों से मालगाड़ियों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रीराम की मूर्ति भेंट करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में मौजूद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

मोदी ने की योगी की प्रशंसा

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने नए पेराई सत्र के लिए गन्ने का मूल्य बढ़ा दिया है। कहा कि आज दुनिया में तीन हजार रुपये में किसानों को यूरिया की बोरी मिल रही है, वहीं भारत में ये 300 रुपये से भी कम कीमत में मिल रही है। सरकार नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत बहनों को ड्रोन पायलट के रूप में ट्रेनिंग दे रही है।

कल्याण सिंह को किया याद

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री ने रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवरेज, मेडिकल कॉलेज और आद्योगिक क्षेत्र के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र ने देश को कल्याण सिंह जैसा सपूत दिया है। कल्याण सिंह ने रामकाज और राष्ट्रकाज के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां भी हैं अयोध्या धाम को देखकर आनंदित हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और उत्तर प्रदेश के विकास के बिना यह संभव नहीं। इस मौके पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री डॉ वीके सिंह, मंत्री अरुण सक्सेना, सांसद महेश शर्मा, डॉ. भोला सिंह, राजेंद्र अग्रवाल, सतपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह नागर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह सहित पार्टी के तमाम पदाधिकारी और नागरिक मौजूद रहे।

योगी ने मोदी को बताया प्रेरणा: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां कहा कि आज मौसम की विपरीत परिस्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री का बुलंदशहर की धरती पर आगमन हम सबके लिए प्रेरणा है कि बिना रुके, बिना डिगे, बिना झुके हमें विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए जुटना है। कुछ दिनों के बाद जब आम चुनाव होंगे, जनता आपके साथ फिर से खड़ी होगी। योगी के मुताबिक, आपके नेतृत्व में तीसरी बार फिर से देश के अंदर 2014, 2019 से भी बड़े बहुमत के साथ सरकार बनेगी। इस मौके पर योगी ने प्रधानमंत्री को राम की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। वहीं ओडीओपी के अंतर्गत राम मंदिर के उकेरे गए चित्र वाली खुर्जा की सेरेमिक ट्रे भी भेंट की।

शाहजहांपुर में कंटेनर ने ऑटो को मारी टक्कर, 12 श्रद्धालुओं की मौत

कोहरा बना काल

- बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर सुबह हुआ भीषण हादसा
- गंगा स्नान करने घटिया घाट जा रहे थे सभी ऑटो सवार

संवाददाता, अल्हागंज/शाहजहांपुर

दुर्घटनाग्रस्त ऑटो की जांच करती पुलिस और मौके पर मौजूद भीड़।

अमृत विचार : मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने घटिया घाट जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ऑटो को बिहार जा रहे कंटेनर (ट्रक) ने गुरुवार सुबह करीब 10.30 बजे टक्कर मार दी। भीषण हादसे में ऑटो में सवार 12 श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में आठ पुरुष, तीन महिलाएं और एक किशोर शामिल हैं। हादसा अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा बना है।

गांव दमगड़ा निवासी अनंतराम गुरुवार को अपनी मां बसंता व गांव के लालाराम, पुत्तुलाल, सियाराम, लंकुश, मनीराम, पोथीराम समेत 12 लोगों के साथ गांव के ऑटो से पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान करने के लिए घटियाघाट जनपद फर्रुखाबाद जा रहे थे। सुबह करीब 10:30 बजे जब ऑटो बरेली-फर्रुखाबाद मार्ग (हाईवे) पर अल्हागंज थाना क्षेत्र में गांव सुगसुगी के समीप पहुंचा, तभी अल्हागंज की ओर से तेज गति में आ रहे कंटेनर ने ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो कंटेनर में ही फंस गया, जिसे निकालने के लिए चालक ने कंटेनर को बैक किया और ऑटो व उसमें से सड़क पर गिरे लोगों को रौंदते हुए भाग निकला। हादसे में ऑटो सवार सभी 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। करीब 20 किलोमीटर दूर जलालाबाद में आरोपी चालक कंटेनर को खड़ा कर फरार हो गया। पुलिस ने कंटेनर कब्जे में ले लिया है। अल्हागंज के थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी जलालाबाद हरपाल सिंह बालियान समेत कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, एडीजी पीसी मीणा, आईजी डॉ. राकेश कुमार सिंह, डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटनास्थल का मुआयना किया।

सीएम ने जताया दुख

मुख्यमंत्री योगी ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संवेदना व्यक्त की है। अधिकारियों को राहत और बचाव कार्यों के लिए निर्देशित किया।

> कंटेनर की टक्कर से भीषण सड़क हादसा हुआ। 12 लोगों की मौत हुई है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। कंटेनर को कब्जे में ले लिया है। चालक को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।
> -अशोक कुमार मीणा, एसपी।

हादसे में इनकी हुई मौत

लालाराम (30) पुत्र वेदराम, पुत्तूलाल (50) पुत्र वेदराम, सियाराम (45) पुत्र माखनपाल, सुरेश (40) पुत्र माखनपाल, लंकुश (50) पुत्र चंद्रपाल, ऑटो चालक अनंतराम (35) पुत्र सीताराम, पोथीराम (50) पुत्र नोखेराम, राजरानी उर्फ बसंता (70) पत्नी नेत्रपाल, मनीराम (45) पुत्र सीताराम, रामलली (65) पत्नी ऋषिपाल, मेघावती (70) पत्नी गेंदनलाल, राहुल (12) पुत्र देवेंद्र।

लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका अहम

संवाददाता, हरिद्वार

- सीएम धामी ने रुड़की में नमो नवमतदाता सम्मेलन को किया संबोधित
- कहा- अपने मत का प्रयोग अवश्य करें औरों को भी करें जागरूक

अमृत विचार: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को रुड़की में नमो नवमतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि, लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

सीएम ने सभी नव मतदाताओं से अपील की कि अपने मत का प्रयोग अवश्य करें और सबको मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक भी करें। कहा कि लोकतंत्र में वोट का सबसे अधिक महत्व होता है। मतदाता ही देश के भाग्य विधाता हैं। विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में युवाओं की सबसे अहम भूमिका होगी।

मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं से आह्वान किया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। जो मताधिकार के प्रयोग के लिए योग्य हो चुके हैं, अपना पंजीकरण कर मतदान करने का अधिकार लें। मतदान करने का पवित्र कार्य सभी को करना चाहिए। हमारी सोच होनी चाहिए कि पहले मतदान, फिर जलपान। कहा कि मतदान के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ी है, इसके परिणामस्वरूप मतदान का प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। चुनाव आयोग द्वारा मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाये जाते हैं। हमारे युवाओं को भी स्कूल, कॉलेजों, संस्थानों और विभिन्न क्षेत्रों में जाकर इसके लिए जागरूकता अभियान चलाने होंगे।

कश्मीर में तीन हाइब्रिड आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर हथियारों की खेप का आदान-प्रदान करते समय तीन 'हाइब्रिड' आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया। 'हाइब्रिड' आतंकवादी वे होते हैं जो हमले करते हैं और फिर वापस नियमित जीवन जीने लगते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया समूहों पर निगरानी और सटीक नजर रखने से उत्तरी कश्मीर में उरी सेक्टर के बोनियार इलाके से आतंकवादियों की गिरफ्तारी हुई जिससे गणतंत्र दिवस से पहले एक बड़ी घटना टल गई। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के समर्पण को दर्शाती है।

गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भारत पहुंचे। गुरुवार को वे प्रधानमंत्री मोदी के साथ जयपुर में थे, जहां रोड शो के दौरान दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक शहर का दौरा किया और कुछ प्रतिष्ठित स्थानों पर गए। ● एजेंसी

बीबीए के छात्र का बुरी तरह जला मिला शव

संवाददाता, खटीमा

- पुलिस मान रही आत्मदाह छात्र का पिता बोला-बेटे की जलाकर हत्या हुई

अमृत विचार: देहरादून के एक निजी कॉलेज के बीबीए के छात्र का चकरपुर के बनखंडी महादेव मंदिर के पीछे संदिग्ध हालात में बुरी तरह से झुलसी हालत में शव मिला है। मृतक के पिता ने हत्या का अंदेशा जताया है। पुलिस इसे आत्मदाह मान रही है।

गुरुवार को वनखंडी महादेव मंदिर के पीछे से गुजरते हुए लोगों ने वहां जली झाड़ियों में झुलसी हालत में शव देखा। शव की शिनाख्त आयुष चंद्र ठकुरी (21) पुत्र सुरेश चंद्र ठकुरी निवासी हनुमानगढ़ी, कुटरी, चकरपुर के रूप में हुई। आयुष के पिता असम राइफल्स में हैं। उन्होंने बताया कि आयुष देहरादून के निजी कॉलेज में बीबीए का अंतिम वर्ष का छात्र था। उन्होंने आशंका जताई कि आयुष को जलाकर मारा गया है।

कोतवाल प्रकाश दानू का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह आत्मदाह प्रतीत होती है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलासा हो सकेगा। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच हो रही है।

सच आया सामने सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद हिंदू पक्ष के वकील का दावा, मंदिर के अवशेषों पर बनी मस्जिद

ज्ञानवापी सर्वे में भी मिला मंदिर का ढांचा

वाराणसी, एजेंसी

अगस्त में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने शुरु हुआ था सर्वे

ज्ञानवापी मामले में अदालत ने एएसआई के निदेशक को चार अगस्त 2023 तक सर्वे के संबंध में रिपोर्ट देने का आदेश दिया था। इसके बाद मामला हाईकोर्ट, सुप्रीम कोर्ट गया। जिसके बाद दोबारा चार अगस्त 2023 से सर्वे शुरू हुआ, जो दो नवंबर तक पूरा हो सका। 18 दिसंबर 2023 को सर्वे रिपोर्ट अदालत में दाखिल की गई थी। इसके बाद से ही हिंदू पक्ष रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कर रहा था। हिंदू पक्ष का कहना था कि सर्वे में हिंदू पक्ष की दलीलों को माना गया है। आज इस सर्वे रिपोर्ट के कुछ अंश सामने आए हैं जिन्होंने एक बार अयोध्या फैसले की याद दिला दी है। सर्वे में दावा किया गया है कि मस्जिद के पहले यहां मंदिर था और उसकी संरचना के सबूत प्राप्त हुए हैं। जैन का कहना है कि अब सील वजूखाना के सर्वे की मांग करेंगे।

काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी परिसर की भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वे रिपोर्ट गुरुवार को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने सार्वजनिक कर दी है।

सर्वे रिपोर्ट जारी होने के बाद हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि रिपोर्ट से संकेत मिला है कि ज्ञानवापी मस्जिद वहां पहले से मौजूद एक पुराने मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई थी। जैन ने संवाददाताओं को बताया कि एएसआई की 839 पन्नों वाली सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रतियां बृहस्पतिवार देर शाम अदालत द्वारा संबंधित पक्षों को उपलब्ध करा दी गईं। रिपोर्ट के हवाले से जैन ने दावा किया कि मस्जिद पूर्व में मौजूद मंदिर को तोड़कर उसके अवशेषों पर बनाई गई थी। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण रिपोर्ट में मंदिर के अस्तित्व के पर्याप्त सबूत मिलने की बात कही गई, जिस पर मस्जिद का निर्माण किया गया था। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर से सटे ज्ञानवापी मस्जिद परिसर पर एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों सहित कुल 11 लोगों ने अदालत में आवेदन किया था। इससे पहले अदालत ने सर्वे रिपोर्ट की मीडिया कवरेज पर रोक लगाने से साफ इन्कार कर दिया था। यह मांग अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी की तरफ से की गई थी। दूसरी तरफ मस्जिद कमेटी की सर्वे रिपोर्ट ई-मेल पर उपलब्ध कराने की मांग भी खारिज कर दी गई।

कैग की नियुक्ति प्रक्रिया पर केंद्र से मांगा जवाब

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को उस जनहित याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांग जिसमें भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की नियुक्ति की प्रक्रिया को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि यह स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता की इन दलीलों का संज्ञान लिया कि कैग की नियुक्ति की मौजूदा प्रणाली में पारदर्शिता का अभाव है। पीठ ने अनुपम कुलश्रेष्ठ और अन्य की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर केंद्रीय कानून एवं न्याय तथा वित्त मंत्रालय को नोटिस जारी किए।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

Multi Speciality
NEELKANTH HOSPITAL

ई.एस.आई. एवं हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) कार्ड द्वारा कैशलेस उपचार की सुविधा

छाती रोग/ICU विभाग

सुविधाएं

कम्प्यूटर द्वारा फेफड़ों की जाँच (P.F.T., D.L.C.O.) दूरबीन विधि से फेफड़ों की अंदरुनी जाँचें (BRONCHOSCOPY) स्लीप स्टेडी आदि

- लम्बे समय से खांसी व बुखार से परेशान हैं?
- सांस फूलने की समस्या रहती है।
- टी.बी. की समस्या रहती है।
- चलने में थकान महसूस करते हैं।
- नींद में खर्राटे भरने की समस्या है।

हृदय रोग विभाग

24 घंटे हार्ट अटैक मरीजों व अतिगंभीर मरीजों के लिए ICU की सुविधा

24 घंटे हृदय रोग विशेषज्ञ एजियोग्राफी/ हार्ट स्टैंट/ पेसमेकर की सुविधा

हृदय रोग के लक्षण
- छाती में दर्द होना
- घबराहट होना
- उच्च रक्तचाप (हाई ब्लड प्रेशर) होना
- बहुत जल्दी थकना व सांस फूलना
- डायबिटीज (शुगर)
- हाई कोलेस्ट्रोल

उपलब्ध उपचार एवं जाँचें
- ईको-कार्डियोग्राफी
- एन्जियोग्राफी (Angiography)
- छल्ला प्रत्यारोपण (Angioplasty)
- पेस मेकर / I.C.D.(हृदय गति का कम होना/हृदय गति का तेज होने का उपचार)
- BMV सिकुड़े वाल्व का उपचार
- Device Closure - ASD/VSD/PDA

हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग

सुविधाए
- घुटने व कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण (TKR & THR), हड्डी एवं जोड़ों से संबंधित समस्त रोगों का इलाज
- जन्मजात या चोटों के उपरान्त उत्पन्न हुई विकृतियों का इलाज

न्यूरो सर्जरी विभाग

सुविधाएं
- माइक्रोस्कोप द्वारा न्यूरो की जटिल ऑपरेशन की सम्पूर्ण सुविधा
- ब्रेन ट्यूमर • सायटिका
- रीढ़ की हड्डी एवं नसों का उपचार
- सिर व रीढ़ की चोट
- सिर दर्द • कमर दर्द
- हाथ व पैरों में नसों का दर्द
- शियाटिका • सुन्नपन
- झनझनाहट का सम्पूर्ण इलाज
- रीढ़ की हड्डी का छोटे छेद से ऑपरेशन
- ब्रेन हैमरेज • स्ट्रोक
- फालिस पड़ना (लकवा) • मिर्गी के दौरे
- चक्कर आना • बेहोशी आना
- सभी प्रकार के सिर दर्द
- माईग्रेन-चेहरे का दर्द
- दिमागी बुखार सभी प्रकार के सिर दर्द व दिमाग की टी.बी. का इलाज

लैप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग

सुविधाए
- दूरबीन द्वारा पथरी हार्निया एपेन्डिक्स बच्चेदानी, गांठ का आपरेशन
- गाल ब्लैडर पथरी की सिंगल होल सर्जरी (SILC)
- गाल ब्लैडर का कैंसर, पित्त की नली की पथरी का इलाज
- पैनक्रियाज के ट्यूमर एवं समस्त रोगों का इलाज
- लीवर ट्रॉमा का इलाज
- बड़ी आँत के कैंसर एवं रैक्टम के समस्त रोगों का इलाज
- पेट के अल्सर एवं पेट और आंत की टी.बी. का इलाज
- पीलिया, पाइल्स, फिस्तुल्ला का इलाज

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग

बच्चेदानी एवं अंडाशय के सभी आपरेशन दरबीन द्वारा
- दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी की सुविधा उपलब्ध है।
- बच्चेदानी एवं अंडाशय के सभी ऑप्रेशन दूरबीन विधि द्वारा

नवजात शिशु एवं बाल रोग विभाग

सुविधाएं
- जन्म से 18 साल तक के बच्चों का इलाज
- NICU → Low Birth Weight Premature
- PICU
- Adolescent Clinic
- Latest टीकाकरण (Vaccination) American Association of Pediatries Recommendation
- दिमागी रोग : मिर्गी के दौरे, दिमागी कमजोरी, पक्षपात आदि
- सांस और छाती के रोग : अस्थमा, पुराना निमोनिया
- पेट और जिगर के सभी रोग
- दिल के रोग :- दिल के छेद
- जोड़ों के रोग :- दर्द आदि
- मोटापा और वजन न बढ़ाना, कुपोषण
- ताँतवा
- Diabetes और Thyroid रोग
- नवजात बच्चों के पीलिया का इलाज

यूरोलॉजी विभाग
- मूत्र संबंधी रोगों का इलाज
- किडनी की पथरी का दूरबीन द्वारा इलाज (PCNL) & (UPSL)
- गदूद (Prostate) का दूरबीन विधि द्वारा इलाज (TURP)
- किडनी, पेशाब की थैली, अण्डकोष एवं लिंग संबधी कैंसर का इलाज

OTHER FACILITIES
- Pulmonology & Critical Care
- Orthopaedic & Joint Replacement
- Neurosurgery • Respiratory Medicine • Gynae & Obs
- C.T. Scan, X-ray & Pathology
- 24 hrs Emergency

सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के पास,
नई आई.टी.आई. रोड, रामपुर रोड, हल्द्वानी
Ph. 05946-254050,7534818001/02

HAPPY Republic Day

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



एन.सी. पाण्डे
ए.ई., सिंचाई विभाग हल्द्वानी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

रवीन्द्र कुमार
ए.ई. जल संस्थान, हल्द्वानी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

मनोज तिवारी
जे.ई., सिंचाई विभाग हल्द्वानी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

आर.एस. लोशाली
ई.ई., जल संस्थान हल्द्वानी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

बी.सी. नैनवाल
ई.ई., सिंचाई विभाग, हल्द्वानी

तेरहवीं

आपको बड़े दुख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरी पूज्यनीय माता जी स्वर्गीय उर्मिला देवी जी का स्वर्गवास रविवार, 14 जनवरी, 2024 को हो गया है। उनकी आत्मिक शांति के लिए तेरहवीं 27 जनवरी, 2024 को हमारे निवास स्थान ग्राम भगचुरी, तहसील खटीमा में होगी। अतः दोपहर 12:00 बजे ब्रह्मभोज में पधारकर प्रसाद ग्रहण करने की कृपा करें।

शोकाकुल परिवार

विनीत राम, अवतार मौर्या, छोटेलाल मौर्या, कैलाश मौर्या, प्रकाश मौर्या, राम जन्म मौर्या, रामनिवास मौर्या, महेंद्र मौर्या, सुरेंद्र मौर्या, अजय मौर्या, विजय मौर्या, संदीप मौर्या, वीरेंद्र मौर्या एवं समस्त शोकाकुल परिवार

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई नलकूप खण्ड हल्द्वानी

बलियानाला में भूस्खलन का रोकथाम कार्य शुरू

नैनीताल : शहर की तलहटी पर स्थित बलियानाला पहाड़ी पर वर्षों से चल रहे भूस्खलन की रोकथाम का कार्य आखिरकार शुरू हो गया है। सिंचाई विभाग की ओर से जीआईसी स्कूल भवन के हिस्से का ध्वस्तीकरण किया जा रहा है। आज से पहाड़ी के मुहाने तक पहुंचने के लिए सड़क कटिंग का कार्य शुरू हो जाएगा। बता दें कि शहर की बसासत की शुरूआत से ही बलियानाला पहाड़ी पर भूस्खलन की समस्या बनी हुई है। तमाम सर्वे और अध्ययनों के बाद बीते वर्ष जेट्स टू कंसलटेंट कंपनी की ओर से बनाई गई 208 करोड़ की डीपीआर शासन को भेजी गई। शासन ने 178 करोड़ के प्राजेक्ट को स्वीकृति देते हुए 20 करोड़ की धनराशि भी जारी कर दी गई। सिंचाई विभाग सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि प्रोजेक्ट के तहत जीआईसी स्कूल के एक हिस्से को ध्वस्त करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। पहाड़ी की रोकथाम के लिए बड़ी मशीनों को पहाड़ी के मुहाने तक पहुंचाया जाना है। जिनसे पहाड़ी का कटान कर 45 डिग्री का स्लोप दिया जाएगा। बताया कि एप्रोज रोड बनाने के लिए मशीने मंगवा ली गई है। शुक्रवार से सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा।

नैनीताल नगर पालिका के पास खुद के लिए नहीं है कोई गोदाम

नैनीताल : नगर में अधिकांश प्रॉपर्टी की मालिक नगर पालिका के पास खुद के सामान रखने के लिए गोदाम उपलब्ध नहीं है, ऐसे में पालिका को अक्सर अतिक्रमण करने वाले लोगों का जब्त किया सामान वापस करना पड़ता है।

अक्सर पंत पार्क माल रोड व अन्य स्थानों पर अवैध रूप से संचालित फड़ों कारोबारियों का सामान पालिका जब्त तो करती है लेकिन खुद के पास गोदाम नहीं होने के चलते चालानी कार्रवाई करने के बाद पालिका को उनका सामान वापस करना पड़ता है। इसके बाद फिर से अवैध फड़ों का संचालन शुरू हो जाता है। जबकि पालिका का खुद नगर के अधिकांश प्रॉपटी पर मालिकाना हक है। ऐसे में खुद के लिए गोदाम नहीं होना बड़ी विडंबना है।

ईओ राहुल आनंद ने बताया कि पालिका के पास गोदाम की कमी के चलते जब्त किए गए अवैध सामान को वापस करना पड़ता है।

HAPPY Republic Day

AG BUILDERS
AND CONSTRUCTION COMPANY

AG BUILDER'S
& Construction Company

Let's Work Together
& Build Your Dream Home
- Building Plan
- 3D Elevation
- Interior Works
- Approval
- Home Developers
- Modular Kitchen

HOME LOAN AVAILABLE

Prop. Gokul Singh Bisht (Ex. Army)

Rampur Road, Near Nissan Showroom, Haldwani
+91-8118831802, +91-8057038205
E-mail ID : gokulsinghbisht60@gmail.com

एक नजर

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए बनेंगे सेल्फी प्वाइंट

हल्द्वानी, अमृत विचार : परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाएंगे। समग्र शिक्षा के अपर राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मुकुल सती ने राज्य के सभी जिलों के मुख्य शिक्षा अधिकारी को आदेश पत्र भेजा है। जिसमें कहा है कि 29 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा के तहत प्रगति मैदान नई दिल्ली में छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ सीधे संवाद करेंगे। कार्यक्रम की जानकारी छात्र-छात्राओं के साथ ही आम जनमानस तक पहुंचे इसके लिए भारत सरकार ने पूरे देशभर में 100 स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाने के लिए कहा है। इसलिए प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया जाए और साथ ही कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए सेल्फी प्वाइंट स्थापित करने में सहयोग करें।

गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग करके ही दिया जाए

नैनीताल : पालिका द्वारा नगर में लोगों को गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग रखने के लिए डस्टबिन वितरित किए गए थे। इसके बावजूद लोग दोनों को एक साथ कर देते हैं, जिससे उसके निस्तारण में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। अब अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद ने कड़े निर्देश दिए कि अगर अब से जिस घर में दोनों को अलग-अलग नहीं किया गया तो उन घरों से कूड़ा नहीं उठाया जाएगा।

व्यापारियों ने कागज पेश किए, अब फैसला प्रशासन का

नगर निगम में व्यापारियों के अधिवक्ताओं ने भी की बहस, सड़क चौड़ीकरण के प्रभावित दुकानदार पहुंचे

संवाददाता, हल्द्वानी

नगर निगम सभागार में चौड़ीकरण प्रोजेक्ट को लेकर सुनवाई करते नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह।

अमृत विचार: नैनीताल और बरेली रोड के चौड़ीकरण में प्रभावित दुकानदार गुरुवार को नगर निगम पहुंचे। लगातार दूसरे दिन हुई सुनवाई में व्यापारियों के साथ उनके अधिवक्ताओं ने अपने पक्ष रखे। सुनवाई खत्म हो चुकी है और अब कागजों का परीक्षण करने के बाद प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा।

सड़क चौड़ीकरण के मामले में जब व्यापारी हाईकोर्ट पहुंचे तो उनका पक्ष देखने के आदेश हाईकोर्ट ने दिए। बुधवार को 48 व्यापारियों ने भू स्वामित्व के कागज दिखाए। नगर निगम के 25 किराएदार भी अतिक्रमण की जद में शामिल हैं। इन किराएदारों में से एक किराएदार के अधिवक्ता ने दलील रखी कि इस तरह से किसी दुकानदार को हटाया जाना कानून के खिलाफ है। उन्होंने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के फैसलों की नजीर रखीं और साथ ही संविधान का भी हवाला दिया। 30 निजी संपत्तियों के मालिकों में से केवल 9 लोग ही संपत्ति की रजिस्ट्री प्रस्तुत कर पाए हैं। बाकी के 21 लोग भू स्वामित्व के कागज नहीं दिखा पाए हैं। सुनवाई के दौरान काफी गहमागहमी का माहौल रहा। नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि जमीन का मालिकाना हक दिखाना होगा। इस वजह से काफी व्यापारी परेशान भी दिखे। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, लोनिवि अधिशासी अभिंतया अशोक कुमार थे।

आधे दिन बंद रखीं दुकानें : सुनवाई के चलते गुरुवार को भी आधे दिन व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। दोपहर दो बजे के बाद ही व्यापारियों अपनी दुकानें खालीं। हालांकि व्यापारियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट थीं।

कागजों के परीक्षण के चलते टल सकती है कार्रवाई

प्रशासन ने दुकानदारों को 25 जनवरी तक की मोहलत दी। इसके बाद प्रशासन को व्यापारियों के पक्ष की सुनवाई करनी पड़ गई। व्यापारियों ने अपनी दलीलें और कागज रख दिए हैं। अब प्रशासन को इन सबका अवकोलन करना है। इसके बाद प्रशासन अगला आदेश जारी करेगा। बताया जा रहा है कि कागजों के परीक्षण तक कार्रवाई टल गई है लेकिन आगे की कार्रवाई क्या होगी अब प्रशासन पर निर्भर करता है।

व्यापारियों की सुनवाई पूरी हो गई है। नगर निगम के किराएदार भी अपनी बात रखने आए थे। सभी ने अपनी ओर से पक्ष और कागज प्रस्तुत कर दिए हैं। अब इनका परीक्षण किया जाना है। उसके बाद आगे का आदेश जारी होगा।-**पंकज उपाध्याय**, नगर आयुक्त, हल्द्वानी

जो भी तथ्य रखें, उसका प्रमाण दें

सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय ने व्यापारियों और अधिवक्ताओं से कहा कि आपको अपने बचाव में जो भी तर्क रखने हैं वह प्रमाण पत्र के साथ रखें। उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों की जो दलील दी जा रहीं हैं उसके प्रमाण प्रस्तुत करें। जिससे परीक्षण सही तरह से हो सके।

जनसमस्याओं को लेकर धरने पर बैठे पार्षद

हल्द्वानी, अमृत विचार: सफाई, स्ट्रीट लाइट को ठीक करने की मांग को लेकर नगर निगम परिसर में निर्वतमान पार्षदों ने धरना दिया। पार्षद डेविड ने अपनी आंख पर काली पट्टी बांध कर धरना दिया तो पार्षद नीमा भट्ट ने भी धरना देकर अपनी मांगे सामने रखीं।

पार्षदों का कहना है कि उनके वार्डों में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं की है। नगर निगम सफाई व्यवस्था की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। जिससे वार्डों में गंदगी पसरी हुई है और साथ ही स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। लाइटों को ठीक करने के लिए कई बार नगर निगम से कहा गया है लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई है। दोनों ही पार्षदों ने नगर निगम की सीढ़ियों पर बैठकर धरना दिया।

जल संस्थान कार्यलय के बाहर प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। ● अमृत विचार

सार्वजनिक नल का काटा कनेक्शन, हुआ हंगामा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: तल्लीताल हरिनगर क्षेत्र में सार्वजनिक नल का कनेक्शन काटने के दौरान हंगामा हो गया। कनेक्शन कटने से नाराज लोगों ने जल संस्थान की टीम का घेराव कर नारेबाजी की। इसके बाद टीम को लौटना पड़ा। लोगों ने सार्वजनिक स्थल पर कनेक्शन को दोबारा जोड़ने की मांग की है।

गुरुवार को जल संस्थान की टीम हरिनगर क्षेत्र में सार्वजनिक नलों का कनेक्शन काटने पहुंची। एक नल का कनेक्शन काटते ही एकत्रित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। लोगों ने टीम का घेराव व नारेबाजी करते हुए कहा कि वर्षों से लोग सार्वजनिक नल से अपनी प्यास बुझाते हैं। कृष्णापुर को आने-जाने वाले राहगीरों के साथ ही तमाम आवाजाही करने वाले लोग उक्त सार्वजनिक नल पर ही निर्भर थे।

लोगों के विरोध को देखते हुए जल संस्थान की टीम एक ही कनेक्शन काटकर लौट आई। इसके बाद निवर्तमान सभासद रेखा आर्य के नेतृत्व में तमाम लोग जल संस्थान कार्यालय आ धमके। जहां लोगों ने जल संस्थान पर गरीब लोगों को पेयजल से वंचित करने के आरोप लगाए। वहीं मामले में जल संस्थान अधिशासी अभियंता नितिन चौहान ने बताया कि सार्वजनिक नल का लोग घरेलू प्रयोग कर रहे थे। इससे पानी का उपयोग बढ़ने के साथ ही विभाग को राजस्व की हानि हो रही थी। जिस कारण फिलहाल एक कनेक्शन हटाया गया है, शहर के अन्य क्षेत्रों में भी कार्रवाई की जानी है।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते केंद्रीय मंत्री भट्ट। ● अमृत विचार

काठगोदाम स्टेशन में हो रहे सौंदर्यीकरण का जायजा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गुरुवार को अमृत भारत योजना के तहत काठगोदाम रेलवे स्टेशन में हो रहे निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्माण में गुणवत्ता बनाने और तीव्र गति से काम करने के निर्देश दिए।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर हर वर्ष लाखों यात्री पहुंचते हैं। कुमाऊं का अंतिम रेलवे स्टेशन होने की वजह से यह वीवीआईपी स्टेशनों में शुमार है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि काठगोदाम को अमृत योजना में शामिल किया गया है ताकि रेलवे स्टेशन का सौंदर्यीकरण हो सके।

इसके तहत प्रवेश हाल के फर्श को प्लेटफार्म स्तर तक ऊंचा उठाने, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कार्यालय व लीनेन कक्ष की शिफ्टिंग, क्लॉक व पार्सल कक्षों को अलग-अलग करने, डोरमेट्री, महिला प्रतीक्षालय कक्ष एवं आगमन-प्रस्थान लाउंज में आंतरिक डिजायनिंग के साथ सुधार, विश्रामालयों में पूरी ऊंचाई की खिड़कियां लगाने के साथ दीवारों में माड्यूलर रेक्स

कार्रवाई

- **केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कार्यदायी संस्था को दिए गुणवत्ता रखने के निर्देश**

बनाने, यात्री प्रतीक्षालय के कक्षों को मिलाकर आकार बढ़ाने, ट्रेन लाइटिंग कार्यालय को स्थानांतरित करने, मिले स्थान को मिलाकर मॉर्डन बाथरूम बनाने, स्टेनलेस स्टील की मॉडयूलर बैंच लगाने, प्रवेश हॉल की दीवारों पर भित्ति चित्र लगाने आदि की योजना है।

रेलवे स्टेशन में एलईडी फिटिंग युक्त स्ट्रीट लाइट पोल्स, एलईडी साइनेज तथा स्टेशन नाम बोर्ड लगाया जायेगा। एलईडी फ्लड लाइट्स लगाई जाएंगी, ताकि यात्रियों को सुविधा हो सके। इस पर केंद्रीय मंत्री भट्ट ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि पर्यटक अच्छी छवि लेकर जाएं। रेलवे स्टेशन भी सुंदर और आकर्षक हो और पर्यटकों के लिए जरूरी इंतजाम भी दुरुस्त रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही सभी रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प होगा। पहले चरण में नैनीताल और ऊधम सिंह नगर के रेलवे स्टेशनों में तीव्र गति से काम चल रहा है।

व्यापार मंडल के चुनाव की तैयारी पूर्ण

हल्दूचौड़ : देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। देवभूमि व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने बताया कि 28 जनवरी को सुबह 9:00 से 3:00 बजे तक पंचायत घर में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। चुनाव संपन्न करने के लिए दो बूथ बनाए गए हैं तथा दो निर्वाचन अधिकारी एवं चार पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, उपसचिव, मीडिया प्रभारी के पदों पर चयन प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न हो चुकी है क्योंकि उक्त पदों पर सिर्फ एक-एक ही नामांकन भरा गया था। अध्यक्ष पद पर खीम सिंह बिष्ट, उप सचिव पद पर विनीत दुम्का, कोषाध्यक्ष पद पर हरमोहन बिष्ट तथा मीडिया प्रभारी के रूप में संतोष भट्ट का निर्वाचन लगभग तय है।

मूल निवास स्वाभिमान महारैली में जुटेंगे हजारों लोग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति ने 28 जनवरी को हल्द्वानी में प्रस्तावित महारैली को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। समिति का दावा है कि महारैली में प्रदेश भर से हजारों लोग हिस्सा लेंगे।

गुरुवार को कालाढूंगी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में हुई प्रेस वार्ता में समिति संयोजक मोहित डिमरी ने कहा कि देहरादून के बाद हल्द्वानी में 28 जनवरी को मूल निवास स्वाभिमान महारैली होगी। यह ऐतिहासिक रैली होगी। अब तक समिति को 200 से अधिक संगठनों का समर्थन प्राप्त हो चुका है। रैली की तैयारी पूरी हो चुकी हैं है। उन्होंने कहा कि रविवार को बुद्ध पार्क में प्रदेश भर से हजारों लोग जुटेंगे। यहां से पर्वतीय उत्थान मंच हीरानगर तक रैली निकलेगी। इसमें दिल्ली, चंडीगढ़, मुंबई, उप्र, राजस्थान से पर्वतीय मूल के लोगों के पहुंचने के आसार हैं। लोग अस्तित्व, अस्मिता, संसाधन, रोजगार, जमीन और भावी पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इसमें जुट रहे हैं।

आरोप लगाया कि जिस तरह से उत्तराखंड के मूल नागरिकों के संसाधनों पर बाहरी लोग कब्जा कर कर रहे हैं, उसके खिलाफ अब

मूल निवास स्वाभिमान महारैली को लेकर जानकारी देते मूल निवास भू कानून समन्वय संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

ने कहा है कि ई रिक्शा घोटाला राज्य के मूल नागरिकों पर हो रहे अत्याचार का ज्वलंत उदाहरण है। सहकारी बैंक ने स्थायी निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड देखे बिना ही बाहरी लोगों को ऋण बांट दिया। अगर जनता अभी भी एकजुट नही हुई तो आंदोलन से बने इस राज्य में मूल निवासियों का अस्तित्व पूर्ण रूप से समाप्त हो जाएगा।

इस अवसर पर पहाड़ी आर्मी के संस्थापक अध्यक्ष हरीश रावत, वंदे मातरम के अध्यक्ष शैलेन्द्र दानू, बेरोजगार संघ के कुमाऊं संयोजक भूपेंद्र कोरंगा, प्रांजल नौडियाल, सुशील उनियाल, सौरभ भट्ट, चारु तिवारी, दिनेश चंद्र भट्ट, विजया ध्यानी, देवी शर्मा, काजल खत्री, भावना मेहरा, सुरेश कपिल, मोहन कांडपाल, विशाल भोजक, राहुल पंत, कौशल पाठक, अक्षत पाठक, पीयूष जोशी आदि मौजद थे।

गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी पूरी

कार्यक्रम

- **डीएसए मैदान में आयोजित होगा भव्य समारोह**

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: गणतंत्र दिवस को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली है। मुख्य कार्यक्रम डीएसए मैदान में आयोजित किए जाएंगे। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत पुलिस परेड में मुख्य अतिथि होंगे।

शुक्रवार को शहर के सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जाएगा। जिसके बाद सुबह साढ़े दस बजे से डीएसए मैदान में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें पुलिस पदक मिलने वाले कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को पुलिसकर्मियों ने डीएसए मैदान में सजावट समेत अन्य तैयारियां की।

डीएसए मैदान में यह रहेगा कार्यक्रम

परेड एलाइमेंट – 10 :30	ध्वजारोहण– 11 .00
एसएसपी आगमन– 10 :45	परेड प्रारंभ– 11 :05
डीएम आगमन– 10 :50	मुख्य अतिथि संबोधन– 11 .30
डीआईजी आगमन– 10 :55	धन्यवाद ज्ञापन– 11 :50
मुख्य अतिथि आगमन व	समापन

मनोज को आज मिलेगा राष्ट्रपति सराहनीय सेवा पदक

हल्द्वानी : देहरादून कारागार के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व रानीबाग हल्द्वानी निवासी मनोज खोलिया को गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रपति का सराहनीय सेवा पदक मिलेगा। खोलिया की उच्च शिक्षा एमबीपीजी कालेज से हुई है। उन्हें पदक मिलने की घोषणा पर परिजनों में खुशी है। इधर, नैनीताल पुलिस में प्रधान लिपिक पद पर कार्यरत दारोगा गोविंद सिंह मेहता को राज्यपाल का उत्कृष्ट सेवा के लिए सराहनीय सेवा सम्मान चिह्न से सम्मानित किया जाएगा।

रात को पारा लुढ़का दिन में धूप से राहत

हल्द्वानी, अमृत विचार: मैदानी इलाकों में दिन के समय धूप निकलने से ठंड से राहत मिल रही है लेकिन रात के समय तापमान में भारी गिरावट हो रही है। दिन और रात के तापमान में भारी अंतर दर्ज किया जा रहा है।

हल्द्वानी में सुबह से ही धूप निकली रही। दिन के समय चटक धूप का लोगों ने आनंद लिया। शाम होने के साथ ही ठंड का असर फिर से बढ़ गया। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री था जो सामान्य से दो डिग्री कम है। हालांकि अधिकतम तापमान करीब 16.9 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है। शुक्रवार को दिन के समय कोहरा रहने का आसार जताए गए हैं।

पति के देहांत पर ससुराल गई पत्नी, घर में घुसे चोर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पति के देहांत पर पत्नी ससुराल गई थी। इधर चोरों ने दीवार फांद कर घर साफ कर दिया। चोर घर से हजारों की नगदी और सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। सीसीटीवी में चोर घर की दीवार फांदते दिखाई दे रहे हैं। मामले में कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

राजेंद्रनगर राजपुरा निवासी रेखा देवी ने बताया कि बीते वर्ष 10 दिसंबर को उनके पति अश्वनी का देहांत हो गया था। पति के अंतिम संस्कार में शामिल होने के वह पति के पैतृक निवासी खतौली मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश बच्चों के साथ गईं थी। 24 जनवरी को वह वापस हल्द्वानी लौटीं, लेकिन सीधे मायके चली गईं। अगले दिन जब वह घर पहुंची तो उनके होश फाख्ता हो गए। घर के मेन गेट पर लगा ताला टूटा पड़ा था और घर का सारा सामान अस्त-व्यस्त था। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी और जब सीसीटीवी खंगाले तो चोर दीवार फांद कर घर के अंदर दाखिल होते दिखाई दिए। रेखा ने बताया कि चोरों ने अलमारी में सोने-चांदी के जेवर के साथ करीब 40 हजार रुपये की नगदी पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है।

सख्ती सचिव पेयजल एवं परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी ने ली अधिकारियों की बैठक

विकास कार्यों में खराब गुणवत्ता पर विभागाध्यक्ष पर कार्रवाई

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार: सचिव पेयजल एवं परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी ने नैनीताल राज्य अतिथि गृह में जिला योजना, राज्य योजना, केंद्र पोषित, बाह्य सहायतित विकास योजनाओं की प्रगति और जिला योजना में आवंटित बजट को शत-प्रतिशत खर्च करने को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

इस दौरान सचिव ह्यांकी ने जनहित के कार्यों में बजट खर्च में हो रही लापरवाही पर विभागीय अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने लोनिवि और पेयजल निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों के खराब प्रदर्शन पर नाराजगी जताई व इनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश

नैनीताल में बैठक लेते पेयजल सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी। ● अमृत विचार

मुख्य विकास अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि शासन से सचिवों को जिला योजना की समीक्षा के लिए आना पड़ता है।

बैठक में ईई पेयजल निगम नैनीताल ने बताया कि जिला योजना अंतर्गत उनको 200 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध हुई है जिनमें से 80 लाख की धनराशि खर्च कर दी गई है और लाख 60 रुपए की धनराशि के बिल कार्यालय में लंबित हैं। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को तत्परता के साथ लंबित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उक्त बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. वीके यादव, अर्थ एवम संख्या अधिकारी मुकेश सिंह नेगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जगमोहन सोनी, आरटीओ संदीप सैनी आदि उपस्थित रहे।

बैठक से नदारद रहने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई के निर्देश : विकास कार्यों को लेकर नैनीताल में आयोजित अहम बैठक से लापता रहने वाले वन विभागाधिकारी, क्रीड़ा अधिकारी, उरेडा अधिकारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए।

ह्यांकी ने बाबा नीब करौरी धाम का किया निरीक्षण

नैनीताल : नैनीताल पहुंचे सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने बाबा नीब करौरी धाम का निरीक्षण कर क्षेत्र में होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की। इसके पश्चात कैंची धाम के निकट सिंचाई विभाग द्वारा निर्माणाधीन वाटर टैंक का स्थलीय निरीक्षण किया, जिसकी वाटर संग्रहण क्षमता 25000 लीटर है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने अपर सहायक अभियंता सिंचाई विभाग को वाटर टैंक की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इंस्टाग्राम से दोस्त बने युवक ने किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : पहले इंस्टाग्राम से दोस्ती गांठी और फिर प्यार का जाल बिछा कर युवक ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। उसका वीडियो बनाया और फिर दबाव बना कर बार-बार उससे दुष्कर्म करता रहा। किशोरी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में किशोरी ने कहा, वह भवाली की रहने वाली है और हल्द्वानी में रामपुर रोड निवासी एक युवक से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के जरिये हुई थी। युवक ने उसको झांसे में लेकर हल्द्वानी बुलाया और यहां एक कमरे में ले गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म

शर्मनाक

- **वीडियो भी बनाया, किशोरी पर दबाव बनाकर दुष्कर्म करता रहा**
- **शादी के लिए कहा तो दी जान की धमकी, मुकदमा दर्ज**

दुष्कर्म किया। नाबालिग को झांसे में लेकर दुष्कर्म का वीडियो बना लिया और किशोरी को शादी का वादा कर दिया। इसके बाद आरोपी वीडियो दिखाकर किशोरी पर दबाव बनाता रहा और उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। पीड़ित ने जब उससे शादी का दबाव बनाया तो उसे जान से मारने की धमकी देने लगा और उसका अश्लील वीडियो और फोटो सोशल मीडिया में वायरल करने का धमकी भी देने लगा।

निदेशालय में अकाउंटेंट नहीं होने से कार्य बाधित

हल्द्वानी : पशुपालन निदेशालय में अकाउंटेंट नहीं होने से विभागीय कार्य बाधित हो रहे हैं। अकाउंटेंट पद पर तैनान नंदन सिंह कार्की का बीते दिनों प्रमोशन के बाद जिला चिकित्सालय, चंपावत में तबादला हो गया, तब से ही यहां यह पद खाली है।

हल्द्वानी स्थित निदेशालय के अंतर्गत कुमाऊं के छह जिले आते हैं लेकिन अकाउंटेंट पद पर नई नियुक्ति नहीं होने से विभागीय कार्य प्रभावित हो रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द अकाउंटेंट पद नियुक्ति की जाएगी। इधर, निदेशालय के अपर निदेशक डॉ. एसबी पांडे के पास ऊधम सिंह नगर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी का अतरिक्त चार्ज है। इन दिनों उनकी ड्यूटी दुग्ध संघ चुनाव में भी लगाई गई है, जिससे भी विभाग के कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

अमर रहे गणतंत्र हमारा

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
तारा चन्द्र घिल्डियाल
प्रदेश महामंत्री, उत्तराखण्ड लेखपाल संघ

समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ अभिषेक अग्रवाल
सर्जन बृजेश अस्पताल रामनगर(नैनीताल)

समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
दीवान सिंह बिष्ट
विधायक रामनगर (नैनीताल)

समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
पूरन चंद्र नैनवाल
भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नैनीताल

ARMY PUBLIC SCHOOL, HEMPUR
WISHES
HAPPY REPUBLIC DAY 2024
Introducing
•NCC Senior Wing
•Horse Riding
•Swimming
DR. MALINI SHARMA
[Principal]
REGISTRATIONS OPEN 2024-25
ADMISSION TEST ON:
27 JANUARY 2024 • 10, 24 FEBRUARY 2024 • 15, 16 MARCH 2024

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
गणेश रावत
पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष

समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
मदन जोशी
नगर मंडल अध्यक्ष, भाजपा

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
बधाई व
शुभकामनाएं
नवजोत सिंह ग्रेवाल
अध्यक्ष, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) रामनगर (नैनीताल)

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
बधाई व
शुभकामनाएं
अमिता लोहनी
पूर्व उपाध्यक्ष राज्य महिला आयोग कैम्प कार्यालय रामनगर

अयोध्या श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा
के शुभ अवसर पर
समस्त क्षेत्रवासियो
को
हार्दिक
शुभकामनाएं
SHANKAR DENTAL CLINIC
The Third Dentition
Aasthan Plaza, Near M.P. School Ground, Ramnagar
Distt Nainital - 244715, Uttarakhand (Bharat)
Mob.: 9759320007, 7817879007
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं

समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
भुवन सिंह डंगवाल
(पूर्व सैनिक)
सचिव पूर्व सैनिक संगठन रामनगर
निर्वतमान सभासद नगर पालिका रामनगर

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं
प्रतीक जायसवाल
रामनगर (नैनीताल)

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
अजय छिम्वाल
अध्यक्ष श्री आदर्श रामलीला
एवं सांस्कृतिक समिति ढिकुली

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
शिशुपाल सिंह रावत
निदेशक - ग्रीन फील्ड एकेडमी
पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष - आम आदमी पार्टी, उत्तराखण्ड

समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
रेखा रावत
शुभकामनाएं
इंदर रावत
ब्लॉक प्रमुख रामनगर
सांसद प्रतिनिधि रामनगर

इस्कॉन परिवार की तरफ से
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मनोज तिवारी
जिला अध्यक्ष
प्राथमिक शिक्षक संघ

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विन्दर पाल
वन क्षेत्राधिकारी सर्पदुली रेंज
कॉर्बेट टाईगर रिर्जव रामनगर

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
अजय ध्यानी
वन क्षेत्राधिकारी ढ़ेला रेंज
कॉर्बेट टाईगर रिर्जव रामनगर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
शेखर तिवारी
वन क्षेत्राधिकारी कोसी रेंज रामनगर वन प्रभाग

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय नेगी
पूर्व ब्लॉक प्रमुख, रामनगर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
बिशन दत्त शर्मा
जय महादेव डेयरी नई लाईन रामनगर
नमामि स्वीट्स बजाजा लाईन रामनगर

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
किशोरी लाल
जिला पंचायज सदस्य
रामनगर, नैनीताल

आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की
शुभकामनाएं
सुदीप रावत
प्रबंधक यू० एस० आर०
हन्दु इण्टर कॉलेज बसई (रामनगर)

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरीक सिंह मिक्का
बदेशा स्टोन क्रेशर, पीरूमदारा (रामनगर)

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
देवेन्द्र चिलवाल
सामाजिक कार्यकर्ता
भवानीगंज, रामनगर (नैनीताल)

समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
नरेन्द्र पाठक
अध्यक्ष, हिल बुड एकेडमी गेबुआ,
रामनगर (नैनीताल)

Happy Republic Day
SHINING STARS SCHOOL
KIDS DAYCARE PLAY-GROUP NURSERY LKG UKG
PRIMARY SCHOOL (LOHEGAON PUNE)
EDUCATION TECHNOLOGY SPORTS YOGA

सुधि पाठकों,
विज्ञापन दाताओं को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
सिद्धार्थ पपनै
ब्यूरो प्रमुख, रामनगर (नैनीताल)

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व
शुभकामनाएं
श्रीमती मीना पांथरी
प्रधानाचार्य मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल रामनगर (नैनीताल)

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
विरेन्द्र रावत
शाखा प्रबंधक श्रीराम लाईफ इन्शयोरेंस कं० लि०
रामनगर शाखा में यूनिट मैनेजर के पद हेतु आज ही संपर्क करें।
Mob.: 8755903995 / शैक्षणिक योग्यता. स्नातक

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
डॉ आर० के० खुराना
खुराना क्लिनिक, नई लाईन रामनगर (नैनीताल)

ग्रेट मिशन स्कूल
हिम्मतपुर ब्लॉक रामनगर
आप सभी को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
बधाई व
शुभकामनाएं
डॉ नलिनी सिंह
प्रधानाचार्य
डॉ प्रसून श्रीवास्तव
निदेशक

राम पहुँच गये अयोध्या
BUSH
=68 YEARS OF TRUST=
Model: RUDRRA
100 Ltr.
7kg,7.5kg & 8.7kg
GV
Electronics Distributors
"हमसे सस्ता कोई नही"
Railway Bazar, Opp. Karan Hotel, HALDWANI Ph.: 96 370 77682
LG SAMSUNG SONY Panasonic BUSH
Whirlpool HITACHI VOLTAS DAIKIN Haier

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
विमल सेठी
हल्द्वानी, नैनीताल

समस्त
क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कु० अलीना
ब्लॉक रोड रामनगर
(नैनीताल)

गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
न्यू रामनगर स्टोन क्रेशर
शिवलालपुर रामनगर (नैनीताल)

Happy Republic Day

कृष्णा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर की स्थापना के पूर्ण होने के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों का हार्दिक आभार

36 वर्ष

श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा की बधाई

कृष्णा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

NABH Accredited Hospital

Website : www.krishnahospitalhaldwani.com, E-mail : khrchaldwani@gmail.com

Dr. J.S.Khurana — Chief Medical Director
Dr. R.K. Khurana — Director
Dr. Pavleen Khurana — Chief Operating Officer
Dr. Harbhajan Singh — Medical Superintendent

हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विभाग

डॉ. जे.एस. खुराना
M.B.B.S., D.Ortho's, A.O., Fellow in Spine (Bern University) Fellow observer in Trauma (Alabama, US) Fellow observer in Spinal, Trauma Surgery (Adelaide Australia)

डॉ. अमृत राजे
M.B.B.S., M.S., Orthopaedics (AIIMS, New Delhi) Fellowship in Arthroplasty & Arthroscopy, Vienna Austria

- ऑर्थोस्कोपिक सर्जरी • ट्रॉमैटिक चोटें • गठिया रोग, कंधे, घुटने एवं कूल्हें का इलाज • स्पोर्ट्स इंजरी, रीढ़ की हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- जन्मजात हाथ व पैरों का टेढ़ापन • फ्रैक्चर का उपचार • घुटने एवं कूल्हे का प्रत्यारोपण

On Appointment Basis Only

Monday to Friday - 5 PM - 7 PM | Monday to Saturday - 10 AM - 2 PM

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग

डॉ. आर.के. खुराना
M.B.B.S., D.G.O.

Monday to Friday - 10.30 AM - 2 PM

डॉ. रितु त्रिपाठी
M.B.B.S., M.S. (Gynae)

Monday to Saturday - 10 AM - 2 PM & 7 PM - 8 PM

डॉ. अंकिता पारगी
M.B.B.S., M.D., OBS & Gynae

- सभी प्रकार के स्त्री रोग • प्रेग्नेंसी के दौरान रुटीन चेकअप • D & C • नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी • MTP • जटिल प्रसव • बच्चा बंद करने का ऑपरेशन
- गर्भाशय की दूरबीन द्वारा जाँच (Hystroscopy) • गर्भाशय के कैंसर का Screening Test (Paps Smear/Colposcopy/ Cervical Biopsy) • गर्भ की थैली एवं अण्डेदानी के समस्त ऑपरेशन • लैप्रोस्कोपिक सर्जरी (Laproscopic Surgery)

Monday to Friday 10 AM - 2 PM & Sunday 10.30 AM - 02 PM

जनरल मेडिसिन विभाग

डॉ. डी.सी. पन्त
M.B.B.S., M.D. (Medicine)

- मधुमेह, डायरिया, टीबी • उच्च व निम्न रक्तचाप • छाती में संक्रमण एवं बीमारी • अस्थमा • बुढ़ापे में होने वाले रोग • अल्सर

Monday to Saturday - 9 AM - 10 AM & 2 PM - 3 PM

लैप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जरी विभाग

डॉ. के.पी. कुनियाल
M.B.B.S., M.S., FIAGES (LAP. & Gen. Surgery)

- हर्निया, स्तन, पेट से सम्बन्धित सर्जरी • गुर्दे व पेशाब की थैली व नली की पथरी • अपेन्डिक्स • हिपेटो, पेनक्रियेटो, पित्त की थैली की सर्जरी • प्रोस्थेटिक सर्जरी • बच्चेदानी की रसौली
- सभी आपातकालीन एवं नियोजित जनरल व लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा

Monday to Saturday - 12 PM - 6 PM

गुर्दा रोग एवं डायलिसिस विभाग

डॉ. रोहित गोयल
M.B.B.S., M.D., D.M. (Nephrology)

- एक्यूट और क्रोओनिक किडनी विफलता के रोगियों का मूल्यांकन एवं देखभाल • 24 घण्टे डायलिसिस सुविधा
- CAPD • गुर्दे की बायोप्सी • होमोडाइलिसिस के लिए परमकैथ का निवेशन • A-V फिस्ट्यूला का निवेशन
- CAPD कैथेटर निवेशन

Monday to Saturday - 11 AM - 3 PM

इन्टरवेंशनल कॉर्डियोलॉजी विभाग

डॉ. रमनदीप सिंह आहूजा
M.B.B.S., M.D. Internal Medicine (KGMC)
D.M. Cardiology (AIIMS, Gold Medalist)
Former Astt. Professor, GBPH

- कोरोनरी, पेरीफेरल एवं कैरोटिड एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी (छल्ला प्रत्यारोपण) • पेसमेकर CRT, ICD
- टीएमटी, इको, होल्टर • कॉइल एम्बोलाइजेशन
- जन्मजात हृदय रोग के कैथ अध्ययन
- उच्च रक्तचाप का उपचार • हाई कोलेस्ट्रॉल का उपचार

Monday to Saturday - 11 AM - 3 PM

न्यूरोलॉजी विभाग

डॉ. मनमीत कौर
M.B.B.S., M.D., D.M. (Neurology)

- मिर्गी • सिरदर्द (माइग्रेन) • हाथ पैरों में कम्पन आना • (पर्किन्सन की बीमारी • ब्रेन टीबी, दिमागी बुखार • याद्दाशत कमजोर होना • बेहोशी होना, सिर चकराना • नींद न आना मानसिक संतुलन बिगड़ना, गर्दन या कमर दर्द का उपचार

Monday to Saturday - 10 AM - 2 PM & 5:00 PM - 6:00 PM (On Appointment Basis Only)

न्यूरो सर्जरी विभाग

डॉ. राहुल सिंह
M.B.B.S., M.S., M.Ch., Neuro Surgery

- सिर व स्पाइन की चोट • ब्रेन एवं स्पाइन ट्यूमर • स्लिप डिस्क • ब्रेन हेमरेज • दुर्घटना के कारण गंभीर चोंटें • मस्तिष्क की सूजन एवं मेनिनजाईटिस

Monday to Saturday - 9:30 AM - 5:00 PM

नेत्र रोग विभाग

डॉ. सिद्धार्थ पाण्डे
M.B.B.S., M.S. (Opth.)

डॉ. श्वेता पाण्डे
M.B.B.S., M.S. (Opth.)

- मोतियाबिन्द का माइक्रो फेको द्वारा ऑपरेशन • नवीनतम विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण • अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर की सुविधा
- काले पानी का ईलाज • रेटिना की जाँच

Monday to Saturday - 10 AM - 1 PM

कॉस्मेटोलॉजी विभाग

डॉ. पवलीन खुराना
M.B.B.S., F.A.L.M.

SKIN CARE
- Pigmentation • Lasers • Vampire Facial • Microneedling • Anti-aging • Facials • Botox • Fillers • Scars • I.V. Glutathione

HAIR CARE
- PRP • Mesotherapy • Hair Transplant

WELLNESS
- Yoga • Shirodhara • Naturopathy • Detox • Diet

क्रिटिकल केयर एवं एनेस्थीसिया विभाग

डॉ. उमा पुरोहित
M.B.B.S., M.D.
Anesthesia

डॉ. संतोष दास
M.B.B.S., M.D.
Anesthesia & Critical Care Specialist

डॉ. विक्रमजीत दास
M.B.B.S., M.D.
Anesthesia & Critical Care Specialist

डॉ. संचिता शर्मा
M.B.B.S., D.A.
Anesthesia

पीडियाट्रिक एवं नियोनेटल विभाग

डॉ. अमित सुयाल
M.B.B.S., M.D. (Ped.)

डॉ. आई.पी. अरोरा
M.B.B.S., M.D. (Ped.) D.C.H.

डॉ. अनिल कुमार अग्रवाल
M.B.B.S., M.D. (Ped.)

- नवजात शिशु से सम्बन्धित रोग • बच्चों में हर प्रकार की बीमारी का इलाज जैसे टाईफाइड, निमोनिया, उल्टी, दस्त, वायरल, इन्फेक्शन इत्यादि • फोटोथैरेपी द्वारा नवजात शिशुओं में पीलिया का उपचार
- बच्चों के समस्त प्रकार के टीकाकरण

Monday to Saturday - 11 AM - 2 PM | Monday to Saturday - 6 PM - 8 PM

On Call

पैथोलॉजी विभाग

डॉ. संजय पंत
M.B.B.S., M.D., Pathology
Fully Automatic & Fully Computerised Pathology

बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग

डॉ. कमलेश कुमार
M.B.B.S., M.S., M.Ch., Plastic Surgery

- जलना एवं जलने के कारण त्वचा का सिकुड़ना त्वचा की ग्राफटिंग • चेहरे और शरीर के सफेद दाग
- कटे-फटे व जले अंगों का इलाज • चेहरे की विकृति
- कटे-फटे होंठ एवं तालू का इलाज
- चेहरे पर आई गम्भीर चोटों का इलाज • बिटीलीगो
- स्तनों को बढ़ाना एवं घटाना • शरीर से चर्बी कम करना
- नाक की टेढ़ी हड्डी सीधी करना • कटे अंगों को जोड़ना

Monday to Saturday - 10 AM - 2 PM

रेडियोलॉजी विभाग

डॉ. भारत भूषण गर्ग
M.B.B.S., M.D., Radiodiagnosis

- 1.5 (T) 16 चैनल एमआरआई
- MR एंजियो, वीनो, ट्रेक्टोग्राफी (दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी की)
- Head to Toe MRI • 96 स्लाईस सीटी स्कैन
- CT Angigraphy, CT Venography
- Digital X-Ray • 4D अल्ट्रासाउण्ड

24x7

नाक, कान व गला विभाग

डॉ. पूजा सुयाल
M.B.B.S., M.S. (ENT)
Endoscopic Pituitary Surgery and CSF Rhinorrhea Surgery, Thyroid Surgery

- नासूर के लिए सर्जरी • कान के पर्दे के छेद और कान की हड्डी की सर्जरी
- बहरापन • थायराइड की सर्जरी • आवाज का बैठना • नाक से खून निकलना • टांसिल, नाक की हड्डी, साइनस, कान के पर्दे के छेद का ऑपरेशन

Monday to Saturday - 11 AM - 2 PM & 5:30 PM - 6:30 PM (On Appointment Basis Only)

दन्त रोग विभाग

डॉ. जीनत अंसारी
B.D.S.

डॉ. श्रुति भट्ट
B.D.S.

- पायरिया • रुट कैनाल • मसूड़ों में सूजन • नकली दाँत • दाँतों में सड़न • दाँतों में फिलिंग

Monday to Saturday - 10 AM - 2 PM

फिजियोथैरेपी विभाग

डॉ. मनोज बचखेती DPT (Physiotherapy) | **डॉ. शालिनी पन्त** BPT, MPT (Physiotherapy) | **डॉ. सपना चौबे** BPT, MPT (Physiotherapy) | **डॉ. हिना बाफिला** BPT (Physiotherapy) | **डॉ. राहुल दत्त शर्मा** BPT (Physiotherapy) | **डॉ. चिन्मय साह** BPT, MPT (Physiotherapy) | **जया पन्त** Yoga Acupressure

• रेसपाइरेट्री फिजियोथैरेपी • न्यूरो, ऑर्थो एवं स्पाईन की फिजियोथैरेपी • रिहैबिलिटेशन

Monday to Saturday - 8 AM - 8 PM

Department of Emergency
05946-228622, 9927024103

सुविधाऐं : कैथलैब, NICU, CCU, ICU, ICCU व कार्डियक एम्बुलेंस की सुविधाऐं उपलब्ध
ई.सी.एच.एस., एवं सभी कैशलैस टी.पी.ए. से अनुबन्धित अस्पताल

3-136, गुरुनानकपुरा, हल्द्वानी जिला नैनीताल।
फोन : 05946-222426, 282624, 221634, 228711

पशु अस्पताल खुद है 'बीमार'

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : चोरगलिया स्थित सरकारी पशु अस्पताल की दशा सुधारने के लिए लोगों ने कई बार विभाग से गुहार लगा दी लेकिन इसके बावजूद अस्पताल अब भी 'बीमार' है।

नवीन चंद्र जांगी बताते हैं कि चोरगलिया के पशु अस्पताल की दुर्दशा सुधारने के लिए उन्होंने कई बार शिकायत की लेकिन अब तक अस्पताल की हालत नहीं सुधर पाई है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले विधायक मोहन सिंह बिष्ट से अस्पताल के संबंध में बात की तो उन्होंने पशुपालन विभाग को पत्र लिखा, जिसके बाद विभाग की ओर से एक अधिकारी को पड़ताल के लिए भेजा गया। उनका आरोप है कि संबंधित अधिकारी ने अस्पताल की दशा सुधारने की बजाए कुछ स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर उनके खिलाफ ही षडयंत्र करना शुरू कर दिया।

कोरियोग्राफर ने बच्ची को दिया हूबहू रामलला का रूप

रामनगर। रामनगर में अयोध्या के रामलला की मूर्ति की तरह ही प्रसिद्ध कोरियोग्राफर ने भगवान राम की मूर्ति के दर्शन करवाए। कोरियोग्राफर द्वारा रामलला के साथ ही बांके बिहारी की मूर्ति के भी दर्शन करवाए गए। इस दौरान दर्शनार्थी भावुक हो गए। रामनगर में रामलला सेवकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इंडिया गॉट टैलेंट, डांस इंडिया डांस जैसे टीवी रियलिटी शो कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति दे चुके मुरादाबाद के राहुल ने एक नन्हे बच्चे को रामलला की मूर्ति की तरह सज्जित किया। रामलला के रूप में बच्चे को देखकर वहां मौजूद लोगों की भावनाएं भक्तिमय हो गईं।

राइंका में छात्रों ने दिखाए चमत्कारी मॉडल

रामनगर। राजकीय इंटर कॉलेज रामनगर में राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षक ललित किशोर मेलकानी के निर्देशन में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्र अयान अंसारी, साहिल, सुहेल, मो. अफ्फान, प्रांजल, शहाबुद्दीन, आकाश द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट एवं मॉडल का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य बलवंत सिंह मनराल ने किया। कार्यक्रम का संचालन व्यावसायिक शिक्षा के प्रशिक्षक ललित किशोर मेलकानी ने किया। कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद देवरानी, अजय कुमार धस्माना, रेखा रानी, तिलक चंद जोशी आदि उपस्थित रहे।

7 दिवसीय ट्रेनिंग हुई शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार : मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 35 लाभार्थियों की 7 दिवसीय ट्रेनिंग जिला उद्योग विभाग में शुरू हो गई। लाभार्थियों को कंपनी का रजिस्ट्रेशन, जीएसटी, विपणन, मार्केटिंग आदि की जानकारी दी रही है। इस अवसर पर महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग, औद्योगिक परिवेक्षक एनपी टम्टा, योगेश चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।

कोहरे से ट्रेनें पहुंच रही देरी से

हल्द्वानी, अमृत विचार : बढ़ते कोहरे से ट्रेनें अपने निर्धारित समय से नहीं चल रही हैं। काठगोदाम व हावड़ा के बीच चलने वाली बाघ एक्सप्रेस गुरुवार को कोहरे के कारण अपने निर्धारित समय से 4 घंटा देरी से काठगोदाम पहुंची। नई दिल्ली से आने वाली शताब्दी एक्सप्रेस एक घंटा व देहरादून से आने वाली दून एक्सप्रेस करीब 3 घंटा देरी से पहुंची।

CALL@ 6395234402 | 7055599981 | 9917781507
ADMISSION OPEN
NURSERY to VIII ++
VEDANTAM INTERNATIONAL SCHOOL HALDWANI
तेजस्वि नावधीतमस्तु
26 January RepublicDay
CELEBRATING THE JOY OF LEARNING...
STATE OF ART INFRA-STRUCTURE
EXPERIENCED TEACHERS
DIGITAL CLASS-ROOM
VEDANTAM INTERNATIONAL SCHOOL
Jawahar Jyoti, Damuwadhunga Panchakki, Haldwani
Email: vedantam.i.s@gmail.com Website: www.vedantamschool.com

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वात्सल्य
मदर एण्ड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल
(An Advanced Newborn Care Centre)
DR. PRAMOD PRAJAPATI (M.D.)
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक-सफदरगंज हॉस्पिटल नई दिल्ली एवं सुशीला तिवारी हॉस्पिटल, हल्द्वानी
DR. NIDHI ARYA PRAJAPATI
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व चिकित्सक :- महिला चिकित्सालय हल्द्वानी KGMU लखनऊ, ESI हॉस्पिटल नई दिल्ली
हल्द्वानी का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त
जच्चा बच्चा केन्द्र
उपलब्ध सुविधायें
- नवजात शिशु एवं बाल रोग ओ.पी.डी.
- आधुनिक NICU/PICU
- फोटोथैरेपी / CPAP / वेंटिलेटर
- Exchange Transfusion / Therapeutic Hypothermia
- समय से पहले पैदा हुए व कमजोर नवजात के लिए विशेष सुविधा।
- समस्त प्रकार का टीकाकरण।
- अस्थमा एवं एलर्जी का इलाज।
- बच्चों में व्यवहार सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
- बच्चों में वजन व लम्बाई सम्बन्धित समस्याओं का इलाज।
- स्त्री एवं प्रसूति रोग ओ.पी.डी.
- दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी।
- सिजेरियन डिलीवरी
- High Risk Pregnancy (High BP, High Sugar, IUGR) खून की कमी, Prematurity
- बच्चेदानी (Uterus) एवं अंडेदानी (Ovary) की सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
- किशोरी व युवती की माहवारी एवं अन्य बीमारियों का इलाज।
- अनियमित माहवारी का इलाज।
- बांझपन (Intertility) का इलाज।
- Indicated M.T.P.
- PAP Smear की सुविधा।
24x7 Emergency एवं एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध है।
पता : निकट KVM स्कूल, हीरानगर, मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल)
M : 9450065233, 9450301701

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
MOON SERVICE POINT
Total Reliability in Service
Specialist in : Refrigerator, Washing Machine, Air Conditioners, Repair Genuine Spare
Zubair Khan
Opp. Bank of Nainital Road, Haldwani
Contact : 9837036176, 9837314505
Najeeb Khan

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
SHAMBHAVI HOSPITAL & RESEARCH CENTER
ALL SURGICAL DEPARTMENTS
- Women & Child Care
- Laproscopic Surgery
- General Surgery
- Urological Surgery
- Ambulance Service
- Child Care and Vaccination
- Advanced ICU and NICU
- Ultra Sound=
- X-Ray
24X7 ASSURANCE MEDITEST LAB
Near Bank of Baroda, Bal Bharti School, Kaladhungi Road, Haldwani
Ph. 05946-282551, M. 9917166222

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
कुमार होम्यो चैम्बर
प्रो. पुष्कर शर्मा
समस्त जर्मन एवं इंडियन होम्योपैथिक दवाईयों के विक्रेता
सीतापुर आई हॉस्पिटल के सामने, नैनीताल रोड, हल्द्वानी
फोन : 9456124844, 6398010846

अयोध्या के श्रीराम मंदिर में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएं
आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मिन्टू गुप्ता
जनरल स्टोर
सदर बाजार हल्द्वानी, मो. 9319610841
कृपया एक बार सेवा का अवसर अवश्य प्रदान करें।

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अपने परिवार के लिए सुरक्षित उपचार का चयन करें, होम्योपैथी चुनें।
रामनगर में 30 सालों के बाद अब हल्द्वानी में भी
Dr. Rawat's
डॉ0 रावत होम्योपैथिक हेल्थ सेंटर
डॉ. डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस.
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 7017844688
डॉ. एस.डी.एस. रावत
बी.एच.एम.एस., डी.एन.एच.ई.
होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 9461085876
पता
होली चौक, L.I.C. रोड रामनगर, उत्तराखण्ड
प्रथम तल (द्वितीय मंजिल) उत्तरांचल ट्रेड सेंटर तिकोनिया, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
निकट हनुमान मंदिर, कमलुवागांजा रोड, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Uttaranchal Glass House
Rahul Gupta
- UPVC Windows
- UPVC Doors
- PVC Panels
- Glass Hardware
- Toufned Glass
- Power Tools
- Alco Panel & HPL Sheets
- Grid Ceiling
9719158889
uttaranchalglasshouse@gmail.com
Tikonia Road, Near Shama Restaurant, Haldwani, Nainital

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राम हॉस्पिटल
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
A UNIT OF 'A THREE HEALTH CARE'
डॉ. दीपक अग्रवाल
M.B.B.S, M.S. (General & Laparoscopic Surgery), BHU
M.C.H. (Pediatric & Neonates Surgery)
कुमाऊँ के एकमात्र बच्चों के सर्जन
डॉ. रवि अदलखा
M.B.B.S., M.D.
Fellowship Pediatric Intensive Care
गहन रोग चिकित्सक
डॉ. अमरपाल सिंह आनन्द
MD, Fellow Gastroenterology, Senior Gastroentrologist
Interventional Endoscopist and Physician
व्यस्क गहन रोग चिकित्सक
भीड़ से बचने के लिए पूर्व अपाइंटमेंट लें : 8755904991
पैथोलॉजी विभाग
ओपीडी समय : प्रात: 11:00 से 03:00 बजे तक एवं सायं 6:30 से 7:30 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. वन्दना गुप्ता
M.D. (Pathology)
नाक, कान व गला रोग विभाग
Note : ENT Surgeon availabe in Evening OPD 5 to 7 PM
FACILITIES
CASHLESS TPA FACILITY
STAR HEALTH, ADITYA BIRLA, MAX/NIVA BUPA, BAJAJ ALLIANZ, SBI GIC, SAFEWAY, IFFCO TOKIO, CARE HEALTH, HERITAGE HEALTH, GENISIS INDIA, FHPL, UNITED HEALTH, EAST WEST ASSIST, MANIPAL CIGNA, UNIVERSAL SOMPO, TATA AIG, HEALTH INDIA
Endoscopy, E.R.C.P., E.C.G., Digital X-Ray, Modern Operation Theatre, Pathology Lab, AGB, I.C.U., NICU, General & Private Wards
सिविल लाइन्स, तिकोनिया, नैनीताल रोड, हल्द्वानी।
फोन : 08755904991, 05946-224422, 282751

KAILASH NEURO CENTER
कैलाश न्यूरो सेंटर
डॉ. लक्ष्मीकान्त जोशी
एमबीबीएस, एमडी, डीएम (न्यूरोलॉजी)
जी.बी. पन्त हॉस्पिटल (दिल्ली)
सीनियर न्यूरो फिजिशियन
स्ट्रोक, सिरदर्द एवं मिर्गी रोग विशेषज्ञ
न्यूरोलॉजी में 12 साल का अनुभव
डिमेंशिया
पार्किंसन बीमारी
स्ट्रोक
मिर्गी के दौरे
सिरदर्द
गर्दन दर्द एवं कमर दर्द
Happy Republicday Day
IDFC बैंक के सामने, कालाढूंगी रोड, पीलीकोठी, हल्द्वानी
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 7409873078, 6395587708
समय : प्रात: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक एवं सायं 05 से 07 बजे तक
सोमवार से शनिवार (रविवार अवकाश)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
खजान गुड्डू
पूर्व दर्जा राज्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सलमान सिद्दीकी
युवा कांग्रेसी नेता
हमदर्द दवाखाना
लाईन नं. 1, हल्द्वानी मो. 9012226490

मेहताब, त्रिवेणी, राजेंद्र, रूचि, कल्पना व सागर ने क्रास कंट्री रेस में मारी बाजी

हल्द्वानी, अमृत विचार: गणतंत्र दिवस के मौके पर गुरुवार को गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में 6 वर्गों में क्रास कंट्री रेस का आयोजन किया गया। इसमें अंडर-14 जूनियर बालक-बालिका एवं अंडर-16 महिला-पुरुष ओपन वर्ग क्रास कंट्री रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अंडर-14 की रेस स्पोर्ट्स स्टेडियम के मैदान में पूरी हुई जबकि अंडर-16 की रेस कालूचौड़ चौराहे से शुरू होकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में समाप्त हुई। इसमें अंडर-14 बालक वर्ग में मेहताब और अंडर-14 बालिका वर्ग में त्रिवेणी ने बाजी मारी। अंडर-16 बालक वर्ग में राजेंद्र रैकुनी एवं अंडर-16 बालिका वर्ग में रूचि अधिकारी अव्वल रही। महिला ओपन में कल्पना और पुरूष ओपन में सागर ने बाजी मारी। सभी 6 वर्गों में प्रथम स्थान पर आने वाले विजेताओं को ट्रैक सूट व टी-शर्ट वितरित कर पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर रिटायर्ड उप खेल निदेशक सुरेश चंद्र पांडेय मौजूद रहे। इस मौके पर प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, वरुण बेलवाल, श्याम भट्ट, सुरेश आर्य, भगवान सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे।

कॉर्बेट के दो रायल बंगाल टाइगर बढ़ाएंगे देहरादून ज़ू की शोभा

रामनगर, अमृत विचार : विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के अलग-अलग क्षेत्रों से मानव वन्य जीव की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बाघ जल्द देहरादून ज़ू की शोभा बढ़ाएंगे। जल्द ही इन बाघों को ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर भेजा जाएगा। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से जल्द ही दो बाघों को देहरादून स्थित ज़ू में भेजने की कार्रवाई की जा रही है, जिनका कॉर्बेट पार्क में स्थित रेस्क्यू में स्वास्थ्य परीक्षण की कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि कॉर्बेट टाइगर रिज़र्व में व इसके आसपास से लगते क्षेत्रों में लगातार मानव वन्य जीव की घटनाएं प्रकाश में आती रहती हैं। उनको देखते हुए कॉर्बेट प्रशासन को कई बार मानवों को निवाला बनाने वाले इन बाघों का रेस्क्यू भी करना पड़ता है। बीते वर्ष कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग क्षेत्र में मानव वन्य जीव की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बाघों को पार्क प्रशासन द्वारा देहरादून ज़ू में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर इन्हें देहरादून ज़ू भेजा जाएगा। कॉर्बेट पार्क के उपनिदेशक दिगंथ नायक ने बताया कि दो टाइगरों को कॉर्बेट पार्क के ढेला रेस्क्यू सेंटर से देहरादून ज़ू भेजा जा रहा है, जिसका स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर रिपोर्ट भी आ गई है, उन्होंने कहा कि अब नियम अनुसार भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

छात्र-छात्राओं ने निकाली जनजागरण रैली

हल्द्वानी, अमृत विचार: अटल उत्कृष्ट रा. दे. वि. राजकीय इंटर कॉलेज सुंदरखाल में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर चलाया गया। शिविर स्थल पर छात्र-छात्राओं ने श्रमदान किया। छात्र-छात्राओं और स्वयं सेवियों ने गुरुवार को जनता की जागरूकता के लिये जन जागरण रैली निकाली। बौद्धिक स्तर पर संरक्षक गंगा सिंह और अध्यक्ष कैलाश सिंह ने मतदाता जागरूकता पर गोष्ठी आयोजित की। इसके साथ ही खेलकूद का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर प्रभारी डा. राजेश कुमार पांडे, भूपेंद्र चौधरी, मंजू कांडपाल आदि उपस्थित रहे।

छात्राओं ने श्रमदान कर रैली निकाली

भीमताल : राजकीय इंटर कॉलेज सुंदर खाल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन हुआ। शिविर स्थल पर छात्राओं ने श्रमदान कर जन जागरण रैली निकाली। शिक्षक अभिभावक संघ के संरक्षक गंगा सिंह और उपाध्यक्ष कैलाश सिंह बिष्ट ने मतदाता जागरूकता पर गोष्ठी आयोजित की। इस दौरान प्रभारी डॉ. राजेश कुमार पांडे, भूपेंद्र चौधरी, मंजू कांडपाल आदि रहे।

HAPPY Republic Day JANUARY 26

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अरविन्द कुमार
एडवोकेट
सामाजिक कार्यकर्ता
गुलजारपुर बंकी कालाढूंगी
Ph. 9927907707, 8958855559

समस्त क्षेत्र व नगरवासियो को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीपक सैनी
आनन्द फिलिंग स्टेशन
सुल्तानपुर पट्टी

सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
RADICO KHAITAN LTD.
BAZPUR
ISO 22000:2005
Mr. K.P. Singh
(Director Operations)
Mr. Amar Singh
Executive Vice President
Radico Khaitan Limited ISO 22000:2005
Mr. R.B. BIRADAR
(Assistant Vice President)
Works : Plot No. A-1/A-2/B-3, Bazpur Indl. Area Phase-1, Po. Sultanpur Patti, Bazpur Distt. U.S. Nagar, Uttarakhand

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मयंक गुप्ता
अध्यक्ष, संघर्ष वेलफेयर सोसायटी, कालाढूंगी
सामाजिक कार्यकर्ता

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दीपक पाठक
उपखण्ड अधिकारी एवं
प्रान्तीय उपाध्यक्ष
उत्तराखंड पावर जूनियर इंजीनियर्स एसोसिएशन

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
उमेश चंद्र उप्रेती
एसडीओ
सिंचाई विभाग कालाढूंगी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आनंद कुमार
वन क्षेत्र अधिकारी
गदगदिया व
हल्द्वानी रेंज
तराई केंद्रीय वन विभाग रुद्रपुर

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गजराज सिंह बिष्ट
पूर्व दर्जा राज्य मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रवि कन्याल
ब्लाक प्रमुख, कोटाबाग

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रदीप असगोला
वन क्षेत्र अधिकारी
बरहैनी रेंज

जय हिन्द
समस्त क्षेत्र व नगर वासियों को
जय भारत
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभकामना संदेश
समस्त नगर वासियों को नगर पंचायत सुल्तानपुर
जिला -ऊधम सिंह नगर उत्तराण्ड की
तरफ से गणतंत्र दिवस
(26 जनवरी 2024) की हार्दिक शुभकामनाऐं।
नगर वासियों से अपील
1. नगर को स्वच्छ बनायें रखने में नगर पंचायत सुल्तानपुर का सहयोग प्रदान करे तथा कूडा कूडे गाड़ी मे ही डाले गीला कूडा,सूखा कूडा अलग-अलग करके ही दें। जैविक एवं अजैविक कूडा पृथक-पृथक कूडेदान में ही डालें।
2. नगर पंचायत के करो का भुगतान समय से करें।
3. सडको पर अतिक्रमण न करे,सड़क पर वाहन खडा ना करें , ना ही सड़क पर जानवरो को बांधे
4. अतिक्रमण हट्वायें जाने में नगर पंचायत का सहयोग करें।
5. खुले में शौच न करें न ही खुले में पेशाब करें। शौच के लिए केवल शौचालय का ही प्रयोग करें।
6. सिंगल यूज प्लास्टिक /पॉलिथीन का प्रयोग न करे।
7. यूजर चार्ज का समय से भुगतान करे।
8. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में नगर पंचायत सुल्तानपुर को नं0. 1 बनाने में सहयोग करें।
9. सफाई व पथ प्रकाश व्यवस्था आदि से सम्बन्धित शिकायते नगर पंचायत सुल्तानपुर के टोल फ्री नं0. 18005703232 पर कर सकते है।
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ भारत
(स्वच्छ सुल्तानपुर, सुन्दर सुल्तानपुर)
गीता चौधरी
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सुल्तानपुर
(ऊ0सिं0 नगर)

HAPPY REPUBLIC DAY
ABM
Senior Secondary School .....Since 1980
Strengthening our community through excellence in education
Admission Open 2024-25
Gandhi Ashram, Fatehpur, Haldwani, Distt. Nainital (Uttarakhand)
Tel. : (05946) 260147, Mob. : 9359411401, 9412087905,
Email : enquiry@abmschool.org URL : www.abmschool.org

सबसे अधिक परेशानी उस समय होती है जब ग्रामीण क्षेत्र में कोई दैवीय आपदा आती है और सख्त सहायता की आवश्यकता होती है

ओखलकांडा की आधे से ज्यादा ग्राम सभा में संचार व्यवस्था नहीं

संवाददाता भीमताल

अमृत विचार : विकासखंड ओखलकांडा, रामगढ़, धारी और भीमताल में कई ग्राम सभाएं ऐसी हैं जहां आज तक संचार की व्यवस्था नहीं है। ऐसी स्थिति में लोगों को कई किमी पैदल चलकर और कहीं-कहीं पर पेड़ पर चढ़कर अपने लोगों से संपर्क करना मजबूरी है। संचार व्यवस्था नहीं होने के कारण सबसे अधिक परेशानी उस समय सामने आती है जब ग्रामीण क्षेत्र में कोई दैवीय आपदा घटित होती है और लोगों को सख्त सहायता की आवश्यकता होती है।

विकासखंड ओखलकांडा के ग्रामीण लगभग सभी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। भारत सरकार द्वारा स्वीकृत योजनाएं तक धरातल में नहीं उतर पा रही हैं।
मदन नौलिया, पूर्व ग्राम प्रधान कूकना

पूरा क्षेत्र संचार व्यवस्था के लिए परेशान है। मेरे द्वारा भी कई बार इसके लिए दूरसंचार विभाग में संपर्क किया गया था। वहां से अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा योजनाएं स्वीकृत हैं पर कार्य हुआ नहीं।–**हेमा रूबाली**, बीडीसी मेंबर

संचार व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीण तो अपनी समस्या तक नहीं बता पाते हैं। हरीश ताल की स्थिति तो और खराब है। किसी की घटना की जानकारी भी कई दिनों के बाद पता चलती है।
–**केडी रूबाली**, पूर्व ग्राम प्रधान

आजादी के कई वर्ष बीत जाने के बाद भी विकासखंड ओखलकांडा की लगभग आधे से ज्यादा ग्राम सभाओं में आज तक कोई संपर्क का माध्यम नहीं है। संचार व्यवस्था नहीं होने के कारण कई विकास योजनाएं भी धरातल में नहीं उतर पाई हैं। रामगढ़ की भी यही स्थिति है। रामगढ़ फल उत्पादक क्षेत्र होने के कारण वहां के काश्तकारों का मंडी में संपर्क तक नहीं हो पाता है।

इसके चलते फल उत्पादकों को पूरी रात फल ले जाने वाले वाहनों की जानकारी नहीं होने के कारण रास्ते में गुजारनी होती है। ग्रामीण मदन नौलिया बताते हैं कि अकेले विकासखंड के दर्जनों ग्राम सभा ऐसी हैं जहां संचार व्यवस्था ही नहीं है। बताते हैं कि गौनियारो, हरीशताल, डालकन्या, अमजड़, मिडार, सुवाकोट, पोखरी अधौड़ा, डुगरी के लोग कई समय से संचार व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। जो पूरी नहीं हो सकी हैं। भारत सरकार द्वारा विकासखंड ओखलकांडा और भीमताल के अन्य ब्लाकों में दर्जनों मोबाइल टावर लगाने की स्वीकृति दी है। यह स्वीकृति लगभग आठ माह पूर्व प्रदान की गई है। संचार विभाग द्वारा अब तक इस पर कार्य नहीं करने से संचार विहीन ग्राम सभा के ग्रामीण आज तक इंटरनेट सेवा से वंचित हैं।

करुणा लखेरा ने जू-जित्सू में जीता गोल्ड मेडल

हल्द्वानी, अमृत विचार : एसकेएम स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा करुणा लखेरा ने जू-जित्सू में गोल्ड मेडल जीता है। 'हल्द्वानी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित' 23 से 25 दिसंबर को उत्तराखंड स्टेट जू-जित्सू चैंपियनशिप- 2023 की ओर से खेले गए पार्टिसिपेट इन-द कैटिगरी ऑफ अंडर- 16 (48 किलो वेट) में करुणा को यह सफलता मिली है। उसका चयन आगे सीनियर कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। उसके चयन पर पिता विनोद लखेरा, विद्यालय प्रबंधक यूसी जोशी, सचिव पुष्पा जोशी, प्रधानाचार्या मोनिका शर्मा, प्रशासक ऋषभ जोशी ने शुभकामनाएं दी हैं।

विभाग के निजीकरण के विरोध में शनिवार से होगा कार्य बहिष्कार

जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने बुद्ध पार्क में धरना दिया, नारेबाजी की गई

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: जल निगम व जल संस्थान संयुक्त मोर्चा ने विभाग के निजीकरण के विरोध में गुरुवार को तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में धरना दिया। संयुक्त मोर्चा विभागीय कार्यों को एडीबी और यूयूएसडीए से करवाने का विरोध कर रहा है। इस संबंध में संगठन के लोगों ने एसडीएम पारितोष वर्मा के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा।

संगठन के संयोजक शीतल साह ने बताया कि शनिवार को पूर्ण रूप से कार्य बहिष्कार किया जाएगा और सभी कार्मिक व पेंशनर बुद्ध पार्क में एकत्र होकर सभा करेंगे और एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि पेयजल निगम और जल संस्थान के एकीकरण और राजकीयकरण करने को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार ने उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो वह उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। सेवानिवृत्त ईई एसी पंत ने कहा कि जल संस्थान और जल निगम वर्षों से सीवरेज व पेयजल व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित करते रहा है। इसे एक करते हुए पूर्व की तरह राजकीय विभाग बनाया जाए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जल निगम- जल संस्थान मजदूर यूनियन के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद दुबे ने की। इस मौके पर देवेंद्र कुमार, केके बुधानी, हेमंत भट्ट, नवीन भट्ट, ललित प्रसाद, अनुज फर्त्याल, केदार सिंह, धनंजय गुप्ता, हर्ष बोरा, हिमांशु पाठक आदि उपस्थित रहे।

बुद्ध पार्क में धरना देते जल निगम एवं जल संस्थान संयुक्त मोर्चा के सदस्य। ● अमृत विचार

पशु बीमा में यूएस नगर व नैनीताल लक्ष्य से पिछड़े

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार: पशु बीमा में कुमाऊं के छह जिलों में ऊधम सिंह नगर व नैनीताल लक्ष्य से काफी पीछे व चंपावत नंबर एक है। ऊधम सिंह नगर में अब तक 34 प्रतिशत व नैनीताल में 35 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति हो पाई, जबकि चंपावत में 61 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो चुका है।

पशुपालकों को पशुओं के बीमा कराने के लिए प्रेरित करने में यूएस नगर के जिला पशुपालन विभाग को चालू वित्त वर्ष में 26135 लोगों का लक्ष्य मिला लेकिन अब तक 8938 बीमा हुए हैं। नैनीताल को मिले 24525 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 8603 पशु बीमा हुए।

कुमाऊं में चंपावत जिले का पशुपालन विभाग लक्ष्य पूर्ति के मामले में सबसे आगे है। यहां 5890 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 3621 बीमा हुए हैं। इधर, अल्मोड़ा में 11775 के सापेक्ष 5625, पिथौरागढ़ में 15 हजार में से 6200 व बागेश्वर में 4930 हजार लक्ष्य में से 2517 ही पशु बीमा अब तक हो पाए हैं।

हालात

- यूएस नगर में अब तक 34 व नैनीताल में 35 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति हो पाई
- 61 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति के साथ चंपावत नंबर एक पर

बोले अधिकारी

जिले में 40 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हो गया है। जिन पशु अस्पतालों के अंतर्गत कम बीमे हुए, उन्हें तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।
– **डीसी जोशी**, मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, नैनीताल

सबसे अधिक लंबित मामले अल्मोड़ा में

पशुपालकों के आवेदन करने के बावजूद पशुओं का बीमा न होने के सबसे अधिक मामले अल्मोड़ा में हैं। यहां 350 मामले अब तक लंबित हैं। बागेश्वर में 187, पिथौरागढ़ 106, नैनीताल 51 मामले लंबित हैं। इधर, ऊधम सिंह नगर व चंपावत में कोई मामला लंबित नहीं है।





रामनगर में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करते बच्चे व अन्य। ● अमृत विचार

संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रुप से किया पाठ

संवाददातार, रामनगर

अमृत विचार: गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ विभिन्न जनसंगठनों की पहल पर लखनपुर चौक पर किया गया। प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण से हुई।

चौक पर हुई सभा को संबोधित करते हुए मुनीश कुमार ने कहा कि सरकार भारतीय संविधान की प्रस्तावना समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता जैसे मूल्यों को ही नष्ट करने पर तुली है। इस दौरान प्रभात ध्यानी, सुमित कुमार, भारत नंदन भट्ट, पीसी जोशी, पानसिंह नेगी, नवीन नैथानी, डॉ. धनेश्वरी घिल्डियाल, सरस्वती जोशी, तुलसी छिम्वाल, इंदर सिंह मनराल आदि मौजूद रहे।

मूज घास व बेत से उत्पाद बनाने की ट्रेनिंग हुई शुरू

हल्द्वानी, अमृत विचार: बड़ोदा आरसेटी द्वारा कानिया ब्लाक, रामनगर में स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओ को 6 दिवसीय निःशुल्क मूज घास व बेत से विभिन्न प्रकार के उत्पाद बनाने की प्रशिक्षण शुरू हुआ। पेन स्टैंड, फ्लावर पोर्ट, ट्रे, टी कोस्टर, मोबाइल स्टैंड, लैटर बॉक्स आदि बनाने की ट्रेनिंग देकर महिलाओं की आजीविका बढ़ाई जाएगी। यह कार्यक्रम एनआरएलएम, नैनीताल से प्रायोजित है।

इस दौरान आरसेटी के निदेशक प्रदीप सिंह ने महिलाओ को स्वरोजगार का महत्व बताया। बीएमएम समूह की जानकी ने महिलाओं की सामाजिक व आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने की बात कही। इस मौके पर ट्रेनर उषा राणा, जिम कार्बेट महिला कलस्टर की अध्यक्ष चंपा पांडेय आदि उपस्थित रहे।

उच्च शिक्षा विभाग ने रामनगर महाविद्यालय को किया सम्मानित

रामनगर। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ.धन सिंह रावत एवं उच्च शिक्षा सचिव शैलेश बगौली ने महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे को देहरादून में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रामनगर महाविद्यालय को यह प्रशस्ति पत्र सत्र 2023-24 की उत्तर पुस्तिकाओं के केंद्रीय मूल्यांकन को समयबद्ध पूर्ण करने हेतु दिया गया है। बता दें कि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर को उच्च शिक्षा विभाग उत्तराखंड द्वारा सत्र 2023-24 हेतु प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था जिसमें रामनगर महाविद्यालय ने समयबद्ध कार्य पूर्ण किया।

सर्वेत्यागा राजधर्मेषु दृष्टा : सर्वादीक्षा राज धर्मेषु योक्ता।
सर्वाविद्या राज धर्मेषु युक्ता : सर्वे लोका : राजधर्मेषु प्रतिष्ठा : ।।

राजधर्म में सारे त्यागों का दर्शन होता है। राजधर्म में सारी दीक्षाओं का प्रतिपादन होता है। राजधर्म में संपूर्ण विद्याएं निहित होती हैं और राजधर्म में सारे लोकों का समावेश होता है।

संपादकीय

आत्मनिरीक्षण का मौका

गणतंत्र दिवस सिर्फ एक आयोजन भर नहीं बल्कि आत्मनिरीक्षण का मौका है। यह दिन हमारी प्रगति का जायजा लेने और उभरती चुनौतियों के क्षितिज को मापने का अनोखा अवसर प्रदान करता है। साथ ही भारत की यात्रा, पहचान और लोकतांत्रिक सिद्धांतों का उत्सव है जो इसकी विविध आबादी को एकता के सूत्र में बांधे रखता है। एक ऐसे भविष्य की कल्पना करने का दिन है जिसमें राष्ट्र प्रगति और समृद्धि की ओर अग्रसर हो। गणतंत्र ने एक अरब और 40 करोड़ भारतीय जिसमें से अधिकांश विचार एवं आशा से भरे-पड़े हैं, के लिए ऊर्जा को उजागर करने का मौका दिया है। इस यात्रा में हमारे गणतंत्र की चमक दिनों दिन बढ़ती गई है। भारतीय अर्थव्यवस्था को कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ रही अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। किसानों की बेहतरी लिए सरकार ही नहीं, विपक्ष भी चिंतित है और खेती को फायदेमंद बनाने के रास्ते खोजे जा रहे हैं। महिलाओं की भागीदारी हर क्षेत्र में बढ़ी है। इस बार परेड में पहली बार महिलाओं के त्रि-सेवा दल को भी कर्तव्य पथ पर मार्च करते हुए देखा जाएगा। हमने पिछले 75 वर्षों में पर्याप्त दूरी तय कर ली है, लेकिन संघर्ष के दिन समाप्त नहीं हुए हैं। पाकिस्तान आतंकवादियों को शरणस्थली प्रदान करता आ रहा है। आने वाले वर्षों में इस पड़ोसी की शत्रुता को बेअसर करना भारत के लिए प्रमुख चुनौती रहेगा। दरअसल चुनौतियां हमेशा बनी रहती हैं, इसीलिए कहा गया है कि सतत जागरुकता ही स्वतंत्रता की गारंटी है।

राष्ट्रीय दिवस हमें यही याद दिलाने के लिए आते हैं तो गणतंत्र दिवस इस संकल्प का अवसर है कि हमारे संविधान ने जो रास्ता तय किया, उसे सुरक्षित रखने और उस पर आगे बढ़ने के लिए हम सतत सतर्क रहेंगे। गणतंत्र दिवस पर फ्रांस के राष्ट्राध्यक्ष इमैनुएल मैक्रों का आना हमारे लिए अपने सफर को जांचने का खास अवसर है। गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि की यात्रा प्रतीकात्मकता से भरी होती है। यह भारत और आमंत्रित राष्ट्र के बीच संबंधों को बनाने और नवीनीकृत करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण के रूप में कार्य करती है। इस प्रकार इसका राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व भी अधिक है। विश्व में भारत की पहचान आज एक सक्षम और मजबूत जनतांत्रिक देश की है। भारत प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अधुनातन स्थिति में है। यही वजह है कि दुनिया हमारी ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। यह हमारे विकास व विस्तार की मजबूती का प्रतिफल है। हमारी कई सफलताओं से दुनिया चकित है। इसके बावजूद यह निश्चिंत होकर बैठने का वक्त नहीं है।

भारत के संविधान की आत्मा है सत्य

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें,करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था,भाव समष्टि का था,चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था।

गणतंत्र दिवस दलगत-भावना से ऊपर उठकर आज राष्ट्र के संबंध में ईमानदारी से सोचने का दिवस है। संसद का न चल पाना,वहां हुड़दंग होना संसद सदस्यों की देश के प्रति निष्ठा और योग्यता पर संदेह पैदा करता है। वे नेता के प्रति वफादार हैं,पर क्या देश के प्रति भी वफादार हैं? बड़ा कौन है? देश या टिकट देने वाला नेता? या चुनावी कोष देने वाला थैलीशाह? थैलीशाहों का महत्व बढ़ जाना लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए ठीक होगा? निर्वाचन आयोग की संस्तुतियों पर ध्यान नहीं दिया जाना क्या प्रमाणित करता है? बहुत से सरकारी और विधायी कार्यों के प्रति बार-बार उच्चतम या उच्च न्यायालयों में जाना और उन न्यायालयों का हस्तक्षेप करना सरकार और संसद या विधानसभा सदस्यों के कर्तव्य के प्रति शंका पैदा नहीं करता?

यदि लोकतंत्र की आत्मा लोकचेतना है तो भारत के संविधान की आत्मा सत्य है। आजादी के आंदोलन में गांधी जी ने जनता को अपने साथ लिया,सत्य का अहिंसात्मक-आग्रह,सविनय-अवज्ञा आंदोलन चलाया। बापू और जनता के बीच विश्वास का सूत्र था सत्य। यदि हम सत्यमेव जयते को संविधान से अलग कर दें तो संविधान अन्यथा सिद्ध हो जाएगा। प्रत्येक राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री,न्यायाधीश आदि शपथ लेते हैं, यह सत्य के प्रति निष्ठा और विश्वास का ही आयोजन है। सत्य से बड़ी कोई धर्मनिरपेक्षता नहीं हो सकती और सत्य से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

हमारे सामने बड़ा काम है कि जनता की एकता के लिए जो कुछ कर सकें,करें। स्वतंत्रता के आंदोलन ने हमें स्वतंत्रता के साथ लोकतंत्र और संविधान दिया है। जब लक्ष्य समष्टि का था,भाव समष्टि का था,चेतना समष्टि की थी तब व्यापक एकता का भाव भी था। आज का सर्वोपरि धर्मग्रंथ संविधान है,उसके भाव को जागरित करिए,बजाय इसके कि आप भारतीय संस्कृति के आकर ग्रंथों की आलोचना और निंदा करें अच्छा तो यह हो कि आप लोकतंत्र के जीवन मूल्यों को आधार बनाकर ऐसा ग्रंथ लिख सकें जो लोकजीवन में मान्य हो। व्यर्थ के



विवाद से तो आप उन्हीं निहित स्वार्थ की मदद कर रहे हैं। लोकजीवन की गहराई में जाकर ही आप लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं।

संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति,ऊंच-नीच,गरीब-अमीर,शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं। विशिष्टता आवरण या उपाधि के छिलके के भीतर जो सामान्य मनुष्य है,वही लोक है। लोक सर्वजनसत्ता,समष्टि जनसत्ता,सामान्य जनसत्ता है। व्यक्ति और लोक का संबंध ऐसा है,जैसे क्षण और युग का संबंध। क्षण से युग का अस्तित्व है,क्योंकि युग क्षण से ही अभिव्यक्त होता है,किंतु क्षण युग में व्याप्त है,वह युग से विच्छिन्न नहीं है। इसी बात को महर्षि पतंजलि ने महाभाष्य में एक सूत्र में परिभाषित किया है-अभ्यन्तरोऽहं लोके न त्वहं लोकः। कौटिल्य ने अपने अर्थशास्त्र में सूत्र दिया-शास्त्रज्ञः अप्यलोकज्ञः भवेन्मूर्ख तुल्यः। गीता ने कहा-लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि ।

भारत के संविधान पर लोक संस्कृति और लोक चेतना के प्रभाव को लेकर कुछ अध्ययन मैंने भी किया है। पहली बात तो यह है कि भारत के संविधान की अवधारणा स्वतंत्रता के राष्ट्रीय-आंदोलन का प्रतिफल है। स्वतंत्रता का आंदोलन सत्ता-परिवर्तन का आंदोलन नहीं

> संविधान की प्रस्तावना में पहला ही शब्द है -हम भारत के लोग। लोग शब्द लोक का ही वाचक है। लोक से भावित और ओतप्रोत। लोकतंत्र का सबसे बड़ा सत्य लोक है। मनुष्य की उस सत्ता का नाम लोक है, जहां जाति-पाति,ऊंच-नीच,गरीब-अमीर,शासक-शासित, स्त्री-पुरुष, शिक्षित-अशिक्षित, धर्म-संप्रदाय तथा क्षेत्रीयता के सभी बंधन खुल जाएं।

था,वह लोकतंत्र का आंदोलन बन चुका था। राष्ट्रीय आंदोलन ने लोकतंत्र के मूल्य विकसित किए थे। उस समय वे मूल्य समूचे राजनैतिक सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश में इस प्रकार व्याप्त थे कि कोई चाह कर भी उनकी उपेक्षा नहीं कर सकता था,लेकिन तेलंगाना के रहने वाले एक शोध विद्वान का विषय है-धर्मशास्त्र की परंपरा और भारत का संविधान।

यों सीधे-सीधे धर्मशास्त्र पढ़कर तो भारत के संविधान की रचना हुई नहीं थी और न ऐसा संभव ही था,किंतु संविधान-सभा के सदस्य भारत के ही लोग थे। भारत के सांस्कृतिक-परिवेश में ही जनमे और पले थे,उनका मन तो अन्ततः भारतीय मन था। इसलिए धर्मशास्त्र की परंपरा का प्रभाव उन पर किसी न किसी रूप में तो होगा ही। संविधान सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र बाबू थे और उन्होंने संविधान के संदर्भ में एक बार नहीं बार-बार महात्मा गांधी के विचारों का संदर्भ दिया था। समानता,स्वतंत्रता, शोषण के विरुद्ध अधिकार, नीति निर्देशक तत्व और लोक कल्याणकारी राज्य जैसी कितनी ही बातें हैं,जो लोकोन्मुखी हैं।

राजेन्द्र बाबू स्वयं भारतीयता में रगे-पगे थे। खैर तो उन शोधविद्वान ने संप्रभुता की बात चलाई। संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न गणराज्य। संप्रभुता का स्रोत कहां है? क्या संप्रभुता का वह स्रोत राजा के मुकुट में है? या सेना में है? क्या वह स्रोत अस्त्र-शस्त्र तलवार और भौतिक-शक्ति में है जिससे जनता को डराकर अथवा आतंकित करके शासन किया जाएगा? एक जमाना था,जब दीवालों पर यह वाक्य लिखा हुआ दिख जाता था कि क्रांति बंदूक की गोली में से निकलती है। माओवादी अभी भी कुछ इस प्रकार से सोचते हैं और तालिबान भी आतंक को अपना हथियार बनाकर सत्ता के केन्द्र में दाखिल हो चुके हैं। विचार कीजिए कि क्या यह लोकतंत्र किसी राजा-बादशाह अथवा सम्राट ने कृपापूर्वक दे दिया था? क्या यह लोकतंत्र एक दिन आसमान से बरस पड़ा था? क्या संविधान-सभा ने किसी सनक या उत्तेजना में लोकतंत्र के मार्ग का वरण कर लिया था?

वास्तव में लोकतंत्र लोकजीवन के युगयुगीन संघर्ष का प्रतिफल है। संप्रभुता राज सिंहासन या राजमुकुट में से नहीं निकलती,संप्रभुता का स्रोत तो लोकचेतना ही है। लोकमानस की स्वीकार्यता,लोकमानस अस्वीकार कर दे तो सम्राटों के सिंहासन भी हिल जाते हैं। देशी हों या विदेशी क्रूर राजाओं,आक्रांताओं,दस्युओं जमींदारों ने क्या कुछ कम जुल्म ढाए थे? लोकजीवन लोकसंस्कृति,लोक-आस्था-लोक विश्वास को कुचलने में कोई कसर छोड़ी थी क्या? बार-बार निर्मम प्रहार किया परंतु वे प्रहार करने वाले इतिहास के मलबे में दबकर खाद बन गए और विजयिनी लोक संस्कृति का विटप महक रहा है। संप्रभुता का स्रोत अस्त्र-शस्त्रों में नहीं होता। अस्त्र-शस्त्रों या सैन्य बल से कुछ समय के लिए जनता को दबाया तो जा सकता है, किंतु जैसे ही जनता अपनी एकता की शक्ति को पहचान कर खड़ी हो जाती है,तब वह सैन्य बल बिखर जाता है। संप्रभुता का स्रोत लोकचेतना में है।

कोई भी संविधान एक ढांचा ही तो होता है, शरीर! उसमें प्राण प्रतिष्ठा तो लोकचेतना के द्वारा ही होती है। लोकचेतना का कोई विकल्प नहीं है। रैलियां स्वांग हैं,प्रदर्शन और प्रायोजित हैं। लोकचेतना प्रायोजित नहीं होती। वह स्वतः स्फूर्त झरने की तरह झरती है,नदी की तरह बहती है,समुद्र की तरह उफनती है और वक्त आने पर ज्वालामुखी की तरह उबल पड़ती है। देश के लोकतंत्र की कठिनाइयों और बाधाओं का समाधान लोकजीवन की अंतर्वर्ती शक्तियां ही कर सकती हैं। नान्यः पन्थः विद्यते ऽयनाय।

व्यंग्य

बड़ी गहरी है ये हीनता

जब अमिताभ बच्चन ने अपने डूबते हुए दौर के बाद केबीसी में वापसी की,तो उन्होंने वहां शुद्ध हिंदी बोलना शुरू किया। उसके पहले आप अमिताभ बच्चन के पुराने इंटरव्यू देख लीजिए,वो आपको वही भाषा बोलते दिखेंगे जिसे फिल्म इंडस्ट्री में बोला जाता था। जिसे लोग उर्दू की जगह अब 'हिन्दवी' कहने लगे हैं। जब अमिताभ ने शुद्ध हिंदी में बोलना शुरू किया और 'नमस्कार' को ही प्राथमिकता दी तो उर्दू भाषी लोगों में बड़ी बेचैनी होने लगी।

मैं अपने आसपास का अनुभव आपको बताऊं तो लोग कहते थे कि 'देख रहे हो अमिताभवा को, कितना तास्सुबी (कम्यूनल) होता जा रहा है। कितनी नफरत भरी जा रही है कि अब शुद्ध हिंदी में ही बात करता है। ये जान बूझकर ऐसा कर रहा है,अंदर से ये आरएसएस का आदमी है'। दुनियाभर की उलटी सीधी बात लोग अमिताभ बच्चन को सिर्फ इसलिए बोलते थे,क्योंकि उन्होंने उर्दू छोड़कर शुद्ध हिंदी में बात करना शुरू कर दिया था। शुद्ध हिंदी में बात करना मतलब नफरती होना। इतनी छोटी छोटी बातों से हिंदू को कम्यूनल और नफरती घोषित किया जाता है। लता मंगेशकर जब नौशाद के पास गाने के लिए गईं तो नौशाद ने उन्हें भगा दिया,ये बोलकर कि तुम्हारे उर्दू का उच्चारण ठीक नहीं है, जाओ उर्दू सीखकर आओ। फिर लता जी ने तीन साल उर्दू सीखी और फिर गाना शुरू किया।

> पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

ब्राह्मण परिवार से आई लता जी जिनके पिता और परिवार मंदिरों में भजन गाते थे वो भारत में काम पाने के लिए उर्दू सीख रही थीं और ये सब बहुत अच्छा और सेकुलर था। उर्दू में लिखे गाने अगर लता जी संस्कृत में गाए होते तो भी उतने ही मधुर होते। बस एक माहौल ऐसा तैयार किया गया अपना अधिपत्य जमाने ले लिए कि उर्दू में गाना और उर्दू में बोलना ही अच्छा और बेहतरीन है। क्या अंग्रेजी के गानों में मिठास नहीं होती है? क्या फ्रेंच शायरी में भावनाएं नहीं होती हैं? फिर यहां ऐसा माहौल क्यों बनाया गया कि हिंदी में वो मिठास नहीं है,जो उर्दू में है? नहीं है,क्योंकि नास्तिक होकर भी जावेद अख्तर साहब आपको मुगलों की बनाई भाषा की मिठास समझाएंगे और हिंदी को कमतर बताएंगे। पाकिस्तानियों ने पाकिस्तान बनाते ही अपनी राष्ट्र भाषा उर्दू घोषित की और ज्यादातर जगहों के हिंदू नामों को बदलकर उर्दू कर दिया। भारत के हिंदू इस दौर से गुजरे हैं। उनकी अपनी भाषा से लेकर सबकुछ उनसे छीन लिया गया और उन्होंने अगर कभी भी अपनी भाषा और संस्कृति को ही अपनाना चाहा तो उन्हें कम्यूनल, नीच, जाहिल और बेवकूफ कहकर संबोधित किया गया।

सिद्धार्थ ताबिश
लेखक

ये मामला इतना आगे बढ़ गया कि हिंदू स्वयं को हीन दृष्टि से देखने लगा। वो हिंदी बोलने में शर्माने लगा और ये प्रयास करने लगा कि उसकी भाषा में अधिक से अधिक उर्दू के शब्द इस्तेमाल हों ताकि लोग उसे समझदार और काबिल समझें,ये हीनता बड़ी गहरी है। इसलिए जो भी आजकल ये कहे कि हमें तो राम-राम या जय सियाराम कहने वाले हिंदू पसंद थे। वो गंगा जमुनी तहजीब वाले हिंदू पसंद थे तो समझ जाइए कि ये व्यक्ति हिंदुओं को "वेजिटेबल" देखना चाहता है। ये यही चाहते हैं कि हिंदू हिंदी छोड़कर उर्दू बोले, ताकि वर्चस्व,दबदबा और रियासत कायम रहे। ये वो लोग हैं, जो पाकिस्तान नहीं गए,मगर यहां वो नया पाकिस्तानी वर्चस्व बनाए रखना चाहते हैं।

उर्दू का उदाहरण तो बहुत छोटा सा उदाहरण है,जो मैंने दिया। दरअसल ये बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक खेल है,मगर घबराइए मत,ये सब धीरे-धीरे खत्म हो जाएगा। वो दौर शुरू हो चुका है।

बिहार में भाजपा का मास्टर स्ट्रोक

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती से ठीक एक दिन पूर्व उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की गई। केंद्र के इस निर्णय के बाद बिहार से दिल्ली तक सियासी हलचल तेज हो गई। कर्पूरी ठाकुर बिहार की अति पिछड़ी जाति नाई से ताल्लुक रखते थे। बिहार में अति पिछड़ी जातियां सबसे बड़ा जातीय समूह है।

बीते साल 2 अक्टूबर को बिहार सरकार ने जातिगत सर्वेक्षण के आंकड़े जारी किए थे। इसके मुताबिक बिहार की कुल आबादी करीब 13 करोड़ है। इनमें सबसे अधिक संख्या अत्यंत पिछड़ा वर्ग की है। ये राज्य की आबादी के करीब 36 फीसदी हैं। इसके बाद दूसरी सबसे बड़ी आबादी पिछड़ा वर्ग की है,जो राज्य में 27.12 प्रतिशत हैं। कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री,दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक व विरोधी दल के नेता रहे। उनका निधन 1988 में हुआ। उनकी मौत के 36 साल बाद उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया जा रहा है। वे बिहार से चौथे व्यक्ति हैं,जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

मनमोहन सरकार के 10 साल के कार्यकाल (2004-2014) में केवल तीन लोगों को भारत रत्न दिया गया। इनमें पंडित भीमसेन जोशी (2008), सचिन तेंदुलकर (2014) और सीएनआर राव (2014) रहे। वहीं मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में छह शख्सियतों को भारत रत्न से सम्मानित किया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के लिए पीएम मोदी का आभार भी जताया और कांग्रेस पर सवाल उठाए।

अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

> प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई।

राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न बहुत पहले ही मिल जाना चाहिए था। लालू और नीतीश दोनों कर्पूरी ठाकुर की राजनीतिक विरासत पर दावा करते हैं। नीतीश कुमार की पार्टी से कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर राज्यसभा सांसद हैं। बिहार के ओबीसी वोट बैंक का एक बड़ा हिस्सा अब तक लालू यादव और नीतीश कुमार की पार्टियों के ही साथ रहा है।

केंद्र सरकार द्वारा भारत रत्न देने के निर्णय को वोट बैंक में सेंध लगाने के रूप में भी देखा जा रहा है। पुरस्कार दिए जाने को दो मकसद से जोड़ा जा सकता है। पहला कर्पूरी ठाकुर की सियासी धरोहर को भाजपा अपनी ओर ला सके। दूसरा भाजपा नीतीश कुमार को अपने साथ फिर जोड़ लेने का द्वार खोल दे। एक बात और कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर मोदी सरकार ने राजद और जदयू की राजनीति पर जोरदार हमला करने की कोशिश भी की है। भाजपा जानती है कि लोकसभा चुनाव में यदि बिहार में बड़ी जीत हासिल करनी है तो पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग को अपनी ओर आकर्षित करना ही होगा। कर्पूरी ठाकुर सरकार में रहे हों या विपक्ष में, हमेशा सादगी में जीवन जीते रहे। आम जनता की समस्याओं को अपनी समस्या माना। आम जनता की समस्याओं के निदान के लिए वे सड़क से लेकर सदन तक चलने को तत्पर रहते थे। वे पूंजी के खेल के सख्त खिलाफ रहे। राजनीति में तीन 'सी' के विरोध में वे अक्सर बोलते थे। तीन 'सी' यानी कैश, कास्ट और क्राइम। वे सरकारों के पूंजीवादी चरित्र के भी मुखर विरोधी थे। बिहार में सबसे पहले कर्पूरी ठाकुर ने ही मुंगेरीलाल कमीशन के सुझाव पर सामाजिक, आर्थिक और लैंगिक रूप से पिछड़े समुदाय को शैक्षणिक और सरकारी नौकरी में पिछड़ों के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। आरक्षण फार्मूला बहुत चर्चित रहा। लाख टके की बात यह भी कि कर्पूरी का सूत्र आरक्षण का फार्मूला नहीं था। वह नैतिक राजनीति और सामाजिक क्रांति का फार्मूला था। वह अन्याय के विरुद्ध लोहा लेने का फार्मूला था। वह सोए वतन को जगाने के लिए खुद को मिटाने वाले दीवानों का फार्मूला था। महत्वपूर्ण यह है कि क्या हम उनके फार्मूले पर चल पाए?

खैर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की थी। इस आयोजन के अगले ही दिन कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा हो गई। 48 घंटे के भीतर पहले कमंडल और फिर मंडल के दांव से क्या पीएम मोदी ने बिहार की राजनीति में बड़ा खेल कर दिया है? इसकी चर्चा व विश्लेषण सभी अपने-अपने स्तर पर कर रहे हैं,लेकिन केंद्र की मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सियासी मास्टर स्ट्रोक तो मार ही दिया है।

सोशल फोरम

विचार करना होगा

जब उल्लास मन स्थिरता की तरफ बढ़ जाए,जब उत्साह चरम पर पहुंचकर लौटने लगे,जब खुशियां बाहर से अंदर की तरफ यात्रा करने लगें। तब विचारना जरूर की हम में राम कितने हैं या हम में राम हैं भी कि नहीं।

विचारना होगा कि कितनी शबरियों को हमने अछूत नहीं रहने दिया, विचारना कितने निषाद हमारे घर में बैठकर साथ में चाय पी रहें हैं। विचारना यह भी कि आदिवासियों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए हमने कुछ किया भी है कि नहीं, विचारना कि हम अपने भाई-भतीजों के प्रति कितने प्रेम से भरे हैं। हमको विचारना चाहिए कि हमारी कुंठाएं,ईर्ष्याएं और नफरतों को हमने नीचे स्टेज पर ला दिया है कि नहीं या हमने मिले हुए मौके पर सोने की लंका उसके उत्तराधिकारी को दी कि स्वयं राजा बनकर बैठ गए।

> यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे।

हमें विचारना होगा कि हमने कितने साथियों को धोखा देना बंद कर दिया या हमने अपने धर्म की आध्यात्मिकता के लिए क्या किया? साथ ही यह भी विचारना कि सनातन के लिए हमने कितनी वाहियात आधुनिकता को तिलांजलि दी है। हम में यदि राम तत्व का अभाव है तो क्या हम लक्ष्मण भरत शत्रुघन जैसे भी थोड़े बहुत हैं भी कि नहीं। रामायण में वर्णित राम जो निकले थे शोषित,दमितों के जीवन आततातियों से बचाने को हमने कितने लोगों का शोषण बंद कर दिया। हमको विचार करना होगा कि स्वयं की अर्धांगनी को छोड़कर हम कितनी महिलाओं,बेटियों को मां,बहिन और बेटी की नजर से देख पा रहे हैं।

आलोक खरे
प्रोफेसर, बरेली कालेज बरेली।

यदि हमारे अंदर यह सब नहीं घटित हो पा रहा है तो यह उत्सव एक क्षणिक उन्माद बनकर रह जाएगा और हमारे आराध्य रामजी हमारे अंदर कहीं भी नहीं होंगे। क्योंकि मंदिर में बैठाने से पहले रामजी को मन के मंदिर में बैठाना जरूरी था, है और रहेगा।

-फेसबुक वॉल से

संविधान और सनातन धर्म

हमारा संविधान 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा ग्रहण किया गया और अगली यानी 1950 की 26 जनवरी से प्रवृत्त हो गया। इसमें शुरू से ही "पंथ निरपेक्षता" का सिद्धांत संरक्षित था,जिसे 1976 में 42 वें संशोधन द्वारा इंदिरा गांधी ने 'धर्म निरपेक्षता' में परिवर्तित कर दिया। हालांकि इस प्रावधान का अक्षरशःपालन कभी नहीं हुआ और बहुत कुछ कागजी होकर ही रह गया। संविधान की मूल प्रति पर चित्रकार नंदलाल बोस ने चित्र बनाए थे जिनकी भेंट पं.जवाहरलाल नेहरू से शांति निकेतन में हुई थी। तभी उन्हें यह काम सौंप दिया गया। उन्हें इस काम के लिए 21 हजार रुपये पारिश्रमिक भी दिया गया था।

इसके 'मूल अधिकार' वाले भाग के मुख पृष्ठ पर राम,लक्ष्मण,हनुमान के चित्र हैं। लंका विजय के उपरांत वे,धनुष बाण लिए, सीता जी को ले जाते उकेरे गए हैं। नीति निर्देशक सिद्धांत वाले भाग में गीता का उपदेश देते हुए कृष्ण भगवान का चित्र अंकित है। पांचवें भाग में हिंदुओं के नवें अवतार गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ बैठे दिखाए गए हैं तथा 12 वें भाग में नटराज का चित्र है,जो शिव जी मान्य हैं। इसके तेरहवें भाग में शेषनाग,भगीरथ की तपस्या और गंगावतरण व अन्य देवी देवतावों के चित्र विद्यमान हैं। इन चित्रों को संविधान की प्रति में अंकन के बारे में गरमा गरम बहस भी हुई थी। यह बात उठाई गई कि इन धार्मिक चित्रों को दर्शाने पर संविधान पंथ निरपेक्ष कैसे रहेगा? तब बहुमत ने इस आपत्ति को यह कहकर निरस्त कर दिया कि 'ये ऊपर के चित्र हैं,संविधान के अंदर के प्रावधान नहीं हैं'। जो भी हो इससे संविधान निर्माताओं का सनातन किंवा हिंदू धर्म की ओर शुरुआत से ही झुकाव होना तो स्पष्ट ही होता है। यही नहीं,आजादी प्राप्त होने की रात्रि को डॉ.राजेन्द्र प्रसाद के आवास पर हवन हो रहा था। मालूम हो कि राजेन्द्र बाबू नेहरू मंत्रिमंडल में काबीना मंत्री रहे। फिर संविधान सभा के अध्यक्ष बने और संविधान अंगीकार हो जाने पर भारत के पहले राष्ट्रपति हुए। वे जब प्रयाग में संगम स्नान करने गए,तब राष्ट्रपति रहते वहां के पुरोहितों के पैर भी छुए थे। यहां यह रेखांकित करना जरूरी है कि संविधान सभा द्वारा इसे ग्रहण करते ही 22 दिसंबर 1949 को अयोध्या की बाबरी मस्जिद में रामलला का श्रीविग्रह रख दिया गया था,जिसे प्रकट होना कहा गया। फिर अखंड राम नाम कीर्तन चलने लगा और दर्शन पूजन शुरू हो गया।

रघोतम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अतः यह कहना कि 22 जनवरी 2024 को रामलला अयोध्या लाए गए,गलत और एक तरफा प्रचार है। उल्लेखनीय है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के फौरन बाद तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने गुजरात के सोमनाथ मंदिर के नव निर्माण की बात उठाई, जिसे गांधी जी ने सराहा और यह कार्य प्रारंभ हो गया तथा यह प्रसिद्ध शिव मंदिर,जो द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है,1950 में बनकर तैयार हो गया। पटेल साहब इस निर्माण कार्य से अंत तक जुड़े रहे। अतः हम यह पाते हैं कि संवैधानिक व्यवस्थाओं के किसी भी रूप में रहते हुए,राष्ट्रीय सोच और झुकाव सनातनी ही रहा और सरकारी कार्यारंभों में नारियल ही फोड़े गए।

स्वाध्याय के अभाव का दुष्परिणाम

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए दिशानिर्देशों की घोषणा की गई है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण निर्देश यह है कि कोई भी कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम उम्र के छात्र अथवा छात्रा का नामांकन नहीं करेगा। आज के परिदृश्य पर गौर किया जाए तो हम पाएंगे कि शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप पूर्णतया परिवर्तित हो चुका है।

आज शिक्षा के साथ व्यवसाय की भावना का पूर्णतया समावेश हो चुका है। चाहे विद्यालय हों अथवा महाविद्यालय अथवा कोचिंग संस्थान,सबके सब व्यवसाय को प्राथमिकता मानकर ही कार्य कर रहे हैं। शिक्षा से उनका कोई विशेष सरोकार नहीं रह गया है। कोचिंग संस्थानों के अस्तित्व में आने के पीछे जो महत्वपूर्ण कारण है वह है- विद्यार्थियों की अकर्मण्यता। आज की स्थिति यह है कि विद्यार्थी अपने लिए पका पकाया भोजन चाहता है और उसकी यह उम्मीद रहती है कि खाने का निवाला भी उसके मुंह में कोई दूसरा ही पहुंचाए। कहा गया है-'कस्तूरी कुंडलि बसै,मृग ढूंढे वन माहि'। यही हाल आजकल के विद्यार्थी का हो चुका है। सफलता का मूल मंत्र है,परिश्रम के साथ स्वाध्याय,किंतु इसे भूलकर छात्र व छात्राएं एक ऐसी अंधी दौड़ में जुटे हुए हैं जिसमें यह पता ही नहीं है कि कहां तक दौड़ना है और परिणाम क्या मिलेगा? प्रत्येक अभिभावक अपने बच्चे का शैक्षिक स्तर परखे बिना ही उसे आईआईटी जैसे संस्थानों अथवा आईएएस जैसी परीक्षाओं के योग्य मानकर उसे कोचिंग संस्थानों में दाखिला दिला देता है। कोचिंग संस्थानों के प्रतिकूल परिवेश एवं अभिभावक की अपेक्षाओं का दबाव परस्पर विपरीत दिशाओं में आरोपित होकर विद्यार्थी को अवसादग्रस्त कर देते हैं। नतीजतन वह सफलता के मार्ग से भटक जाता है। वहीं कुछ विद्यार्थी आत्महत्या जैसा कदम उठाने पर विवश हो जाते हैं।

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

यदि सभी दिशानिर्देश पूर्ण सख्ती के साथ लागू हो जाते हैं तो निश्चित ही कोचिंग संस्थानों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा एवं विद्यार्थियों के द्वारा उठाए जाने वाले गंभीर कदम व उनके मन मस्तिष्क में पनप रहे दबावों पर रोक लगाई जा सकेगी। अंततः सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यदि स्वाध्याय के बल पर अपना लक्ष्य हासिल करने की ठान ली जाए,तो किसी तरह के कोचिंग संस्थान की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

हर की पैड़ी पर बच्चे को मारने नहीं बचाने के लिए डुबकी लगवा रहे थे माता-पिता

संवाददाता, हरिद्वार

खुलासा: दिल्ली से निकलते ही गाजियाबाद में हो गई थी बच्चे की मौत

अमृत विचार : पुलिस ने हर की पैड़ी पर बच्चे को गंगा नदी में डुबोकर मारने की कथित घटना का 24 घंटे में ही खुलासा कर दिया है। बच्चे की मौत पानी में डूबने से नहीं बल्कि ब्लड कैंसर और खून की कमी की वजह से हुई थी। दरअसल, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुई थी जिसमें दो महिलाएं एवं एक पुरुष बच्चे को गंगा नदी में डुबोता दिखाई दिया था। इस वीडियो को संज्ञान में लेते हुए हरिद्वार पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी।

एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार ने गुरुवार को बताया कि 24 जनवरी को दोपहर 2:05 बजे करन और आयुष निवासी हरिद्वार ने सूचना दी कि महिला घाट पर दो महिलाएं व एक पुरुष लगभग 6-7 साल के बच्चे को जबरदस्ती बार-बार पानी में डुबोकर जान से मारने का प्रयास कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा तो कुछ लोगों ने दो महिलाओं व एक पुरुष को घेर रखा है।

इस पर पुलिस ने लोगों को समझाया और अचेत बच्चे को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हरकी पैडी के घाटों पर लगे सीसीटीवी कैमरो की भी जांच शुरू कर दी। वहीं दोनों महिलाओं व पुरुष से पूछताछ की।

एसपी सिटी ने बताया कि महिलाओं व पुरुष से पूछताछ में हैरान करने वाला खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि राजकुमार सैनी निवासी सोनिया विहार, नई दिल्ली पेशे से माली है। वह हनुमान मंदिर के बाहर फूल माला बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसका सात वर्षीय पुत्र रवि लंबे समय से बीमार था। बीती 16 जनवरी को नई दिल्ली के अरुणा आसफ अली सरकारी अस्पताल ने रवि को ब्लड कैंसर जैसी गंभीर बीमारी होने की सूचना दी। साथ ही बताया कि बच्चे का बचना नामुमकिन है। बेटे को ब्लड कैंसर जैसी बीमारी होने पर राजकुमार अपनी पत्नी शांति देवी व परिचित सुधा राय पत्नी मदन राय निवासी मिलन गार्डन दिल्ली के साथ बीती 24 जनवरी को हरिद्वार के लिए निकला। उसका ऐसा मानना था कि यदि बच्चा रवि हरिद्वार में गंगा स्नान कर ले एवं मंदिर दर्शन कर ले तो बीमारी ठीक हो जाएगी। जब वह दिल्ली से निकला तो बच्चे रवि ने हरकत करना बंद कर दिया। मगर राजकुमार और उसकी पत्नी को लगा कि वह सो रहा है। वह दोपहर में करीब 1:50 बजे हरिद्वार हर की पैड़ी पहुंचे। उन्होंने बच्चे को गोदी में लेकर गंगा में डुबकी लगवाई हालांकि इससे करीब छह घंटे पूर्व ही उसकी मौत हो चुकी थी। जब वे बच्चे डुबकी लगवा रहे थे तो जनता को लगा कि वे उसे डुबो कर मारना चाहते हैं। इसलिए लोगों ने वीडियो बनाई और सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

संस्कृत विद्यालय के छात्रों को बांटे ट्रैकसूट

हल्द्वानी, अमृत विचार: भारत विकास परिषद ने रामपुर रोड और रेलवे बाजार स्थित संस्कृत विद्यालय के छात्रों को स्वेटर और ट्रैकसूट का वितरण किया। रामपुर रोड में 50 और रेलवे बाजार में 60 छात्रों को ट्रैकसूट बांटे गए। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि भारत विकास परिषद इस तरह के सामाजिक कार्यक्रमों को नियमित रूप से करता रहता है। इसके बाद श्री राम मंदिर में भगवान राम के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर विद्यालय के छात्रों के साथ हल्द्वानी शाखा के सदस्य परिवारों ने सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके पर भगवान सहाय अग्रवाल, गीतू केसरवानी, डॉ. अभिषेक मित्तल, डॉ. निधि अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, डॉ. मोनिका मित्तल, मीनू गुप्ता, मनोहर केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

कार्यालय जिला पंचायत उधमसिंह नगर

पत्रांक : 5223/लेखा-02/2023-24 दिनांक : 25-01-2024

समस्त विश्व में भारत का मान बढ़ाएं, प्लास्टिक पर हो पूर्ण प्रतिबन्ध

ऐसी जन चेतना की अलख जगायें

गणतंत्र दिवस के शुभअवसर पर जिला पंचायत उधमसिंह नगर की ओर से सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

जनपद उधमसिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त व्यवसायियों से अनुरोध है कि वे जिला पंचायत के सम्पत्ति एवं विभव 'कर' एवं लाइसेंस का भुगतान यथाशीघ्र इसी वित्तीय वर्ष में जमा करने का कष्ट करें। जिला पंचायत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों हेतु सदैव तत्पर है।

जनपद ऊधमसिहं नगर के समस्त व्यवसायियों से यह अपेक्षा की जाती है कि सिंगल यूज पॉलीथीन और प्लास्टिक / थर्माकोल हानिकारक है। इससे पर्यावरण / स्वास्थ्य को नुकसान होता है। हमें अब संकल्प लेना है कि प्लास्टिक / थर्माकोल आदि से बने उत्पादों का उपयोग नहीं करेंगे।

(तेज सिंह) एवं (रेनू गंगवार)
अपर मुख्य अधिकारी अध्यक्ष
समस्त सम्मानित सदस्य जिला पंचायत उधमसिंह नगर

कार्यालय- मुख्य उद्यान अधिकारी, नैनीताल

विकास भवन-भीमताल
Telefax : 05942-247266, E-mail : Horti.nainital@gmail.com

पत्रांक : 2661/प्रकाशन/2023-24/भीमताल दिनांक : 20-01-2024

विभाग द्वारा संचालित योजनाएं

जिला योजना :-

1. **कीवी फलपौध रोपण** – योजनान्तर्गत 80 प्रतिशत रा०स० पर कीवी उद्यान स्थापना।
2. **मशरूम उत्पादन की योजना** – 80 प्रतिशत रा०स० पर पाश्चुराइड मशरूम कम्पोस्ट वितरण।
3. **मौन पालन की योजना** – 80 प्रतिशत रा०स० पर मौनगृह एवं मौनवंश वितरण।
4. **फलपट्टी विकास योजना** – 50 प्रतिशत रा०स० पर उद्यान स्थापना।
5. फलपौध सब्जी /आलू व अन्य निवेशों के परिवहन पर शत प्रतिशत रा०स०।
6. अनुसूचित जाति के कृषकों को 50 प्रतिशत रा०स० पर आलू बीज वितरण।
7. औद्यानिक फसलों को कीट/व्याधिनाशक से बचाव हेतु कीट/व्याधिनाशक रसायन पर 50 प्रतिशत रा०स०।

राज्य सैक्टर-

1. **मिशन एप्पल** – 80 प्रतिशत रा०स० पर सेब सघन बागवानी।
2. **वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण** – 75 प्रतिशत रा०स० पर वर्मी कम्पोस्ट यूनिट निर्माण।
3. **उद्यानों की घेरवाड़** – 50 प्रतिशत रा०स० पर पुराने उद्यानों की घेरवाड़।
4. **उत्तर फसल प्रबन्धन** – 50 प्रतिशत रा०स० पर कोरोगेटेड बॉक्स वितरण।
5. **मुख्यमंत्री बागवानी विकास योजना** – 50 प्रतिशत रा०स० पर औद्यानिक निवेश वितरण।
6. **पॉलीथीन बदलाव की योजना** – 50 प्रतिशत रा०स० पर 5 वर्ष से अधिक पुराने पॉलीहाउसों की पॉलीथीन बदलाव योजना।
7. **नाबार्ड योजना**– 80 प्रतिशत रा०स० पर पॉलीहाउस निर्माण।

केन्द्र पोषित योजना-

1. **फल क्षेत्र विस्तार** – 50 प्रतिशत रा०स० पर उद्यान स्थापना।
2. **सब्जी क्षेत्र विस्तार** – 50 प्रतिशत रा०स० पर सब्जी क्षेत्र विस्तार।
3. **मसाला एवं पुष्प क्षेत्र विस्तार** – 50 प्रतिशत रा०स० पर मसाला एवं पुष्प क्षेत्र विस्तार।
4. **पॉलीहाउस निर्माण** – 50 प्रतिशत रा०स० पर 500 वर्गमी0 तक पॉलीहाउस निर्माण।
5. **जीर्णोद्धार**– 50 प्रतिशत रा०स० पर पुराने उद्यानों का जीर्णोद्धार।
6. **ट्यूबवैल निर्माण** – 50 प्रतिशत रा०स० पर ट्यूबवैल निर्माण कार्य।
7. **एंटीहेलनेट**– 50 प्रतिशत रा०स० पर एंटीहेलनेट वितरण।
8. **मशीनीकरण**– 50 प्रतिशत रा०स० पर पॉवर ऑपरेटेड उपकरण वितरण।
9. **सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली** – 55 प्रतिशत रा०स० पर कृषकों के प्रक्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली की स्थापना।

आर०के०सिंह — मुख्य उद्यान अधिकारी, नैनीताल
अशोक कुमार पाण्डेय — मुख्य विकास अधिकारी, नैनीताल
वन्दना सिंह — जिलाधिकारी, नैनीताल

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतन्त्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं..

26 January HAPPY REPUBLIC DAY

विक्रमजीत सिंह विर्क

प्रदेश उपाध्यक्ष

तराई किसान संगठन, उत्तराखण्ड

कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1402/स.क./छात्रवृत्ति/2023-24 दिनांक : 25 जनवरी, 2024

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जनपद ऊधमसिंह नगर के अन्तर्गत आने वाले समस्त शैक्षिक शिक्षण संस्थानों से अनुरोध है कि दिनांक 31 जनवरी, 2024 को छात्रवृत्ति आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि निर्धारित है। उक्त तिथि के पश्चात दिनांक 15 फरवरी 2024 तक समस्त शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के फीस स्ट्रेक्चर व सम्बद्धता प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(अमन अनिरूद्ध)
जिला समाज कल्याण अधिकारी
उधमसिंह नगर

सिडकुल इन्टरप्रिन्योर वेलफेयर सोसायटी (रजि.) पन्तनगर की ओर से

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अजय तिवारी संरक्षक	संजय सिंघल संरक्षक	आशुतोष वर्मन संरक्षक
मनोज त्यागी पूर्व अध्यक्ष	आशुतोष शर्मा पूर्व अध्यक्ष	श्रीकर सिन्हा अध्यक्ष
डी.सी. बिष्ट वरिष्ठ उपाध्यक्ष	विकास पाण्डे उपाध्यक्ष	गजेन्द्र सिंह सचिव
गौरव हरिश महासचिव	ललिता जोशी उप सचिव	अनित कुमार सिंह कोषाध्यक्ष
विनीत शर्मा सह कोषाध्यक्ष	डी.डी. सत्यवली सदस्य	उमेश शर्मा सदस्य
रविशरण सदस्य	दिवाकर दुबे मीडिया प्रभारी	कुलविन्दर कौर सदस्य
विवेक गर्ग सदस्य	अनुप सिंह सदस्य	मुक्ता टण्डन सदस्य
प्रवीन बानकर सदस्य	संदीप उपाध्याय सदस्य	सन्तोष सिंह सदस्य
संजय सिंह सदस्य	तेजराम बाघेल सदस्य	राजेश मिश्रा समन्वयक

कार्यालय मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, ऊधमसिंह नगर

विकास भवन, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)
दूरभाष / फैक्स : 05944-250264, ई-मेल - cvousn-ah@uk.gov.in, cvousn@gmail.com

पत्रांक : 2941/लेखा/विज्ञापन/2023-24 दिनांक : 23-01-2024

पशुपालन विभाग जनपद उधमसिंह नगर की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लम्पी स्किन डिजीज (LSD) की रोकथाम हेतु समस्त पशुपालकों से अपील

- लम्पी स्किन डिलीज (LSD) एक संक्रामक रोग है जो वायरस की वजह से गोवंशीय व महिषवंशीय पशुओं में तेजी से फैलता है।
- पशुओं में शुरूआती अवस्था में तेज बुखार, नाक बहना, वजन कम होना, दुग्ध उत्पादन कम होना, लार निकलना व त्वचा पर गांठें बन जाती हैं।
- लम्पी स्किन डिजीज (LSD) संक्रमित गाय / भैंस के सम्पर्क में आने से दूसरी गायों / भैंसों में फैलती है।
- यह मच्छरों, मक्खियों एवं जूं के माध्यम से फैलता है।
- संक्रमित पशुओं को अपने अन्य पालतू जानवरों से पूरी तरह से दूर रखें।
- मवेशियों के बाड़े एवं आस-पास की जगहों को साफ रखें।
- स्वस्थ पशुओं को चारा-दाना/पानी देने के उपरान्त ही रोगी पशुओं को चारा देवें।
- पशुओं को रोग का टीका अवश्य लगवायें।
- रोग की सूचना टोल फ्री नं. 1962 अथवा 18001208862 पर दी जा सकती है।

अधिक जानकारी हेतु अपने नजदीकी पशुचिकित्साधिकारी से सम्पर्क करें।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उधमसिंह नगर
मुख्य विकास अधिकारी, उधमसिंह नगर
जिलाधिकारी, उधमसिंह नगर

26 जनवरी, 2024 , 75वे गणतंत्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

75वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम सब मिलकर नगर के विकास का नया इतिहास रचने का संकल्प लेकर नगरवासियों की समस्यामुक्त जिन्दगी का हक दिलाने में प्रयासरत रहेंगे।

नागरिक बन्धुओं से विनम्र अपील

1. शहर में पॉलीथिन प्रतिबन्धित है, कृपया पॉलीथिन का इस्तेमाल करें।
2. सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें।
3. घर का कचरा बाहर न फेंके। कचरा एकत्रित कर नगर पालिका के कचना वाहन में ही डालें। तथा अपने घर एवं प्रतिष्ठान में डस्टबिन आवश्यक रूप से रखें।
4. अपने घर एवं प्रतिष्ठान का सूखा कीड़ा, गीला कूड़ा और परिसंकटमय कूड़ा अलग-अलग करके नगर पालिका के कूड़ा वाहन में डालें।
5. खुले में सड़क पर, नाली / नाले / नगर आदि स्थानों पर कूड़ा फेंकना / थूकना तथा कूड़ा जलाना कानूनी अपराध है।
6. नगर के विकास एवं केन्द्र और राज्य सरकार की कार्य योजनाओं को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करते हए यूजर चार्जेज इत्यादि का भुगतान समय से करें।
7. अतिक्रमण प्रथा पर रोक लगाने हेतु न तो स्वयं अतिक्रमण करें न ही दूसरों को अतिक्रमण करने दें ।ज
8. नलों में टॉटी लगावें, जल को व्यर्थ न बहने दें।
9. पर्यावरण संतुलन हेतु वृक्षों को न काटें और न ही काटने दें।
10. वृक्षारोपण अन्तर्गत पेड़ लगाएं।
11. जन्म एवं मृत्यु का पंजीयन अवश्य करायें।
12. सीवर का पानी खुले में न बहायें।

(प्रवीण कुमार सक्सेना)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
रानीखेत, चिलियानौला

(सु. श्री वरूणा अग्रवाल)
प्रशासक / संयुक्त मजि.
नगर पालिका परिषद
रानीखेत, चिलियानौला

कार्यालय नगर पालिका परिषद, रानीखेत

पत्रांक : 516/न.पा./2023-24 दिनांक : 20 जनवरी, 2024

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Mukhatyar Singh से बदलकर Mukhtyar Singh कर लिया है अतः भविष्य में मुझे Mukhtyar Singh S/o Satpal Singh के नाम से जाना पहचाना जाए। वर्तमान पता ग्राम धौलपुर ,खानपुर रुद्रपुर उधम सिंह नगर उत्तराखंड

न्यायालय असि. कलक्टर प्रथम श्रेणी खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर

रा. वाद संख्या 22/09 सन् 2023-24

वादीगण - धमेन्द्र सिंह आदि

बनाम

प्रतिवादीगण - प्रताप सिंह आदि

सम्मन बनाम - अशोक सिंह, अजय सिंह पुत्रान श्री गंगा सिंह, रोहन सिंह चूरामणी पुत्र अजीत सिंह, ऋतु चूरामणी पत्नी अजीत सिंह निवासीगण महानगर कालोनी लखनऊ, दान सिंह रावत पुत्र नारायण सिंह रावत नि. खटीमा

चूंकि मुसम्मी वादीगण ने आपके विरूद्ध एक दावा वास्ते धारा-229 बी. ज.उ. एवं भु.सु.अधि. के तहत दायर किया है। जिसमें वास्तें जवाबदावा दिनांक 31-01-2024 नियत है। अतः आप नियत तिथि को दिन के 10:00 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई कर ली जीवेगी।

आज दिनांक 20-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी किया गया।

न्यायालय उपजिलाधिकारी/सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, खटीमा ऊधमसिंह नगर

न्यायालय असि. कलक्टर प्रथम श्रेणी खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर

रा. वाद संख्या 22/16 सन् 2023-24

वादीगण - दलवीर सिंह आदि

बनाम

प्रतिवादीगण - प्रताप सिंह आदि

सम्मन बनाम - अशोक सिंह, अजय सिंह पुत्रान श्री गंगा सिंह, रोहन सिंह चूरामनी पुत्र अजीत सिंह, ऋतु चूरामनी पत्नी अजीत सिंह निवासीगण महानगर कालोनी लखनऊ, दान सिंह रावत पुत्र नारायन सिंह रावत निवासी वार्ड नं.-5, खटीमा, तहसील खटीमा, जिला ऊधमसिंह नगर

चूंकि मुसम्मी वादीगण ने आपके विरूद्ध एक दावा वास्ते धारा-229 बी. ज.उ. एवं भु.सु.अधि. के तहत दायर किया है जिसमें वास्ते जवाबदावा दिनांक 31-01-2024 नियत है। अतः आप नियत तिथि को दिन के 10:00 बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर पैरवी करें अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में एकतरफा सुनवाई कर ली जीवेगी।

आज दिनांक 20-01-2024 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी किया गया।

न्यायालय उपजिलाधिकारी/सहायक कलैक्टर प्रथम श्रेणी, खटीमा ऊधमसिंह नगर

कार्यालय नगर पालिका परिषद, टनकपुर (चम्पावत)

पत्रांक : 1017 विज्ञापन / 2023-24 दिनांक : 25 जनवरी, 2024

नगर पालिका परिषद टनकपुर 26 दिनांक, 2024, गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर क्षेत्र की सम्मानित जनता को हार्दिक शुभकामनाएं देती है एवं नगर को स्वच्छ रखने का निवेदन करती है :-

1. नगर को स्वच्छ बनाने के लिये सड़कों पर कूड़ा न फेंके, कूड़ा कूड़ेदान में ही डालें।
2. नगर क्षेत्र को स्वच्छ बनायें रखने के लिये कृपया प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का उपयोग न करें।
3. पॉलीथीन का प्रयोग न करें, वृक्ष लगायें, पर्यावरण बचायें।
4. खुले में शौच न करें, पालिका द्वारा निर्मित सामुदायिक शौचालयों का प्रयोग करें।
5. पालिका के करों का समय से भुगतान करें।
6. समस्त व्यापारियों एवं आम जनता से अनुरोध है कि, नगर पालिका के डोर टू डोर कूड़ा वाहन आने पर नगर पालिका द्वारा वितरित किये गये हरे व नीले डस्टबिनों में ही सूखा व गीला कूड़ा अलग-अलग दें।
7. अपने पालतू जानवरों गाय, भैंस, सुअर, कुत्तों को बाजार में खुला न छोड़ें।
8. नगर क्षेत्र को साफ सुथरा रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
9. नगर की सफाई व्यवस्था सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण हेतु नगर की पालिका के हैल्पलाइन नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है। हैल्पलाइन नं0.- 18003097473

(श्री भूपेन्द्र प्रकाश जोशी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद टनकपुर

(श्री आकाश जोशी)
प्रशासक
नगर पालिका परिषद टनकपुर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उधमसिंह नगर

संख्या : जि.रजि.प्रा./स्थाई पंजीकरण/2023-24/753 दिनांक : 25-01-2024

आवश्यक सूचना

नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) अधिनियम 2010 की धारा 24 से 30 एवं उत्तराखण्ड नैदानिक स्थापन (रजिस्ट्रीकरण एवं विनियमन) नियमावली, 2015 के नियम संख्या- 16 के अधीन निम्नवत् नैदानिक स्थापनों को अधिनियम/नियमावली में वर्णित प्राविधनों के अन्तर्गत स्थाई पंजीकरण निर्गत किया जाना है। जिसकी सूचना जनसाधरण की जानकारी के लिए और आक्षेप, यदि कोई हो के लिए संम्प्रदर्शित करी जा रही है:-

क्र.सं.	नैदानिक स्थापन का नाम व पता	स्वामी का नाम	प्रभारी का नाम
1	M/S. GURU NANAK CLINIC, NAGLA CHAURAHA PANTNAGAR- kichha	DR. CHARAN SINGH	DR. CHARAN SINGH AYURVEDACHARYA, Reg- No- UK/SR/AY/085
2	M/S JEEVANDEEP DIAGNOSTIC CENTRE, Q-5,6,7, WARD NO-11, VIRHAKIKAT MARG RUDRAPUR,	DR. ANITA RASTOGI	DR. ANITA RASTOGI, MBBS. No-134
3	M/S PRAKASH DENTAL HOSPITAL, BEHIND GANDHI ASHRAM, VEER HAKIKAT MARG, RUDRAPUR,	DR. ASHOK PRAKASH AGARWAL	DR. ASHOK PRAKASH AGARWAL, BDS. No-154
4	M/S JEEVANDEEP HOSPITAL , OPP. PAC GATE, NAINITAL ROAD RUDRAPUR,	DR. DEEPAK RASTOGI	DR. DEEPAK RASTOGI, MBBS. No-135
5	M/S BATHLA HOSPITAL (DAY CARE CENTER) NEAR PNB BANK BARELLY ROAD KICHHA	DR. RAJENDRA SINGH BATHALA	DR. RAJENDRA SINGH BATHALA, MBBS. No-800
6	M/S UJALA HOSPITAL (UNIT-1)-(A UNIT OF UJALA HEALTH CARE SERVICES LTD) KACHNAL GHAZI MANPUR ROAD KASHIPUR	MR. ABHISHEK DUBEY	DR.AMIT SINGH, MBBS. MD Reg No-14207
7	M/S SHREE RAM EYE CARE AND NURSING HOME, D1/D2 CIVIL LINE DOCTOR COLONY, RUDRAPUR	DR. ASHOK GARG	DR. ASHOK GARG, MBBS. MD Reg No-2445
8	M/S D. S. KHINDA PATHOLOGY AND X-RAY, OPP. CIVIL HOSPITAL KHATIMA	MR. DALJEET SINGH	DR.G.G. GOYAL MBBS.UMC Reg No- 4788

मुख्य चिकित्साधिकारी
उधम सिंह नगर

उत्तराखण्ड शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव

26 जनवरी

गणतंत्र दिवस की

माननीय प्रधानमंत्री जी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखण्ड का दशक कहा है। हम प्रधानमंत्री जी के विजन के अनुरूप राज्य को हर क्षेत्र में आदर्श राज्य बनाने के लिये विकल्प रहित संकल्प के साथ काम कर रहे हैं।

पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

हार्दिक शुभकामनाएं

21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को लगातार मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।

नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री

केदारनाथ बदरीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए के पुनर्निर्माण/पुनर्विकास कार्य, चारधाम यात्रा के दौरान रिकॉर्ड 55 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।

मानसखण्ड मंदिर माला मिशन ।

पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्तराखण्ड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन का अवार्ड।

रेल कनेक्टिविटी : ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन, टनकपुर बागेश्वर रेल लाईन।

4000 से अधिक होम-स्टे विकसित, 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।

मुख्यमंत्री सशक्त बहना उत्सव योजना के तहत महिला समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रोत्साहन।

रोड कनेक्टिविटी : चारधाम ऑल वेदर रोड, दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड व अन्य राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास।

रोप-वे कनेक्टिविटी : पर्वतमाला परियोजना, गौरीकुण्ड-केदारनाथ रोप-वे कनेक्टिविटी, गोविन्द घाट-हेमकुण्ड, सुरकण्डा देवी रोप-वे।

जमरानी बांध परियोजना को केन्द्रीय कैबिनेट की आर्थिक मामलों की कमेटी ने दी मंजूरी।

ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के लिये 3.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू।

स्टेट मिलेट मिशन में स्थानीय कृषकों से झंगोरा, मंडुवा, सोयाबीन एवं चौलाई का उचित मूल्य पर क्रय।

राजकीय विद्यालयों के साथ राजकीय सहायता प्राप्त (अशासकीय) विद्यालयों में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें।

2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलेपमेंट।

मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।

राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।

अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त।

- देश का सबसे कठोर नकल विरोधी कानून।
- लखपति दीदी योजना के तहत 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का लक्ष्य।
- पलायन रोकने तथा रिवर्स पलायन को बढ़ावा देने हेतु "मुख्यमंत्री सीमान्त क्षेत्र विकास योजना"।
- मुख्यमंत्री महालक्ष्मी योजना व मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरू, एरोमा पार्क व एरोमा वैली।
- राज्य में शहीद सैनिकों के परिवारों के एक सदस्य को रोजगार तथा विशिष्ट सेवा मेडल अवार्ड राशि में बढ़ोत्तरी।
- राज्य की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- दीनदयाल उपाध्याय सहकारिता किसान कल्याण योजना के अन्तर्गत किसानों को 3 लाख और स्वयं सहायता समूहों को ₹ 5 लाख तक की धनराशि का ब्याज रहित ऋण।
- हॉर्टिकल्चर को बढ़ावा देने के लिए 50 हजार पॉलीहाउस का बजट प्रावधान।
- राज्य के युवाओं के लिए "विदेश रोजगार प्रकोष्ठ का गठन"।
- समान नागरिक संहिता के लिये प्रभावी पहल।
- अटल आयुष्मान योजना में 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

करना है यह काम, एक दिवस मतदान बाकी दिन आराम

मतदाता दिवस पर प्रशासन की ओर से मतदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : राष्ट्रीय मतदाता दिवस नैनीताल जनपद में हर्ष से मनाया गया। प्रशासन की ओर से मतदाताओं का सम्मान समारोह समेत कई कार्यक्रम किए गए। साथ ही मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

प्रशासन की ओर से गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए गए। इस अवसर पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह, तहसीलदार सचिन कुमार, बीईओ हरेंद्र मिश्रा ने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाता कार्तिक कुमार, दिव्यांग मतदाता रोहित गिरधर को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। सिटी मजिस्ट्रेट सिंह ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए, मतदान भविष्य का विधाता होता है। लोकतंत्र में सबकी भागीदारी तभी हो सकती है जब सब मतदान करें। सब कामों को छोड़कर,करना है यह काम, एक दिवस मतदान का,बाकी दिन आराम। वहीं, छात्राओं ने कॉलेज में गीत, नाटक व रंगोली के जरिए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। साथ ही कालाढूंगी रोड पर मतदान को लेकर जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर स्वीप टीम समन्वयक डॉ. सुरेश भट्ट, मोनिका चौधरी, डॉ. धर्मेंद्र पनेरू, विनोद भट्ट, शाहीन अख्तर, हरि सिंह बिष्ट, विजय कुमार, चंपत कश्यप को सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम में मौजूद लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रदीप उपाध्याय ने किया। इस दौरान ललित मोहन पांडे, प्रधानाचार्य सुधा जोशी, मीनाक्षी कीर्ति, लक्ष्मी पांडे, सीमा कुंवर, राजेश पांडे, कविता पाठक, दीप्ति पंत आदि मौजूद रहे। श्री सनातन धर्म संस्था महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत छात्रों और आचार्यों ने शपथ ली। इस दौरान प्रधानाचार्य मनोज पांडेय भी रहे।

जीजीआईसी में पोस्टरों को देखतीं अतिथि। ● अमृत विचार

जीजीआईसी में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं। ● अमृत विचार

गन्ना सेंटर के पास जमनपुर इंटर कॉलेज से रैली निकालतीं छात्राएं।

संस्कृत विद्यालय में मतदाता जागरुकता अभियान में प्रतिभाग करते बच्चे।

ये रहे विजयी

मतदान गीत में राइंका मोतीनगर के समर्थ कुमार प्रथम, भाषण में राबाइंका बनभूलपुरा की शना खातून, रंगोली में खुशबू यादव, अरशुमा को प्रथम, मेहंदी में खालसा इंटर कॉलेज की महिमा बक्शी और पोस्टर प्रतियोगिता में सेंट थेरेसा स्कूल के वैभव सक्सेना प्रथम रहे।

एमबीपीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता का शपथ लेते एनसीसी कैडेट्स।

एनसीसी कैडेट्स ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

हल्द्वानी : एमबी महाविद्यालय में 24 यूके गर्ल्स बटालियन की गर्ल्स कैडेट ने मतदाता दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकाली। रैली में कैडेट्स ने मतदान हमारा अधिकार है जैसे नारे लगाए। कॉलेज परिसर में मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली। इस दौरान बटालियन की एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. ज्योति टम्टा और अल्का माली, प्रियांशी, निशा मेहता, दीपा, दीपाली, पूजा गोस्वामी, दिव्यांशी, आदित कार्की, कोमल ज्वाला, काजल मेहता, प्रियंका, प्रिया, पलक आर्य, भावना दानू, आरती जोशी, भूमिका, गौरी, दीक्षा, रिया थे।

पुलिस ने खायी निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की कसम

हल्द्वानी : 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नैनीताल जिले की पुलिस ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की कसम खाई। पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने पुलिसकर्मियों को शपथ दिलाई। जिले के सभी थाना और चौकियों में पुलिस कर्मियों ने शपथ ली। गुरुवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में शपथ ग्रहण समारोह में एसएसपी ने पुलिस कर्मियों को बधाई दी गई और कहा, सभी को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखना है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा व अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचन प्रक्रिया को संपन्न कराएंगे। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एसपी सिटी हरबंस सिंह, सीओ ऑपरेशन नितिन लोहनी के अलावा शाखा प्रभारी मौजूद रहे। जिले के सभी थाना, चौकी, पुलिस कार्यालय, अग्निशमन के प्रभारियों ने अपने–अपने थानों और कार्यालयों में कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।

शपथ दिलाते एसएसपी मीणा। ● अमृत विचार

पुलिस बहुउद्देशीय भवन में मतदाता दिवस पर मौजूद पुलिस कर्मी।

देश के लिए नवमतदाता जरूर दें वोट : कैड़ा

नवमतदाताओं के साथ मौजूद विधायक राम सिंह कैड़ा। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

अमृत विचार : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से धारी में नमो नवमतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसका शुभारंभ विधायक राम सिंह कैड़ा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सम्मेलन में सर्वप्रथम नव मतदाताओं ने सजीव प्रसारण के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुना। विधायक कैड़ा ने नव मतदाताओं से कहा कि एक वोट देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है इसलिए आने वाले लोकसभा चुनाव में अमूल्य वोट जरूर दें। इस दौरान संयोजक विपिन पांडेय, सह संयोजक कमल रावत, मंडल अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, बहादुर नगदली, जिपं सदस्य अनिल चनोतिया, विवेक डंगवाल, मदन परगाई, चंदन बिष्ट, नीरज कुलौरा, मनोज सुयाल आदि मौजूद रहे।

4 हजार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा

हल्द्वानी : जिले में चालू वित्त वर्ष के दौरान 4 हजार से अधिक बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ा जा चुका है। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी ने अब तक 6 हजार से अधिक बेरोजगारों को ट्रेनिंग दी। इधर, 165 उद्यमियों ने भी ट्रेनिंग लेकर स्वरोजगार को अपनाया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा से संचालित आरसेटी ने 2023-24 में अलग-अलग व्यवसायों में ट्रेनिंग देकर बेरोजगार व उद्यमी युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ा है। इसके लिए संस्था की ओर से समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रेनिंग शिविर लगाए जाते हैं।

योजना के तहत 12 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 297 उद्यमियों को विभिन्न व्यवसायों की ट्रेनिंग दी गई, जिसमें से 165 ने स्वरोजगार शुरू किया। आरसेटी ने जिले भर में 241 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 6138 बेरोजगारों को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें 4065 ने अपना रोजगार शुरू किया है।

वरिष्ठ व दिव्यांग जनों को सम्मानित किया

संवाददाता, लालकुआं

अमृत विचार : तहसील परिसर लालकुआं में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले निर्वाचन कर्मियों के अलावा वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांग जनों को उपजिलाधिकारी हल्द्वानी परितोष कुमार वर्मा ने मेडल व अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार लालकुआं मनीषा बिष्ट, रजिस्ट्रार कानूनगो मोहित बोरा, पटवारी मनोज रावत, विक्रम गौतम, संजय प्रसाद, अभय कुमार, सुरेश बिष्ट, डॉ. यशवंत कोश्यारी आदि मौजूद रहे।

मतदाता दिवस पर सम्मानित वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांग जन के अलावा निर्वाचन कर्मी।

नुक्कड़ नाटक व पोस्टर बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

महिला महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मौजूद छात्राएं और अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

अमृत विचार : महिला महाविद्यालय में स्वीप समिति की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। छात्राओं ने स्लोगन प्रतियोगिता और नुक्कड़ नाटक में भी प्रतिभाग किया। महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शिक्षण, शिक्षणेतर कर्मचारी व छात्राओं को प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर एके श्रीवास्तव ने शपथ दिलाई।

एनएसएस की छात्राओं रिद्धि डंगवाल, पूजा पाठक, कविता फुलारा, कशिश रजवार, गरिमा पंत, अंजलि भट्ट, परीक्षा जोशी और काजल जोशी ने नुक्कड़ नाटक किया। जिसका विषय मतदान के अधिकार को लेकर जागरूक करना था। स्लोगन प्रतियोगिता में डॉली मेहरा प्रथम, बबीता बहुगुणा व रजनी फर्त्याल द्वितीय, हेमा मेहरा तृतीय स्थान पर रहीं। निकिता पांडे के पोस्टर को विशेष स्थान प्राप्त हुआ। इस दौरान स्वीप कमेटी की सदस्य डॉ. बीना जोशी, डॉ. रश्मि पंत, एनएसएस की संयोजक डॉ. ललिता जोशी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ऋतुराज पंत आदि मौजूद थे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील धारी में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर धारी में मतदान के महत्व के बारे में बताया

भीमताल : राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर तहसील धारी में कार्यक्रम आयोजित किए गए। तहसीलदार धारी राजेंद्र गिरी गोस्वामी ने मतदाताओं को शपथ दिलाई और मतदान के महत्व के बारे में बताया। कानूनगो रजिस्ट्रार हेमचंद पलड़िया ने भी मतदाताओं को जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर स्वीप धारी दीपा रैकवाल ने मतदाताओं को प्रत्येक वोट का महत्व समझाया और अवश्य मतदान करने की अपील की।

प्रत्याशी योग्य चुनो पहचानो स्वमत कीमत...

भीमताल: अटल उत्कृष्ट एसबीएसएम राजकीय इंटर कॉलेज, पतलोट में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में चित्र, भाषण, अभिनय, स्वरचित गीत गायन, रैली आदि प्रतियोगिताएं हुईं। विद्यालय के संस्कृत प्रवक्ता डॉ. हेमन्त कुमार जोशी द्वारा रचित गीत " जागो मतदाता जागो तुम अब सब, प्रत्याशी योग्य चुनो पहचानो स्वमत कीमत' पर बच्चों ने सुन्दर अभिनय के साथ समूह गायन किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य आशुतोष साह, डॉ. कमल चन्द्र बेलवाल, गीता रजवार, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

मतदान को प्रेरित करती मूर्ति बनाई

संवाददाता, रामनगर

अमृत विचार : कक्षा सात में पढ़ने वाले संजय बिष्ट ने खेत की मिट्टी से मतदान के लिए प्रेरित करती महिला की मूर्ति एवं बैलेट यूनिट बनाकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया है। संजय रामनगर के ढेला स्थित स्कूल में पढ़ते हैं। मूर्ति बनाने पर स्कूल के सभी शिक्षकों ने संजय की प्रशंसा की है। संजय ने अपने खेत की मिट्टी का इस्तेमाल कर यह मूर्ति बनाई है। विद्यालय के प्रधानाचार्य राम यादव व शिक्षक नवेन्दु मठपाल ने माला पहनाकर उसे सम्मानित किया और उपहार भी प्रदान किए।

रामनगर के ढेला निवासी दीपा बिष्ट व गोपाल सिंह बिष्ट के चार बच्चे हैं। संजय दूसरे नंबर पुत्र का है। संजय के पिता होटल में एक सामान्य कर्मचारी हैं, जबकि मां गृहणी हैं। संजय को उसकी मूर्तियों के लिए

छात्र संजय द्वारा बनाई गई मूर्ति। ● अमृत विचार

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत भी सम्मानित कर चुके हैं।

नई बस्ती का ट्यूबवेल खराब

हल्द्वानी, अमृत विचार : बनभूलपुरा के नई बस्ती का ट्यूबवेल खराब होने के कारण क्षेत्र के लोगों को पानी की आपूर्ति नहीं हो पाई हालांकि विभाग ने टैंकर भेजा लेकिन इससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाया।

ट्यूबवेल खराब होने से नई बस्ती, इंदिरा नगर, वार्ड नं. 26 और वार्ड 23 के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति होती है। जल संस्थान के ईई रविशंकर लौशाली ने बताया कि ट्यूबवेल को ठीक किया जा रहा है और जल्द ही मोटर ठीक कर ली जाएगी।

उत्साह चोपड़ा बूथ अध्यक्ष प्रकाश सिंह के आवास पर हुए कार्यक्रम में कई कांग्रेसी हुए भाजपा में शामिल

विधायक भगत ने चोपड़ा में कइयों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

ब्यूरो, ज्योलीकोट

अमृत विचार : कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने गुरुवार को चोपड़ा बूथ अध्यक्ष प्रकाश सिंह के आवास पर हुए कार्यक्रम में कांग्रेसजनों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। उन्होंने सभी को मिठाई खिलाकर और फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

विधायक भगत ने कहा कि चोपड़ा में 326 परिवार रहते हैं। इनमें बालम सिंह जीना, देवेंद्र सिंह, कमलेश जीना, चंदन सिंह जीना, देवेंद्र जीना कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता थे, जो अब भाजपा में शामिल हो गए हैं। उनकी भाजपा में सदस्यता ग्रहण करने के बाद समूचा चोपड़ा कांग्रेसविहीन हो गया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में पर्वतीय क्षेत्रों में कांग्रेस को एक अदद कार्यकर्ता भी मिलना मुश्किल हो जाएगा।

पहाड़ की सरल एवं ईमानदार जनता कांग्रेस के मोहपाश से खुद को दूर रखना चाहती है । साथ ही कहा कि देश की जनता की धार्मिक भावनाओं का ध्यान रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 22 जनवरी को अयोध्या जन्मभूमि में प्रभु श्रीराम के भव्य, नव्य एवं दिव्य मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुरेश गौड़, दीपक सनवाल, जीवन चंद, प्रकाश रावत, प्रताप बोहरा, कमल जंतवाल, पूरन मेहरा, कुन्दन जीना, प्रताप जीना, शक्ति सूर्या, भगवत सूर्या, पूरन अधिकारी, कंचन कुंवर, रमेश चंद्र, दयाल पांडे, अभिषेक मेहरा आदि मौजूद रहे।

चोपड़ा बूथ अध्यक्ष प्रकाश सिंह के आवास पर हुए कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

ग्राम प्रधान हेमा देवी ने भाजपा की सदस्यता ली

हल्द्वानी : विधायक बंशीधर भगत ने हल्दूपोखरा की ग्राम प्रधान हेमा देवी को समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से भाजपा में आने के बाद फिर से कांग्रेस में गई प्रधान हेमा देवी ने अब भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। अब वह स्थायी रूप से भाजपा से जुड़ कर अपनी नेतृत्व क्षमता से भाजपा को मजबूती देने का काम करेंगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र नेगी, त्रिलोक निगल्टिया, कमल नयन जोशी, कमल पांडे, विनोद मेहरा, कुन्दन भाकुनी, प्रधान ललित मोहन नेगी, हरीश बिष्ट, दीपू नेगी, गोविंद सिंह, भगवन सिंह परिहार मौजूद रहे।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित किया गया शिविर

हल्द्वानी : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर गुरुवार को ईसाईनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में मतदाता पहचान पत्र से संबंधित कार्य के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम पंचायत जयपुर पाडली में करीब 50 लोगों के नाम मतदाता सूची में दर्ज किए गए। इस मौके पर जयपुर के प्रधान कमल पडलिया, बीएलओ जगदीश चंद्र पांडेय, बीएलओ हेमा बिष्ट समेत कई लोग मौजूद रहे।

मतदाता शिविर में अपना दर्ज कराते युवा।

गदरपुर में नमो नव मतदाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए पहुंचे युवा। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

जितना अधिक मतदान होता है, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा : डीएम

ऊधमसिंह नगर में हर्षोल्लास से मनाया गया 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस, जिला कार्यालय और मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुए विभिन्न कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : ऊधमसिंह नगर में वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम थीम पर आधारित 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस दौरान जिला कार्यालय में जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को शपथ दिलाई। वहीं स्पोर्ट्स स्टेडियम में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए।

गुरुवार को जिला कार्यालय में शपथ कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नागरिक अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करें, क्योंकि जितना अधिक मतदान होता है, लोकतंत्र उतना ही सशक्त और मजबूत होता है। वहीं जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुआ। इसमें विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने सभी व्यक्तियों और युवा एवं भावी मतदाताओं को शपथ दिलाई। उन्होंने मताधिकार का महत्व समझाते हुए सभी को निर्वाचनों में अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया और दूसरे व्यक्तियों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला क्रीड़ा अधिकारी गिरीश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

रुद्रपुर में जागरूकता रैली निकालते एएनझा कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और नव मतदाता। ● अमृत विचार

एनएसएस स्वयंसेवियों ने निकाली रैली, प्रधानाचार्य ने दिलाई शपथ

रुद्रपुर। अटल उत्कृष्ट आदित्यनाथ झा राजकीय इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सभी छात्रों और शिक्षकों को प्रधानाचार्य दयाशंकर पांडे ने मतदान और मतदाता जागरूकता के प्रति शपथ दिलाई गई। गुरुवार को एनएसएस स्वयंसेवियों के नेतृत्व में सभी छात्रों के द्वारा विद्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली रम्पुरा, फाजलपुर महरौला, प्रीत विहार, बरार कॉलोनी, अपना एनक्लेव होते हुए पुनः वापस विद्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान छात्रों ने सभी लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इसके बाद विद्यालय में मतदाता जागरूकता दिवस पर एक कार्यक्रम किया गया। इसमें प्रधानाचार्य ने सभी स्वयंसेवियों और छात्रों को मतदान बढ़ाने में अपनी भूमिका का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी गिरीश शर्मा ने सभी स्वयंसेवियों और छात्रों को मतदान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के शिक्षक यतेंद्र सिंह यादव ने सभी स्वयंसेवियों को वर्तमान समय में मतदान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक मतदाताओं की चुनाव में भागीदारी के विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राजपति बिंद, कुलदीप कुमार, कृपाल सिंह कंबोज, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शंकर दत्त पाठक, चंद्रिका प्रसाद यादव, दिनेश कुमार शुक्ला, नारायण वर्मा, गजेंद्र सिंह सिकरवार, प्रमोद बाबू शर्मा, विपिन गुप्ता, प्रभु दयाल सिंह, कृष्ण राम आर्य, इंद्रा ग्वासकोटी, कमला पांडे, नीलम यादव समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

नव मतदाताओं को समझाया एक वोट का महत्व

रुद्रपुर। विधानसभा रुद्रपुर में नव मतदाता सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन सिक्स सिग्मा कॉलेज में किया गया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता विवेक सक्सेना ने नव मतदाताओं को अपने एक वोट का महत्व समझाया और देशहित में कार्य कर रही मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रीत ग्रोवर, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, धर्म कोली समेत अन्य पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या में युवा नवमतदाता बालक एवं बालिकाएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री भाजयुमो एवं कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंह ने किया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में वृद्ध मतदाताओं को सम्मानित करते एडीएम आशोक कुमार जोशी।

100 वर्ष पूरे कर चुके तीन मतदाता सम्मानित

रुद्रपुर : स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यक्रम के दौरान 100 से अधिक उम्र के वृद्ध मतदाताओं के साथ ही दिव्यांग मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वृद्ध मतदाताओं में 102 वर्षीय श्याम लाल, 103 वर्षीय सूर्यकांत, 102 वर्षीय लक्की, दिव्यांग मतदाताओं में आलोक तिवारी, सोनू सिंह रावत, रेखा मेहता आदि शामिल हैं। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

नमो नव मतदाता सम्मेलन में जुटी युवाओं की भीड़

गदरपुर। भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में नमो नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में नव मतदाता सम्मेलन में पहुंचे। गुरुवार को नगर के एक पैलेस में भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी के नेतृत्व में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में नए मतदाता पहुंचे। सम्मेलन को वर्चुअल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। नव मतदाताओं ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषण में कई बार तालिया से जोरदार स्वागत किया। भाजपा विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवा नव मतदाता अपना वोट बनवाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने नव मतदाताओं से अपील की कि वह वोट देकर देश को सशक्त बनाएं। भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष मुनि भुसरी ने कहा भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कराए गए नमो नव मतदाता हजारों की संख्या में नव मतदाता सम्मेलन में पहुंचे। इससे लगता है कि नव मतदाताओं का रुझान पहले से और ज्यादा मजबूत हुआ है। इस मौके पर विधायक अरविंद पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, भाजपा युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष मनी भुसरी, सुभाष गुंबर, अतुल पांडे, खेमानंद जोशी, अभिषेक वर्मा, अनिल जेटली, वकील अरोड़ा, समान मुंजाल, प्रियांशु गुप्ता, आदित्य छाबड़ा, विक्रम सरकार, अनादी रंजन, सुरजीत सिंह सोनू सहित काफी संख्या में नव मतदाता मौजूद थे।

किच्छा में भी प्रधानमंत्री मोदी के ओजस्वी विचारों को सुना

किच्छा में मतदाता सम्मेलन का उद्घाटन करते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में नगर के बाईपास स्थित भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह के कार्यालय पर मतदाता दिवस को लेकर मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ओजस्वी विचारों को लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से आत्मसार किया गया।

वक्ताओं ने कहा कि देश भर में युवाओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से भाजपा द्वारा देश भर में कार्यक्रम किया गया है। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता धीरेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता दिनेश भाटिया, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, विशाल चौहान, राजकुमार कालरा, पराग अग्रवाल, हेमंत पाठक, विजेंद्र जोशी, नवीन टाकुली, हेमंत दानू, शशांक सिंह, अंशुमान श्रीवास्तव, मयंक सिंह, ललित कोरंगा, चंदन बिष्ट, अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

छात्रों और अध्यापकों ने प्रधानमंत्री को लाइव सुना

सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप कॉलेज में नमो नव मतदाता सम्मेलन का शुभारंभ करते विधायक व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार: खोखरातल रोड स्थित, सम्राट पृथ्वीराज चौहान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर किया। काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान ने कार्यक्रम में शामिल सभी नव मतदाताओं को शुभकामना दी। संस्थान के चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान ने मतदाता पहचान पत्र बनाने की जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज के सभी छात्रों एवं अध्यापकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को लाइव भी सुना। सम्मेलन में फार्मेसी विभाग के निदेशक डॉ. कपिल चौहान, नर्सिंग विभाग के प्रधानाचार्य डॉ. राजकुमार एवं स्नातक विभाग की प्रधानाचार्य डा. सीमा चौहान, संस्थान के सभी अध्यापक एवं भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

सही प्रतिनिधि के चयन के लिए जागरूक होना आवश्यक

काशीपुर। उदयराज हिन्दू इंटर कॉलेज में मतदाता दिवस पर संगोष्ठी हुई। इसमें प्रधानाचार्य ब्रजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि सही प्रतिनिधि चयन के लिए मतदाताओं का जागरूक होना अति आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत-प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। वहीं राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता मुकेश मिश्रा ने कहा कि देश के लिए लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था से बेहतर कोई अन्य व्यवस्था नहीं हो सकती है। संचालन मनोज विश्नोई ने किया। इस दौरान मेजर मनीष कांत शर्मा, रोशन लाल वर्मा, श्रवण कुमार मिश्रा, महेश चंद्र आर्य, मनोज शर्मा, विजय पाल सिंह चौहान, दीपक शर्मा, कपिल भारद्वाज, कौशलेश गुप्ता, पंकज कुमार तिवारी, प्रमोद कुमार, अमित वर्मा समेत शिक्षक व छात्र मौजूद रहे। उधर मतदाता दिवस पर फायर स्टेशन काशीपुर प्रभारी चंदन सिंह बिष्ट द्वारा कर्मचारियों को फॉलिंग कराकर मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।

सम्मान समारोह आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले कारसेवकों को भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक ने सम्मानित किया

राम मंदिर आंदोलन के बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार: अयोध्या राम मंदिर आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले कारसेवकों के लिए भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया, जहां कारसेवकों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। वहीं बलिदान कारसेवकों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

गुरुवार को सम्मान समारोह के दौरान चुघ ने कहा कि कार सेवकों के आंदोलन की बदौलत ही आज सैकड़ों वर्षों बाद राम मंदिर निर्माण का सपना साकार हुआ है। राम मंदिर निर्माण को लेकर देश में एक अलख जागी थी जिसको तमाम कारसेवकों ने प्रज्वलित किया और अपने जीवन का उत्सर्ग किया। ऐसे कई कारसेवक थे जिन्होंने कई दिनों तक जेल में सजा काटी और पुलिस की अमानवीयता भी सहन की, लेकिन आज उन्हीं के हौसलों की बदौलत देश राम राज्य की ओर अग्रसर हो रहा है।

उन्होंने बताया कि रंपुरा के भाजपा नेता राज कोली के पिताजी स्व. बलवंत कोली ने भी लोगों ने राम मंदिर आंदोलन में हिस्सा लिया। इसके अलावा तमाम कार सेवक हल्द्वानी, नैनीताल और बागेश्वर जेल में रहे थे, जिनमें से कुछ लोग वर्तमान समय में जीवित हैं और कुछ कारसेवक स्वर्गवासी हो गए हैं, जिसमें स्वर्गीय घासीराम, सुंदरलाल पंडित, रामकुमार पप्पू और भोले समेत कई कार सेवक शामिल थे। ऐसे में राम मंदिर निर्माण के बाद सम्मान करना गौरव की बात है। इस मौके पर राज कोली, विपिन कोली, आशीष श्रीवास्तव, ओम प्रकाश, राम भगत, कृष्ण कोली, दर्शन कोली, दीपक कोली, रंजीत कोली, सुनील कोली, रोहित कोली, शिवचरण, ओम प्रकाश, राजेंद्र कोली, पप्पू कोली, भोला कोली, रामकुमार, सौरभ कोली, राहुल कोली, पारस कोली, नरेश कोली, राजेश कोली, सतीश कोली आदि मौजूद रहे।

राम मंदिर कारसेवकों और परिजनों को सम्मानित करते चुघ। ● अमृत विचार

स्लोगन लेखन में प्रियांशी प्रथम

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : राधे हरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वनस्पति विज्ञान परिषद के तत्वावधान में स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं के लिए पर्यावरण विज्ञान सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर एक्सटेंपोर प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। इसमें जलवायु परिवर्तन, ओजोन क्षरण, जैव विविधता, ग्लोबल वार्मिंग, ग्रीन हाउस प्रभाव, चिपको आंदोलन, वायु प्रदूषण इत्यादि विषय शामिल थे।

साथ ही मोटे अनाज के महत्व पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता भी संपन्न हुई। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉ. एएस रावत, डॉ. रेणुका चौहान व डॉ. पिंकी चौबे द्वारा किया गया। एक्सटेंपोर प्रतियोगिता में श्रेया गौनियाल बीएससी तृतीय वर्ष ने पहला, मीनाक्षी कांडपाल बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने दूसरा और उन्नति सारस्वत बीएससी द्वितीय सेमेस्टर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रियांशी गर्ग बीएससी तृतीय वर्ष, जायरा जैदी बीएससी तृतीय वर्ष, महक व अल्फेज बीएससी तृतीय वर्ष क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। अंकिता रावत बीएससी तृतीय सेमेस्टर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर विभाग प्रभारी डॉ. आदित्य कुमार मौर्य, परिषद की संयोजिका डॉ. स्नेह लता, डॉ. विवेक केडिया उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के विजेताओं के साथ मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

एक नजर

बाइक को टक्कर मारने वाले कार चालक पर मुकदमा

काशीपुर। बाइक सवार तीन लोगों को घायल करने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में वार्ड नंबर-3 मोहल्ला नत्था सिंह जसपुर निवासी मो. इस्राइल ने बताया कि 21 जनवरी को उसका भाई एहतेशाम बाइक से जसपुर से काशीपुर जा रहे थे। बाइक पर उसके भाई के पीछे मोहल्ले के ही शादाब आलम व मोहम्मद शारिक बैठे थे। जैसे ही वह दोपहर करीब दो बजे संधु ढाबे के आगे प्लाईवुड फैक्ट्री के पास पहुंचे, तो सामने से आ रही कार के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। तीनों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को सरकारी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर करने पर उनका मुरादाबाद रोड स्थित दो अस्पतालों में उपचार चल रहा है। जहां उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

राष्ट्रीय सरस मेले के नाम पर रोजगार उजाड़ने का आरोप, जल्दी रोजगार चलाने की व्यवस्था न करने पर आंदोलन करेंगे

गांधी पार्क में फड़ और ठेला कारोबारियों का प्रदर्शन

रोष

ठेली व्यापारी एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सहित तमाम छोटे व्यापारी एकत्र हुए

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

रुद्रपुर के गांधी पार्क में प्रदर्शन करते ठेला व्यापारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: गांधी पार्क में हुए राष्ट्रीय सरस मेले के नाम पर ठेला-फड़ छोटे व्यापारियों को उजाड़ने का आरोप लगाते हुए फड़ ठेले वालों ने गांधी पार्क पर प्रदर्शन किया। उन्होंने चेताया कि यदि प्रशासन ने जल्द ही गांधी पार्क किनारे रोजगार चलाने की व्यवस्था नहीं की तो आंदोलन किया जाएगा।

गुरुवार को ठेली व्यापारी एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष सूरज सिंह कश्यप सहित तमाम छोटे व्यापारी गांधी पार्क में एकत्रित हुए और प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। उनका कहना था कि पहले प्रशासन ने जी-20 के नाम पर सैकड़ों दुकानदारों को बेरोजगार किया और अब गांधी पार्क में राष्ट्रीय सरस मेले के नाम पर गांधी पार्क मुख्य सड़क किनारे खड़े होने वाले ठेला-फड़ व्यापारियों को अंबेडकर पार्क के अंदर खड़ा होने का आदेश किया और आश्वासन दिया था कि मेले के समापन के बाद पुनः वही स्थान दिया जाएगा। प्रशासन का सम्मान कर ठेला व्यापारियों ने हामी भरी और अब जब मेला समाप्त हो गया तो प्रशासन गांधी पार्क सड़क किनारे स्थान नहीं दे रहा है। जिसकी वजह से रोजगार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगाह किया कि यदि जल्द ही पुनःअनुमति नहीं दी तो आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर राम प्रकाश, हिमांशु शर्मा, अर्जुन कोली, अनिल कोली, ओमप्रकाश कश्यप, राजेश रस्तोगी, गणेश कोली, राम चंद्र राठौर, सोनू रस्तोगी, प्रेम सिंह, राकेश राठौर आदि मौजूद रहे।

वाहन से कुचलने की कोशिश, दोषी को जेल

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

फैसला

वर्ष 2020 जसपुर कोतवाली का है मामला, एडीजीसी ने कोर्ट में पेश किए 11 गवाह

अमृत विचार : जसपुर कोतवाली इलाके में टक्कर मारकर कुचलने की कोशिश के दोषी को तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने साढ़े तीन साल का कारावास व 20 हजार रुपये का अर्थदंड देने की सजा सुनाई। इस दौरान एडीजीसी ने अदालत के सामने 11 गवाह पेश किए। दोनों पक्षों की जिरह सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुनाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता लक्ष्मी नारायण पटवा ने बताया कि ग्राम ध्यान नगर जसपुर निवासी सोहन लाल ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया था कि 19 नवंबर 2020 को गांव के ही मनोज कुमार और उसके साथी सत्यम व विकास ने उसके बेटे हेम राज से गाली गलौज कर बेरहमी से पिटाई की। साथ ही आरोपी मनोज कुमार ने बेटे को चार पहिया वाहन से कुचलने की धमकी भी दी थी। उसके बाद 20 नवंबर 2020 की शाम को मनोज कुमार ने बेटे हेमराज को जान से मारने की नीयत से पिकअप से टक्कर मारकर कुचलने की कोशिश की। डॉक्टरों ने बेटे की जिंदगी को बमुश्किल बचाया। प्रकरण में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चार्जशीट की। मामले की तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मीना देऊपा की अदालत में शुरू हुई।

70 साल के बुजुर्ग को गला रेतकर मार डाला

बिलासपुर के डिबडिबा से लगती कॉलोनी का मामला, उत्तर प्रदेश पुलिस डॉग स्क्वाड के साथ मौके पर पहुंची

वारदात

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

मृतक मुसाफिर।

अमृत विचार : रुद्रपुर कोतवाली से सटे यूपी की सेठी कॉलोनी में एक बुजुर्ग की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या की सूचना मिलते ही एसपी सिटी और सीओ ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया और वारदात की जानकारी ली। साथ ही डॉग स्क्वाड ने घटनास्थल का मुआयना कर पड़ताल की।

थाना बिलासपुर एवं रुद्रपुर कोतवाली से सटे यूपी सीमावर्ती गांव डिबडिबा स्थित सेठी कॉलोनी में 70 वर्षीय बुजुर्ग मुसाफिर साहनी अपने परिवार के साथ रहते थे। बुधवार को परिवार के सदस्य कहीं बाहर गए थे और घर पर मुसाफिर अकेले थे। बताया जा रहा कि बुधवार की देर शाम खाना खाकर बुजुर्ग अपने कमरे में सोने चले गए और गुरुवार की सुबह जब बुजुर्ग का पोता शंकर घर पहुंचा तो देखा कि मुसाफिर का खून से लथपथ शव बिस्तर पर पड़ा हुआ है। हत्यारों ने गला रेतकर निर्मम हत्या की थी।

सूचना पर एसपी सिटी अतुल श्रीवास्तव और सीओ बिलासपुर रवि कुमार मय पुलिस बल के घटना स्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। बुजुर्ग की हत्या तेज धारदार हथियार से गला रेतकर की गई थी और मौके पर संघर्ष के कोई निशान भी नहीं थे। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि बुजुर्ग मुसाफिर हत्याकांड

हत्याकांड की जानकारी लेती यूपी पुलिस। ● अमृत विचार

हत्या के बाद रोते बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

रुद्रपुर के भू-माफिया का नाम सामने आ रहा

बिलासपुर डिबडिबा की कॉलोनी सेठी कॉलोनी में बुजुर्ग मुसाफिर की निर्मम हत्याकांड को लेकर रुद्रपुर के भू-माफिया का नाम सामने आ रहा है। मृतक के पोते शंकर का आरोप था कि उसके दादा थाना बिलासपुर यूपी की सेठी कॉलोनी में रहते थे और उनकी वहां पर जमीन भी थी। मगर पिछले कुछ माह पहले दादा ने अपनी जमीन की चारदीवारी करवा दी थी। जिसको लेकर रुद्रपुर स्थित भुरारानी के भू-माफिया से विवाद भी हुआ था। आशंका जताई कि हत्याकांड को अंजाम भू-माफियाओं ने दिया होगा।

100 मीटर के फासले पर है सेठी-शारदा कॉलोनी

यूपी के बिलासपुर थाना इलाके की कॉलोनी सेठी कॉलोनी और शारदा कॉलोनी की दूरी महज 100 मीटर के फासले पर है। बताया कि मृतक मुसाफिर के दो बेटे सौ मीटर की दूरी स्थित शारदा कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं और बुर्जुग पिता मुसाफिर एक परिचित के साथ सेठी कॉलोनी स्थित एक कमरे में रहते थे। रोजमर्रा मृतक का पोता शंकर दादा को खाना देने आता था। गुरुवार की सुबह भी शंकर दादा को नाश्ता देने आया था, जिसके बाद ही हत्याकांड का पता चला।

हत्यारों के भागने मार्ग तक चला डॉग

मुसाफिर हत्याकांड को लेकर जब यूपी पुलिस की डॉग स्क्वाड की टीम का कुत्ते ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद घटनास्थल से लगभग दो सौ मीटर की दूरी तक चला और उसके बाद आगे नहीं बढ़ा। बताया जा रहा है कि सेठी और शारदा कॉलोनी से दो सौ मीटर स्थित एक मार्ग ऐसा है, जो रुद्रपुर के भूरारानी गांव के लिए निकलता है। ऐसे में पोते का बयान काफी हद तक हत्याकांड को अंजाम देने वाले भू-माफिया की ओर इशारा कर रहे हैं, जिसको लेकर यूपी पुलिस ने अपनी जांच की दिशा भू-माफिया की ओर घुमा दी है।

मुसाफिर हत्याकांड को लेकर यूपी पुलिस की तीन टीमें पड़ताल कर रही हैं। पुलिस ने घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और लगाए गए आरोपों के आधार पर अपनी जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को भी देखा जा रहा है। जल्द ही पुलिस हत्या का खुलासा करेगी।
-अतुल श्रीवास्तव, एसपी सिटी, रामपुर यूपी

को अंजाम देने वाले हत्यारे दो से अधिक रहे होंगे। यूपी पुलिस के अधिकारियों के आदेश पर डॉग स्क्वाड की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम में शामिल डॉग काफी दूर तक सूंघते हुए गया और कुछ दूर जाने के बाद रुक गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि हत्या पैदल आए होंगे और बाद में किसी वाहन का प्रयोग कर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने हत्याकांड को लेकर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है।

बाबा भारामल मंदिर के दोहरे हत्याकांड के चश्मदीद की मौत

जांच शुरू

कुटिया के पीछे नाले से बरामद हुआ शव, पुलिस ने विभिन्न पहलुओं से छानबीन शुरू की

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार: बीस दिन पहले बाबा भारामल मंदिर के महंत बाबा हरिगिरी और सेवादार की हत्या के चश्मदीद नन्हें की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। निर्माण कुटिया के पीछे नाले से बरामद हुआ उसका शव। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद संबंधियों को सौंप दिया। इधर नन्हें के दोहरे हत्याकांड से जुड़े होने के चलते मौके पर पहुंचे एएसपी मनोज कत्याल और चंद्रशेखर गोडबोले ने घटना स्थल पर लोगों से पूछताछ की।

मृतक नन्हे।

बाबा भारामल मंदिर के दोहरे हत्याकांड के दौरान नन्हे ही था जो बाबा हरिगिरि के साथ मारपीट के दौरान चश्मदीद भी था। वह बुधवार रात खटीमा स्थित निर्वाण कुटिया में कई अन्य लोगों के साथ सो रहा था। रात्रि में उसके अचानक गायब होने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उसकी खोज की गई लेकिन उसका पता नहीं चला। बाद में सीसीटीवी देखा गया जिसमें वह कुटिया के पीछे जाता दिखाई दिया। जिस पर पुलिस ने कुटिया के पीछे नाले में तलाश की तो उसका शव बरामद हुआ। जिसे कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया गया। आला अधिकारियों को सूचना मिलते ही एएसपी कत्याल और घोड़बोले मौके पर पहुंचे और वहां के लोगों से पूछताछ की। एएसपी कत्याल ने कहा कि प्रथम दृष्टया नाले में उसका पैर फंस जाने और ठंड से मौत प्रतीत होती है, लेकिन दोहरे हत्याकांड के समय का चश्मदीद भी था को देखते हुए पुलिस विभिन्न पहलुओं पर काम कर रही है। बाद में नन्हे का मुक्तिधाम के शमशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बता दें कि पांच जनवरी को बाबा भारामल मंदिर के बीसलपुर यूपी निवासी महंत बाबा हरि गिरि और बग्गा चौवन निवासी सेवादार रूप सिंह बिष्ट की नकाबपोश बदमाशों ने डंडों से पीटकर हत्या कर दी थी। वहीं बदमाशों ने बीसलपुर निवासी नन्हें को घायल कर दिया था जबकि एक अन्य जगदीश ने जंगल में भागकर जान बचाई थी। तक घायल नन्हे का नागरिक अस्पताल में इलाज हुआ था।

खटीमा में नन्हे की मौत के बाद पूछताछ करते एएसपी मनोज कत्याल। ● अमृत विचार

बरी अंजनिया से अज्ञात अधेड़ का शव मिला

खटीमा। पुलिस ने बरी अंजनिया गांव के पास रेलवे लाइन पार गन्ने के खेत से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। गुरुवार दोपहर बाद पीलीभीत रोड स्थित बरी अंजनिया गांव के पास गन्ने के खेत में शव होने की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक ललित बिष्ट टीम के साथ मौके पर पहुंच अर्धनग्न अवस्था में पड़े शव को कब्जे में ले लिया। मृतक करीब 50 वर्ष का है। पुलिस ने आसपास के थानों और चौकियों को सूचना दे दी है और सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड कर शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने के विरोध पर गार्ड को पीटा

संवाददाता, काशीपुर

शिकायत

मॉल की पार्किंग में अनाधिकृत रूप से गाड़ी खड़ी करने का मामला, जांच शुरू

अमृत विचार: मॉल की पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने को लेकर जिम स्वामी समेत उसके मैनेजर व तीन लोगों ने गार्ड की बुरी तरह पिटाई कर उसे घायल कर दिया।

ग्राम प्रतापपुर निवासी राजपाल सिंह रावत ने बताया कि वह चीमा चौराहा स्थित स्पेक्ट्रम मॉल में सिक्योरिटी सुपरवाइजर है। मॉल की निजी पार्किंग में पिछले कुछ दिनों से दढियाल मार्ग निवासी युवक द्वारा अनाधिकृत रूप से अपनी गाड़ी खड़ी की जा रही है। कई बार सिक्योरिटी गार्डों ने युवक से बात की कि वह मॉल की निजी पार्किंग में अपनी गाड़ी न खड़ा करें, जिससे रास्ता अवरुद्ध न हो। जिस पर युवक धमकी देने लगा, 24 जनवरी की प्रातः करीब 9.45 पर आरोपी दोबारा अनाधिकृत रूप से अपनी गाड़ी मॉल में खड़ी कर जिम चला गया। गार्ड विजय सिंह बिष्ट गाड़ी हटवाने के लिए उसके जिम में गया, तो युवक व उसके मैनेजर व तीन लोगों ने मिलकर गार्ड से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिसमें गार्ड विजय सिंह घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसा, आठ घरों के उपकरण फुंके

काशीपुर। हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर हेरिटेज कॉलोनी के आठ घरों में बिजली के उपकरण फुंक गए। साथ ही लाइन की चपेट में आकर एक व्यक्ति झुलसा भी बताया जा रहा है। थाना आईटीआई क्षेत्र के अंतर्गत हेरिटेज कॉलोनी में एक घर में गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। इस दौरान एक व्यक्ति घर को बिजली की लाइट व माला से सजा रहा था। इस दौरान झालर लगाते हुए समय उसका तार हाईटेंशन लाइन के संपर्क में आ गया और उसकी चपेट में आकर उस घर के आसपास के आठ घरों में बिजली के उपकरण फुंक गए। वहीं धमाके की आवाज भी हुई। जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। उधर बताया जा रहा है कि लाइट सजा रहा व्यक्ति भी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। जिसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जला

नुकसान

ग्रामीणों की तत्परता से आग को आसपास फैलने से रोका गया

संवाददाता, दिनेशपुर

दिनेशपुर के ग्राम अमृत नगर में सामान देकर पीड़ित परिवार की मदद करते लोग।

अमृत विचार : दुर्गापुर नंबर-1 में दोपहर में भीषण आग लगने से घर में रखा सामान जल गया। ग्रामीणों की तत्परता से आग को आसपास के घरों में फैलने से पहले काबू पा लिया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

गुरुवार को दोपहर में दुर्गापुर नंबर- एक निवासी बुजुर्ग महिला करुणा माली के घर पर अचानक भीषण आग भड़कने से देखते ही देखते घर में रखा फर्नीचर, कपड़े, बिस्तर, अनाज, इलेक्ट्रिक सामान, जेवरात एवं नगदी जल गयी। आग की लपटें देखकर आनन-फानन ग्रामीण इकट्ठा होकर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने हैंड पंप व आसपास के तालाब एवं नालियों से पानी से लेकर आग को फैलने से बचा लिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया था। गृह स्वामी ने बताया कि अब उनके पास तन में पहने हुए कपड़े ही बचे हैं। ग्राम प्रधान भावेश विश्वास की सूचना पर लेखपाल जगदीश दिगारी मौके में पहुंचे। उन्होंने घटना में हुए नुकसान का आकलन किया। सूचना मिलने पर मतुआ मिशन के अनुयायी डॉ. सुधीर राय, डॉ. शंकर हलदार, ग्राम प्रधान भावेश विश्वास एवं ग्रामीणों के सामाजिक संगठनों के लोगों ने पीड़ित परिवार के रहने व खाने एव बिस्तरे की व्यवस्था करायी।

कॉस्मेटिक की दुकान में धधकी आग

रुद्रपुर। थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में एक कॉस्मेटिक की दुकान में धधकी आग से हजारों रुपये का सामान जलकर स्वाहा हो गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। ट्रांजिट कैंप के आजाद नगर निवासी सतबीर सिंह की श्मशान घाट रोड पर कामिनी कॉस्मेटिक के नाम से दुकान है। बताया जा रहा है कि रोजमर्रा की भांति बुधवार की रात को दुकान स्वामी ने दुकान बंद की और गुरुवार की सुबह पड़ोसियों का फोन आया कि दुकान के अंदर से धुआं उठ रहा है। सूचना मिलने ही सतवीर मौके पर पहुंचे और जैसे ही दुकान का शटर उठाया। वैसे ही आग की लपटे उठने लगी। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां भी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। दुकान स्वामी ने बताया कि अग्निकांड से दुकान में रखा हजारों का माल जलकर स्वाहा हो गया। क्षति का अभी आकलन नहीं हुआ है। अनुमान है कि 80 से 90 हजार रुपये का नुकसान हुआ होगा।

आरोप न्यायालय के निर्देश पर पुलभट्टा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की

इंजीनियर समेत दो ने की खेत से मिट्टी उठाने के नाम पर धोखाधड़ी

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार: पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में पीड़िता महिला ने गल्फार इंजीनियरिंग एंड कांट्रेक्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इंजीनियर सहित दो अन्य लोगों पर खेत से मिट्टी उठाने के नाम पर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। न्यायालय के निर्देश पर पुलभट्टा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

न्यायालय के निर्देश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम बरी निवासी सावित्री देवी पत्नी स्वर्गीय राजकुमार ने कहा कि मैसर्स गल्फार इंजीनियरिंग एंड कांट्रेक्टिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के इंजीनियर आइडिया कॉलोनी, लालपुर, थाना किच्छा निवासी गिरीश कुमार तथा ग्राम हरहरपुर, डूडासोमाली, थाना बहेड़ी, जिला बरेली निवासी ताहिर हुसैन तथा एक अन्य व्यक्ति द्वारा खेत से मिट्टी उठाने के नाम पर पीड़िता के साथ धोखाधड़ी की गई। पीड़िता सावित्री देवी ने बताया कि उसका खेत खसरा संख्या 457 रकबा 1.801 हेक्टेयर ग्राम बरा में स्थित है। पीड़िता के अनुसार इंजीनियर गिरीश कुमार व ताहिर हुसैन सहित एक अन्य व्यक्ति के साथ पीड़िता की पूरे खेत से मिट्टी उठाने की बात हुई थी तथा आरोपियों द्वारा पीड़िता के साथ एक इकरारनामा शपथ पत्र लिखकर दिया गया, जिसमें पूरे खेत से मिट्टी उठाने की परमिशन गल्फार इंजीनियर कंपनी द्वारा कराए जाने की पूरी जिम्मेदारी लिखी गई थी। पीड़िता के अनुसार आरोपियों द्वारा धोखाधड़ी करते हुए प्रशासन से मिट्टी उठाने की परमिशन नहीं कराई गई तथा उठाई गई मिट्टी का भुगतान भी पीड़िता को नहीं किया गया।

पीड़िता ने शिकायत में कहा कि आरोपी गिरीश कुमार ने अपने साथी ताहिर हुसैन को कंपनी का प्रबंधक बताते हुए शपथ पत्र इकरारनामा नोटरी कराकर दिया था लेकिन बाद में पता चला कि आरोपी ताहिर हुसैन प्रबंधक नहीं बल्कि ग्राम बहेड़ी निवासी आम व्यक्ति है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इस संबंध में उसके द्वारा जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर एवं पुलभट्टा थाना पुलिस को लिखित सूचना दिए जाने के बावजूद भी कोई कार्यवाई नहीं की गई।

फर्जी बीमा बनाकर बेच दिया ट्रक

काशीपुर। एक व्यक्ति ने ठाकुरद्वारा निवासी एक अन्य व्यक्ति पर ट्रक बेचने व ट्रक ट्रांसफर के दौरान उसे फर्जी बीमा देने का आरोप लगाकर कोर्ट को प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।विशाल नगर, जसपुर खुर्द निवासी रविन्दर सिंह न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिए प्रार्थना में कहा कि उसे एक पुराना ट्रक खरीदना था। वह ट्रक की तलाश कर रहा था। इस दौरान उसकी मुलाकात ठाकुरद्वारा के मोहल्ला ताली निवासी अहमद अली से हुई। उसने कहा कि उसके पास ट्रक है। वह उसे बेचना चाहता है। ट्रक का सौदा 6 लाख 55 हजार में हो गया। अहमद अली ने ट्रक को मुरादाबाद संभागीय कार्यालय से एनओसी लेकर काशीपुर उप-सम्भागीय कार्यालय में उसके नाम ट्रांसफर कराने की बात कहकर ट्रक का बीमा 15 नवंबर 2022 से 14 नवंबर 2023 तक होने की बात कही। ट्रक को विनोद कुमार नाम का व्यक्ति चला रहा था। इस बीच कुण्डा थाने में 2023 में एक मुकदमे के चक्कर में पीड़ित ने अपने ट्रक की जमानत अपने अधिवक्ता के माध्यम से कराई, तो जांच में पता चला कि इंश्योरेंस फर्जी है और उपरोक्त अहमद अली की ओर से उससे धोखाधड़ी की गई है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खाते से निकाले एक लाख 99 हजार

संवाददाता, किच्छा

साइबर ठगी

सोशल मीडिया पर पासपोर्ट के संबंध में जानकारी हासिल करने पर फंसा युवक

अमृत विचार: सोशल मीडिया पर पासपोर्ट के संबंध में जानकारी हासिल करना युवक को महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने पीड़ित के खाते से एक लाख 99 हजार 450 रुपये की धनराशि निकाल ली। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली अंतर्गत ग्राम सैंजना निवासी मानवेंद्र सिंह पुत्र अयोध्या प्रसाद ने बताया कि उसके द्वारा पासपोर्ट ऑफिस में पासपोर्ट बनाने का आवेदन किया गया था। पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल पर पासपोर्ट के पते में भिन्नता का मैसेज प्राप्त होने के बाद उसके द्वारा पासपोर्ट के संबंध में इंटरनेट पर सर्च किया गया। पीड़ित के अनुसार इंटरनेट पर सर्च करने के कुछ देर बाद उसके पास फोन आया और पासपोर्ट के संबंध में बात करते हुए फोन करने वाले व्यक्ति ने 5 रुपए की धनराशि ट्रांसफर करने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा 5 रुपए ट्रांसफर कर दिए गए। पीड़ित ने बताया कि कुछ देर बाद अज्ञात ठगों द्वारा उसके खाते से 99 हजार 500 रुपए की धनराशि निकाले जाने का मैसेज मिलने पर उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा किसी भी व्यक्ति को इतनी बड़ी धनराशि का कोई लेनदेन नहीं किया गया। पीड़ित के अनुसार पैसे कटने की सूचना के बाद उसने किच्छा में केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक को मामले से अवगत कराया और आवश्यक कार्य से शहर से बाहर चला गया।

पीड़ित ने बताया कि अगले दिन फिर 24 घंटे बाद साइबर ठगों ने उसके खाते से 99 हजार 950 रुपए की धनराशि निकाल ली। पीड़ित में अज्ञात आरोपियों द्वारा एक 1 लाख 99 हजार 450 रुपए की धनराशि निकालकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस से कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए जांच शुरू कर दी है।

रुद्रपुर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष का निर्विरोध चुना जाना तय

11 साल बाद होने जा रहे चुनाव, अध्यक्ष पद पर किसी अन्य प्रत्याशी ने नहीं खरीदा नामांकन पत्र, समर्थकों में खुशी, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

▸▸ अन्य पदों के लिए पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे

कार्यालय संवाददाता, रुद्रपुर

अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल रुद्रपुर कार्यकारिणी के 11 साल बाद होने जा रहे चुनाव में एक बार फिर निवर्तमान अध्यक्ष संजय जुनेजा निर्विरोध जीतकर इतिहास रचने जा रहे हैं।

अध्यक्ष पद पर किसी भी दावेदार के नामांकन पत्र नहीं खरीदने पर चुनाव संचालन समिति ने जुनेजा के निर्विरोध निर्वाचित होने की बात कही है। इसके बाद जुनेजा समर्थकों ने माला पहनाकर स्वागत किया और अब महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।

बताते चलें कि जिले की सबसे बड़ी व्यापार मंडल की कार्यकारिणी निर्वाचन पर कई बार ग्रहण लगने के बाद 25 जनवरी को चुनाव संचालन समिति की देखरेख में सुबह दस बजे से नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। मगर अध्यक्ष पद पर किसी भी दावेदार द्वारा दावेदारी नहीं करने पर 11 साल एक बार पुनःनिवर्तमान अध्यक्ष संजय जुनेजा निर्विरोध अध्यक्ष घोषित हो जाएंगे, जबकि जुनेजा अपने समर्थकों के साथ बाटा चौक पर नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन निर्विरोध चुने जाने की संभावना के बाद समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। समर्थकों ने माला पहनाकर जुनेजा का स्वागत शुरू कर दिया। उधर, मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क ने बताया कि 25 जनवरी को अध्यक्ष पद पर कोई भी दावेदारी नहीं आने पर नियमानुसार संजय जुनेजा को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया जाना तय है। इसके अलावा महामंत्री पद पर हरीश अरोरा व मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष पद पर बलविंदर सिंह बल्लू, पवन गाबा और संदीप राव ने नामांकन दाखिल किया है। पांच प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, जिसका फैसला 27 व 28 जनवरी को नामांकन पत्र वापसी व प्रपत्रों की जांच के बाद होगा। फिलहाल दो पदों पर मतदान होने की संभावना है।

नामांकन पत्र दाखिल करते महामंत्री पद के दावेदार मनोज छाबड़ा। ● अमृत विचार

पिछले चुनाव में 700 वोटों से जीते थे जुनेजा

वर्ष 2013 में हुए प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की नगर कार्यकारिणी के चुनाव में दूसरी बार अध्यक्ष चुने संजय जुनेजा का मुकाबला किशन सहगल से हुआ था, 1393 मतदाताओं में से 700 वोटों जुनेजा विजयी घोषित हुए थे। बावजूद 11 साल बाद हुए चुनाव में वर्ष जनवरी 2024 में जुनेजा ने निर्विरोध जीतकर एक बार फिर व्यापारियों का नेतृत्व करने का मौका कब्जा लिया। इस बार जुनेजा 3103 व्यापारियों का नेतृत्व करेंगे।

निर्विरोध जीतने की संभावना के बाद जुनेजा का स्वागत करते समर्थक। ● अमृत विचार

राजनेताओं का वर्चस्व भी लगा दांव पर

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल चुनाव को लेकर जहां व्यापारियों के आपसी गुट भी अपने-अपने प्रत्याशियों को जीतने में जोर आजमाइश कर रहे हैं। वहीं महामंत्री पद पर खड़े दो दिग्गज प्रत्याशियों को लेकर राजनेताओं का वर्चस्व भी दांव पर लगा हुआ है, क्योंकि महामंत्री पद के दावेदार हरीश अरोरा किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के ससुर हैं तो दूसरी ओर मनोज छाबड़ा पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के बेहद करीबी माने जाते हैं। चर्चा है कि अपने-अपने करीबियों व रिश्तेदार को जिताने में दोनों ही नेता कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

मतगणना का जिम्मा निभाएगी समिति

चार फरवरी को होने वाले मतदान व मतगणना को पूर्ण करने की जिम्मेदारी चुनाव संचालन समिति की रहेगी। जिसकी देखरेख मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क व उनकी 16 सदस्यीय सहायक निर्वाचन अधिकारी करेंगे। मतदान प्रक्रिया का समय सुबह दस बजे से शाम चार बजे और पांच बजे के बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिसकी सारी तैयारी पूर्ण की जा चुकी है।

मतदान प्रक्रिया में रहेंगे स्कूलों के शिक्षक

व्यापार मंडल चुनाव के मुख्य चुनाव अधिकारी सुरमुख सिंह विर्क ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पहली बार मतदान प्रक्रिया केंद्र के अंदर स्कूलों के शिक्षकों को रखा जाएगा। जिनका कार्य मतदाताओं को प्रत्याशियों की पर्ची को निशान लगाने का कार्य करेंगे। इसके अलावा मतदान केंद्र के बाहर चुनाव संचालन समिति की टीम मतदान प्रक्रिया की निगरानी करेगी। बताया कि शिक्षकों से मतदान प्रक्रिया पूर्णतया पारदर्शी रहेगी।

एक शाम शहीदों के नाम में होंगे सम्मानित

संवाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूर्व सैनिकों ने विचार विमर्श किया। बैठक गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर के तत्वावधान में हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों को दायित्व सौंप गए।

गुरुवार को सैनिक भवन चक्कीमोड़ में गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति गदरपुर ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व कै.धन सिंह कोरंगा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि कार्यक्रम में देश की सेवा करते शहीदों के परिजनों एवं देश की रक्षा के लिए कारगिल लड़ाई व अन्य युद्ध लड़ चुके पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया जाएगा।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर ने कहा कि रामलीला मैदान चक्कीमोड़ में कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण होगा एवं को दोपहर 12 बजे से शाम पांच बजे तक क्षेत्र के विद्यालयों के नन्हे- मुन्ने बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं देशभक्ति पर आधारित गीतों के साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए जाएंगे। संचालन पूर्व सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान ने किया। बैठक में पूर्व सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, सूबेदार लाल सिंह नयाल, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, दरवान सिंह देऊपा, कैलाश पाठक, दान सिंह बड़ती, खुशाल सिंह बोरा, दान सिंह कार्की, राजेंद्र सिंह पानू, भुपाल सिंह कोरंगा, महेंद्र सिंह पपोला, कुंदन सिंह खनका, भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, महिपाल सिंह कोश्यारी, विनोद भट्ट, खेम सिंह गड़िया, रमेश कन्याल, राजेंद्र सिंह कोरंगा आदि थे।

दिनेशपुर में बैठक में शामिल पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

द एलीट क्लब ने वितरित किये जरूरतमंदों को कंबल

काशीपुर। द एलीट क्लब का शीतलहर में तीसरे चरण में गर्म कपड़ों का वितरण जारी है। क्लब सदस्यों ने सार्वजनिक स्थलों एमपी चौक, रोडवेज बस स्टैंड, सरकारी हॉस्पिटल व फ्लाई ओवर के नीचे सोने वाले परिवारों एवं आर्थिक तंगी से जूझ रहे विजयनगर व गड्ढा कालोनी मे जरूरतमंद परिवारों को कपड़े ओर रजाई भेंट की। क्लब अध्यक्ष नदीम अख्तर और उपाध्यक्ष राशिद अली, महासचिव अली अनवर एडवोकेट ने छह-छह सदस्यों की टीम बनाकर 150 महिलाओं और बच्चों के कोट भी जरूरत मंद परिवारो में वितरित किये। इस दौरान आलमगीर, राशिद अली, दानिश चौधरी, सुशील, आमिर, अफसार खान, सुरेंद्र सिंह, मोहसिन, वाशिफ, मोहम्मद, आसिफ, अंकित प्रजापति, अनस सहित दर्जनों सदस्य शामिल रहे।

भाजपा प्रदेश की पांचों सीटें भारी मतों से जीतेगी : भगत

संवाददाता, खटीमा

अमृत विचार : कालाढूंगी से भारतीय जनता पार्टी के विधायक बंशीधर भगत ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। इसमें लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

लोनिवि विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर विधायक भगत ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बल पर ही चुनाव जीता जाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनजन तक पहुंचाते हुए लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरी तरह जुटने को कहा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की पांचों सीटों पर भारी अंतर से जीत हासिल करेगी। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, अमित कुमार पांडे, दिगंबर कन्याल, रमेश जोशी, राहुल सक्सेना, नवल वाल्मीकि, सुभम वाल्मीकि, रेनू भण्डारी, संतोष गौरव, ललित जोशी, बल्देव सिंह, अनुपमा शर्मा, विस्तारक आलोक तिवारी, अशोक दास, मंजू नेगी, तारा बिष्ट आदि थे। बाद में विधायक भगत पूर्व नगर अध्यक्ष संजीव बत्रा के आवास पर पहुंचकर उनकी माताजी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की। यहां सुधीर बत्रा, चिरंजीव बत्रा, हैप्पी बत्रा, जतिन बत्रा, कार्तिक गहतोड़ी, पूजा बत्रा, प्रमोद गहतोड़ी, सोनिया सुनेजा, अरूण सक्सेना, श्वेता बत्रा, बीना बत्रा, ओनम बत्रा आदि थे।

खटीमा में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेते कालाढूंगी के विधायक बंशीधर भगत।

खटीमा में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करतीं सोसायटी डायरेक्टर नीता सक्सेना।

जरूरमंदों को कंबल और वस्त्र बांटे

खटीमा। मोनाल वेलफेयर सोसाइटी में कड़ाके की सर्दी से लोगों को राहत पहुंचाने के तहत जरूरमंद लोगों को कंबल और वस्त्र वितरित किए। समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से यह कार्य किया जा रहा है। समिति की डायरेक्टर नीता सक्सेना ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय नौसर पटिया में कैंप लगाकर जरूरतमंद बुजुर्गों को 20 कंबल तथा जरूरतमंद कमजोर वर्ग के लोगों को 500 वस्त्रों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सोसाइटी हर वर्ष जरूरतमंदों को यह सुविधा मुहैया कराती आ रही है और भविष्य में भी कराती रहेगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान महेंद्र निषाद, पूरन जोशी, रीतांशी गुप्ता, डॉ. नीरज सक्सेना, प्रधानाचार्य मनीषा पंत, नीलकंठ गहतोड़ी उपस्थित थे।

तीन युवकों ने मासूम से किया कुकर्म

रुद्रपुर, अमृत विचार: थाना ट्रांजिट कैंप में तीन युवकों की ओर से मासूम के साथ कुकर्म करने का मामला सामने आया है। तीन युवक सिडकुल ढाल स्थित एक सुनसान स्थान पर गए। इसी दौरान वहां से एक मासूम गुजर रहा था। आरोप है कि युवकों ने मासूम को धोखे से बुलाकर उसके साथ कुकर्म की घटना को अंजाम दे दिया।

इसके बाद गुरुवार की सुबह मासूम ने मां को बताया कि जगतपुरा निवासी सगीर मलिक व मस्तकीम और अटारियां ढाल निवासी अरमान व एक अन्य युवक ने उसे बुलाकर उसके साथ कुकर्म किया। पुलिस ने पीड़ित की मां की तहरीर पर तीन नामजद व एक अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

नैनो यूरिया की जानकारी दी

नैनो यूरिया व नैनो डीएपी की जानकारी देते इफ्को के वितरण प्रबंधक। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : इफ्को राज्य वितरण प्रबंधक राकेश कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को नैनो यूरिया और नैनो डीएपी की गुणवत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

गुरुवार को पुरानी अनाज मंडी स्थित इफ्को किसान सेवा केंद्र पहुंचे। उन्होंने किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान किसान हरजिंदर सिंह ने बीस एकड़ फसल के लिए करीब सात हजार का नैनो डीएपी और नैनो यूरिया खरीद कर ले गए। इसके बाद इफ्को राज्य वितरण प्रबंधक राकेश श्रीवास्तव ने आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग उत्तराखंड धर्म सिंह सत्तू से शिष्टाचार भेंट की।

जहां उन्होंने गन्ने की फसल में उपयोग होने वाले उर्वरकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूरिया की किल्लत होने पर नैनो यूरिया तरल का प्रयोग करके फसल एवं मिट्टी के पोषण को पूरा किया जा सकता है। नैनो यूरिया के उपयोग से किसान को अच्छी लागत मिलती है तथा फसल की पैदावार में भी बढ़ोत्तरी होती है। वहीं सरकार पर पड़ने वाले सब्सिडी का भारी भरकम बोझ भी काम हो जाता है। वहां पर क्षेत्रीय प्रबंधक नीरज डोभाल, आनंद सिंह, सोनू कुमार, राजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर तीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई

काशीपुर। गैंग बनाकर हथियारों के बल पर बैंक लूट की घटनाओं को अंजाम देने व दहशत फैलाने पर जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय प्राप्त आदेशानुसार गैंग बनाकर हथियारों के बल पर बैंक लूट घटनाओं को अंजाम देने व दहशत फैलाने व अवैध रूप से धन उपार्जन कर अपने तथा अपने परिवार का भरण पोषण करने पर थाना सदर जिला तरनतारन पंजाब निवासी जुगराज सिंह व उसके सदस्य अर्शदीप सिंह व जगजीत सिंह पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

पहाड़ी क्षेत्र से गांजा लाकर बेचने में दो लोग गिरफ्तार

जसपुर। पुलिस ने दो तस्करों को 2.700 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। गांव बुढ़ान पुर थाना भगत पुर मुरादाबाद नौशाद पुत्र शाहिद व जमालुद्दीन पुत्र कमालुद्दीन निवासी निझड़ा फार्म थाना आईटीआई काशीपुर को सूत मिल तिराहे जसपुर से 2 किलो 700 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। कोतवाल आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि ये दोनों पहाड़ी क्षेत्र से गांजा लाकर जसपुर में बेचने का काम करते थे।

सड़क किनारे मिला ट्रक चालक का कुचला हुआ शव

काशीपुर। थाना आईटीआई पुलिस को सड़क किनारे ट्रक चालक का बुरी तरह कुचला शव मिला। शव की पहचान चैती चौराहा निवासी के रूप में हुई है। थाना आईटीआई को डायल 112 से सूचना मिली कि बल्ली ढाबा थाना क्षेत्र आईटीआई मुख्य हाइवे के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है, जिसके सिर व पैर पूरी तरह से कुचले हुए हैं। पुलिस ने जानकारी जुटा शव की शिनाख्त ट्रक चालक चैती चौराहा, काशीपुर निवासी गुरमुख सिंह के रूप में की। वहीं पास से एक ट्रक भी पुलिस को खड़ा मिला। प्रथम दृष्टया पुलिस घटना को हिट एंड रन का मामला मान रही है। मौके पर मृतक के परिजन भी पहुंच चुके थे। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

निवर्तमान थानाध्यक्ष को दी विदाई

संपाददाता, दिनेशपुर

अमृत विचार : तेज तर्रार व सद्भावना से कार्य करने वाले निवर्तमान थानाध्यक्ष अनिल उपाध्याय के स्थानांतरण होने पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रधानों ने शाधे समारोह में उपाध्याय को शाल उड़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

निवर्तमान थानाध्यक्ष उपाध्याय ने कहा कि जनता की सेवा करने में जनता के सहयोग के बिना कुछ हासिल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से कार्य करते हुए लगभग दो वर्ष बीतने का उन्हें पता ही नहीं चला। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि निवर्तमान थानाध्यक्ष उपाध्याय ने अपने कार्यकाल में अमन चैन स्थापित करते हुए क्षेत्र की जनता की सेवा की। अपराधों में नियंत्रण रखते हुए यातायात व्यवस्था के लिए लोगों को जागरूक किया। नशे के खिलाफ अभियान चलाते हुए काफी हद तक रोकथाम की। जनप्रतिनिधियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मौके पर कूल्हा प्रधान सुंदर गिरी गोस्वामी, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, मदनापुर प्रधान हेमगिरी गोस्वामी उर्फ हिमांशु, धीमरी ब्लॉक प्रधान प्रतिनिधि अजय राजपूत, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, डॉ सिमरन पांडे, प्रवीन नारंग आदि थे।

निवर्तमान थानाध्यक्ष के स्थानांतरण पर स्मृति चिन्ह भेंट करते जन प्रतिनिधि।

अश्लील फोटो वायरल करने की जांच शुरू की

संवाददाता, किच्छा

अमृत विचार : पुलभट्टा थाना अंतर्गत क्षेत्र में दो युवकों की ओरसे फोन पर एक महिला के संबंध में अश्लील बातें कर ऑडियो रिकॉर्डिंग एवं अश्लील फोटो वायरल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम निवासी पीड़िता ने बताया कि ग्राम पटेरी, थाना पुलभट्टा निवासी इंद्रपाल एवं ग्राम अजीतपुर, थाना पुलभट्टा निवासी कैलाश चंद्र के बीच पीड़िता के संबंध में फोन पर वार्तालाप हुई थी। इसमें दोनों आरोपियों द्वारा पीड़िता को चरित्रहीन बताते हुए उसके शारीरिक संबंध अपने मौसेरे भाई एवं मौसा के संबंध में झूठी वार्तालाप कही गई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी इंद्रपाल ने अपने मोबाइल पर वार्ता की ऑडियो रिकॉर्डिंग कर तमाम लोगों को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिससे पीड़िता की लगातार बदनामी हो रही है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी द्वारा उसके पति को भी मनगढ़ंत फोटो एवं ऑडियो रिकॉर्डिंग भेज कर पीड़िता के चरित्र पर दाग लगाने का काम किया जा रहा है। पीड़िता ने आरोपी इंद्रपाल पर सोशल मीडिया के माध्यम से धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

बालिका टॉयलेट का लोकार्पण

नवनिर्मित टॉयलेट एवं हैंड वॉश सुविधा का लोकार्पण करते रोटेरियन पवन अग्रवाल। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : जीजीआईसी काशीपुर में रोटरी क्लब ऑफ काशीपुर कॉर्बेट की ओर से निर्मित टॉयलेट ब्लॉक एवं हैंड वॉश सुविधा का रोटेरियन पवन अग्रवाल की ओर से लोकार्पण किया गया।

ग्लोबल ग्रांट 2017-18 के अन्तर्गत रोटरी फाउंडेशन, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3110 एवं 5840 द्वारा अनुदानित ब्लॉक को विद्यालय को प्रदान किया गया।

पवन अग्रवाल ने कहा कि रोटरी सदैव बालिकाओं के विकास एवं शिक्षा के लिए तत्पर रही है और आगे भी यथा सम्भव सहयोग करती रहेगी। प्रधानाचार्य गीता जायसवाल ने समय-समय पर सहयोग देने के लिए क्लब का आभार जताया। क्लब अध्यक्ष डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय ने कहा कि वर्तमान समय में बालिकाएं हर क्षेत्र में अग्रणी हैं, ऐसे में हमारा फर्ज बनता है कि उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं।

प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर राजीव घई ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सचिव सुरुचि सक्सेना, पवन कपूर, सुभाष शर्मा, टीएस सोढ़ी, चक्रेश जैन सहित विद्यालय स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

बाजपुर के राजकीय इंटर कालेज बरहैनी में मतदाता दिवस की शपथ दिलाते एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र बसेड़ा। ● अमृत विचार

जसपुर के आरएलएसएम डिग्री कॉलेज में आयोजित विचार गोष्ठी में भाग लेते लोग। ● अमृत विचार

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता एवं मतदान अहम

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप समिति और निर्वाचक साक्षरता क्लब की ओर से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता, बाजपुर

अमृत विचार: गुरुवार को राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वीप समिति और निर्वाचक साक्षरता क्लब द्वारा 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 'लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में मतदाता की भूमिका' विषय पर मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी ने विद्यार्थियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी डा.बृजेश कुमार जोशी ने विद्यार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों को लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में मतदाता एवं मतदान की अहम भूमिका की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डा.रीता सचान ने की। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, राजस्व विभाग के विपिन चौहान व मो.इजराइल, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप डा.वंदना, प्राध्यापक रोहित कुमार, डा.अनिल सैनी,डा.अतुल उप्रेती, डा.दर्शना पंत, डा.मनप्रीत सिंह, डा.प्रदीप दुर्गापाल, डा.संध्या चौरसिया, डा.सूरजपाल सिंह, डा.जया कांडपाल, डा.अतीश वर्मा, डा.जयसिंह, डा.संजय बिष्ट, डा.खेमखरण, डा.पूजा रानी, डा.नीलम मनोला, डा.मेहराज बानो, हितेंद्र शर्मा, दीपा आर्या आदि मौजूद रहे। वहीं शतायु मतदाता नंदी देवी व दिव्यांग मतदाताओं मुकुल सरकार, शांति विश्वास, अफसाना, फहीम, शकील एवं महेश कुमार को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की स्वीप समिति द्वारा 18 दिसंबर को करवाए गए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए जिसमें विजेता विद्यार्थियों नियति जीना, लोकेश चौहान, लता, एंजिला मित्तल, आरती को भी पुरस्कृत किया गया। राजकीय इंटर कालेज बरहैनी में आयोजित कार्यक्रम में एनएसएस के जिला समन्वयक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने सभी को मतदान करने को शपथ दिलवाई। इस मौके पर प्रधानाचार्य महेश कुमार, एनएसएस अधिकारी लीलाधर पलड़िया, बीएलओ प्रेमा जोशी, गीता सती, रेखा सैनी, हेमा भट्ट, स्वर्णा देवी, शिक्षक चंद्रप्रकाश गौतम, अमित अग्रवाल, आशुतोष जोशी, सुनील सक्सेना, रजनी शर्मा, अनिल कुमार मनोरी, सुरेश भट्ट आदि मौजूद थे।

राजकीय इंटर कालेज हरिपुरा हरसान में बीएलओ उर्मिला पाठक भाग संख्या-46 तथा सुपरवाइजर विनोद गोस्वामी, भाग संख्या 42 रेखा जोशी, भाग संख्या 44 अनीता बेलवाल , भाग संख्या 45 भागा देवी आदि द्वारा फार्म भरवाए गए। रामराज रोड स्थित बहु.प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति में समिति के प्रबंध निदेशक हेम चंद्र कांडपाल ने समिति कर्मचारियों व कृषकों को मतदाता शपथ दिलाई।

इस मौके पर फूल चंद्र सैनी, ललित कुमार, ओमप्रकाश रावत, पूजा, शिवम, मोहन सिंह, संजय, सूरज, श्याम सुंदर, वेदप्रकाश आदि रहे। वहीं श्रीरामभवन धर्मशाला में नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा रवि पाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार, मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान, जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर भट्ट, जिला मंत्री विकास गुप्ता, विहिप गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस, वीरेंद्र बिष्ट, नरेंद्र चौधरी, पूजा जिंदल कृष्ण कुमार जोशी, कन्नू जोशी, प्रवीण सिंह, विस्तारक विनोद तिवारी, संजीव कुमार, राजेश कुमार सैनी, परविंदर सिंह विर्क आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बाजपुर में 107 वर्षीय मतदाता को सम्मानित करते एसडीएम आरसी तिवारी व अन्य।

107 वर्षीय प्रकाश देवी का सम्मान किया

बाजपुर। मतदाता दिवस पर गुरुवार को एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी द्वारा नगरपालिका के अंतर्गत आलापुर में 107 वर्षीय प्रकाश देवी के निवास पर पहुंचकर उन्हें शाल ओढ़ाकर व फूल माला पहनकर सम्मान किया गया और उनकी दीर्घायु की कामना की गई। इस मौके पर तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट, भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा, राजकिशोर, ब्लाक कोआर्डिनेटर बृजबाला शर्मा, कानूनगो सुनीति पाल आदि मौजूद रहे।

बिना प्रलोभन के मतदान करने की दिलाई शपथ

किच्छा। नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में युवाओं ने सामूहिक रूप से भारतीय चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित शपथ ग्रहण की। इस दौरान स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 40 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में डॉ उमराव सिंह ने कहा कि मतदाता दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच मतदान संबंधी जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें मतदान के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ उमराव सिंह ने किया।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मानित होते मतदाता। ● अमृत विचार

राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी

जसपुर। क्षेत्र के गांव किशनपुर, जसपुर स्थित आरएलएस मैमोरियल में रास्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्या डॉ. भुवनेश कुमारी ने सभी को मतदान में शतप्रतिशत प्रतिभाग करने की शपथ भी दिलाई। संस्था के सचिव इंजीनियर विनय चौहान ने मतदान पर प्रकाश डाला। कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां सभी को समान अधिकार है। लोकतंत्र में जनता द्वारा, जनता के लिए और जनता का शासन होता है, 26 जनवरी को भारत का संविधान लागू हुआ था। इसके बाद से भारत एक संवैधानिक राष्ट्र बन गया।प्राचार्या डॉ भुवनेश कुमारी जी ने कहा कि भारत मे जनता मतदान करके अपना शासक चुनती है और पांच साल के कार्यकाल में उसके कार्य का निरीक्षण करके दोबारा उसे सत्ता में लाना है या नहीं। ये अगले मतदान में निर्धारित करती है, जिसके कारण सत्ता में सही प्रतिनिधि नहीं पहुंच पाता और समाज व राष्ट्र विकास के पथ से विमुख होने लगता है। डॉ. अशोक दत्त नोटियाल ने कहा कि भारत के हर नागरिकों को उनके अधिकार व कर्तव्य के प्रति जागरूक करने और मत का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जाता है। गोष्ठी के अलावा जागरुकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर प्रो. मोहम्मद सलीम, प्रो. विपिन कुमार, प्रो. आसमा परवीन, प्रो. सुभाष कुमार ,सचिन कुमार, मोहम्मद दानिश, प्रीति, अभिलाषा, गीता, कुणाल, शिवानी, राजवीर, विवेक, दीपक आदि मौजूद रहे।

भागवत कथा से तीर्थ में तब्दील हो जाते हैं घर

संवाददाता, शांतिपुरी

अमृत विचार: स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जवाहरनगर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के तीसरे दिन अपने प्रवचनों में कथा व्यास पंडित कपिल देव महाराज ने कहा कि जिस घर व नगर में श्रीमद् देवी भागवत महा पुराण कथा का आयोजन होता है वह स्थान स्वतः ही तीर्थ के समान पवित्र हो जाते हैं।

उन्होंने अपने तृतीय दिवस की कथा में श्रोताओं को भक्त प्रह्लाद चरित्र व हिरणा कश्यप की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि हर जीव के अन्दर अच्छी व बुरी संगति के गुण विकसित होते हैं। ठीक उसी तरह जिस प्रकार भक्त बालक प्रह्लाद के राक्षस कुल में जन्म लेने के बावजूद जन्म से पहले मां के गर्भ में मां के अच्छे संस्कार एवं ईश्वर भक्ति के प्रभाव से पैदा होते ही वह श्रीहरि भक्ति में रहने लगे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार हम सब को अपने बच्चों में अच्छे गुण विकसित करने के लिए बच्चे के गर्भकाल से ही अपने घर परिवार में अच्छा वातावरण और अच्छे विचार लाने चाहिए। इससे पूर्व मुख्य यजमान राजेन्द्र पटवाल पत्नी सुनीता पटवाल के नेतृत्व में पंडित खष्टी बल्लभ जोशी ने श्री गणेश पूजन, पंचदेव पूजन एवं व्यास पूजन आदि अनुष्ठान संपन्न कराए तथा कथा के अन्त में भक्तों को प्रसाद बांटा गया। इस दौरान पार्वती श्यामशुन्दर पटवाल, कमल पटवाल, खड़क सिंह बोरा, लक्ष्मण मनराल, चन्दन बिष्ट, दीप्ती पटवाल, ममता पटवाल, अंजुला पटवाल, मंजू देवी, प्रवीन पटवाल, ममता बिष्ट, चित्रा बिष्ट, सरस्वती बिष्ट, दुर्गा बिष्ट, सुरज पटवाल, कनिका पटवाल, ताश्वी पटवाल, प्रिया पटवाल, हंशिका पटवाल, कमला पटवाल, हेमंत पटवाल, ग्राम प्रधान दीपा कांडपाल, कमला नौलिया, खीमूली देवी, बीना मेहता, नरेन्द्र मनराल, हेम सिंह नेगी, मनोहर जोशी मौजूद रहे।

कांग्रेस की मंशा सहानुभूति और दुष्प्रचार: चौहान

देहरादून, अमृत विचार: भाजपा ने कांग्रेस की प्रस्तावित रैली के लिए प्रशासन पर भाजपा के दबाव को लेकर मिथ्या दुष्प्रचार और राजनैतिक प्रोपेगेंडा बताया है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा के लिए पहले ही बन्नू ग्राउंड बुक करा चुकी है। वह सिर्फ सहानुभूति और सुर्खियों में आने के लिए बेवजह विवाद खड़ा कर रही है। पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस के आरोपों को लेकर पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए चौहान ने कहा कि कांग्रेस बड़ी रैली को लेकर आशंकित है और लगातार छोटे ग्राइंडों का मुआयना करने के बाद उन्होंने रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल के मैदान को लगभग एक सप्ताह पहले ही बुक करा लिया था। उसी अनुरूप कांग्रेस पार्टी तैयारी भी कर रही है और पूरे प्रकरण को लेकर उनकी कोशिश अपने नेता राहुल गांधी की विवाद खड़ा करने की नीति पर अमल करने की है। यही वजह है कि परेड ग्राउंड की अनुमति प्रक्रिया को लेकर झूठे और अनर्गल आरोप लगाकर मीडिया की सुर्खियां बनने और जनता में भ्रम फैलाने की साजिश की जा रही है।

चौहान ने आरोप लगाया कि 24 तारीख को कांग्रेस परेड ग्राउंड में सभा की अनुमति के लिए प्रशासन को पत्र सौंपते हैं और साथ ही तत्काल प्रेस कर अनुमति नहीं देने के आरोप भी लगा देते हैं। जबकि अधिकारी स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके अनुरोध पर विचार किया जा रहा है।

आदर्श महाविद्यालय में लगाया स्वास्थ्य शिविर

किच्छा। नगर स्थित राजकीय आदर्श महाविद्यालय में देवभूमि फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस दौरान देवभूमि फाउंडेशन टीम के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा के नेतृत्व में रुद्रपुर से आए चिकित्सकों ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ठंड में होने वाली बीमारियों एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया। मौके पर सीआईए इंडिया ऑटोमोटिव लिमिटेड के सीईओ एल एम शुक्ला, एचआर हेड संजीव वर्मा, प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार, मुकेश राठौर, पवन राज आदि मौजूद रहे।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक

डा.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों में स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव
• ISO : 9008 CERTIFIED TRADE MARK CLINIC
हर उम्र में
शीघ्रपतन
मर्दाना कमजोरी
नपुंसकता
शुक्राणुओं की कमी के कारण
देश भर में बिगड़ती जीवन शैली के कारण 17.5 नहीं कर पा रहे बच्चे।
हर तरफ से निराश स्त्री-पुरुष वैवाहिक जीवन को सफल बनाएं
सैक्स समस्याएं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
• शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
• स्वप्नदोष, हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
• बुढ़ापे में जवानी का 2 घंटे में असर देखें।
• वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
• ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
• योनि का ढीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
• मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गोनोरिया, एड्स, यौन अंगों पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 14 जनवरी 2024, रविवार
28 जनवरी 2024, रविवार
होटल नागपाल बड़ा गुरुद्वारा के सामने
गोल-मार्केट-रुद्रपुर (उधम सिंह नगर)
9837069463
7599211076

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली,मुरादाबाद, हल्द्वानी,अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष

निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
लखनऊ व बरेली ऑफिस के लिए
वीडियो एडिटर /न्यूज एंकर की
अनुभव :-किसी प्रमुख वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

एक नजर

पर्यटन के साथ छात्र जुड़े पर्यावरण से

बनबसा : राष्ट्रीय टूरिज्म दिवस पर मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया क्षेत्र भ्रमण। गुरुवार को मैक्सटन स्ट्रांग स्कूल के छात्रों ने 25 जनवरी राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर विद्यालय के सचिव यूजीन जॉर्ज व प्रबंधक गिरीश चंद्र जोशी के साथ क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान छात्रों ने न सिर्फ पर्यटन का आनंद लिया, बल्कि उन्हें पर्यावरण से जुड़ने का मौका भी मिला। छात्र-छात्राओं ने कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट, स्टोन बैलेंसिंग, सिंगिंग, डांसिंग आदि का भी आनंद लिया। इस दौरान स्कूल के समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

ए टीम ने जीती प्रतियोगिता

बनबसा : वॉलीबॉल प्रतियोगिता के साथ राजकीय महाविद्यालय बनबसा में दो दिवसीय वार्षिक क्रीडा दिवस का समापन हुआ। दूसरे दिन हुई वॉलीबॉल प्रतियोगिता में तीन टीमों ने भाग लिया, जिन्हें ए, बी व सी नाम दिए गए। राहुल सिंह भंडारी की ए टीम ने अमित रांसवाल की सी टीम को हराकर प्रतियोगिता जीत ली। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आभा शर्मा, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. भूपेश नारायण दीक्षित, डॉ. शशि प्रकाश सिंह, डॉ. सुधीर मलिक, हेम कुमार गहतोड़ी, कोच प्रकाश सिंह, जितेंद्र आदि रहे।

जल संस्थान व निगम के कर्मियों ने किया सांकेतिक धरना प्रदर्शन

यूयूएसडीए से निर्माण कार्य कराए जाने पर नाराजगी, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

संवाददाता, अल्मोड़ा

अल्मोड़ा में सांकेतिक प्रदर्शन करते जल संस्थान व निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : पेयजल और सीवरेज कार्यों को जल निगम को न देकर यूयूएसडीए से कराए जाने के विरोध में कार्मिक मुखर हो गए हैं। गुरुवार को जल संस्थान और जल निगम संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कार्मिकों ने दो घंटे का सांकेतिक कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

कर्मचारियों ने कहा कि शहरी विभाग अंतर्गत संचालित यूयूएसडीए की तरफ से मूल अभियांत्रिकी विभाग के कार्यक्षेत्रों में अतिक्रमण किया जा रहा है। इसके विरोध में कर्मचारी आंदोलनरत हैं। इसके बाद भी कर्मचारियों की मांग को दरकिनार किया जा रहा है।

जल संस्थान जल निगम का एकीकरण कर राजकीयकरण की मांग पर भी अब तक सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। इससे कर्मचारियों में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। कर्मचारियों ने एक स्वर में जल्द मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

इस दौरान नरेंद्र बिष्ट, राहुल बिष्ट, दीपक जोशी, राजू बिष्ट, दिनेश तिवारी, दीपा जोशी, दिनेश भट्ट, पंकज आर्या, पंकज जीना, साहिल पंत, दीपक टम्टा आदि मौजूद रहे।

सबसे पहले एसएसजे ने किया परिणाम घोषित

अल्मोड़ा, अमृत विचार: उत्तराखंड में नई शिक्षा नीति के तहत सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा ने प्रदेश में सबसे पहले परीक्षा परिणाम घोषित किया है। विश्वविद्यालय ने नई शिक्षा नीति के तहत संचालित स्नातक प्रथम सेमेस्टर के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इसके लिए उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रशस्ति पत्र देकर विश्वविद्यालय को सम्मानित किया है।

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के नाम एक उपलब्धि जुड़ गई है। विश्वविद्यालय ने सत्र 2023-24 में नई शिक्षा नीति के तहत संचालित प्रथम सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं के केंद्रीय मूल्यांकन में सराहनीय योगदान दिया है। इसी उपलब्धि की सराहना करते हुए सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया है। देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में यह प्रशस्ति पत्र उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट को दिया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश सामंत व कुलसचिव डॉ. भास्कर चौधरी उपस्थित रहे।

ओपन क्रास कंट्री में हीरा और राधा रहे अव्वल

अल्मोड़ा में क्रॉस कंट्री दौड़ को हरी झंडी दिखाते अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार: गणतंत्र दिवस के मौके पर खेल विभाग की ओर से जिला मुख्यालय पर ओपन महिला और पुरुष वर्ग की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया। जिसमें पुरुष वर्ग में हीरा लाल और महिला वर्ग में राधा भट्ट ने अव्वल स्थान प्राप्त किया।

गुरुवार को अल्मोड़ा के मालरोड स्थित चौघानपाटा से आयोजित क्रॉस कंट्री दौड़ का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मनोज तिवारी, उत्तराखंड स्टेट बैडमिंटन संघ के सचिव बीएस मनकोटी और रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन मनोज सनवाल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। दौड़ का आयोजन चौघानपाटा से पुलिस लाइन व वापस पुलिस लाइन से चौघानपाटा तक हुआ। दौड़ के ओपन, पुरूष वर्ग में हीरा लाल और महिला वर्ग में राधा भट्ट ने बाजी मारी। दौड़ में दस अन्य खिलाड़ियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश कनवाल, क्रीड़ा अधिकारी अरूण बंग्याल, सुशील साह, गिरीश मल्होत्रा, डॉ. जेसी दुर्गापाल, जीवन प्रकाश, हरीश गोस्वामी, भूपेंद्र सिंह भंडारी, हीरा कनवाल, यशवंत कुमार आदि रहे।

युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत तोमर ने राजकीय इंटर कालेज में स्कूली छात्र छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि हम सभी मतदाता मतदान करने के साथ साथ अन्य मतदाताओं को भी मतदान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म के आधार पर मतदान न कर मुद्दों के आधार पर मतदान किया जाए।

कार्यक्रम

- जिले में अनेक जगहों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन
- बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया मतदान के प्रति जागरूक

उन्होंने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के लिए जागरूक मतदाता ही जागरूक सरकार का गठन करते हैं।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक एवं भाषण के माध्यम से मतदान का महत्व बताया एवं मतदान के प्रति जागरूक किया। इधर राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अल्मोड़ा पुलिस कार्यालय और थानों में भी पुलिस कार्मिकों को मतदान की शपथ दिलाई गई। मतदाता दिवस पर एसएसपी देवेंद्र पींचा ने पुलिस कार्यालय में कार्मिकों को देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखने व स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की शपथ दिलाई । इस मौके पर सीओ सदर विमल कुमार, सीएफओ अल्मोड़ा नरेंद्र सिंह कुंवर, नोडल अधिकारी स्वीप आकांक्षा कोंडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी एडी बलोदी, प्रधानाचार्य नंदन सिंह बिष्ट, गिरीश मल्होत्रा, विनोद राठौर आदि मौजूद रहे।

वार्ता के बाद सेनानी पुत्र ने वापस लिया आंदोलन

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार: सूखीढांग क्षेत्र में बृजगर से आमखर्क तक डेढ़ किमी तक की सड़क निर्माण कार्य में हो रही देरी से आहत हो 26 जनवरी से आंदोलन का ऐलान करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन ने अब आंदोलन नहीं करने का निर्णय लिया है। संगठन के अध्यक्ष और सेनानी रामचंद्र चौड़ाकोटी के पुत्र महेश चौड़ाकोटी ने कहा डीएम से वार्ता के बाद आंदोलन नहीं करने का फैसला किया गया है। डीएम नवनीत पांडेय की ओर से सड़क निर्माण के लिए प्रभावी पहल की गई है।

कार्यदाई एजेंसी ग्रामीण निर्माण विभाग के ईई बीएम आर्या ने बताया कि विभाग की एक टीम ने बुधवार को मौके पर जाकर सर्वे किया है। साथ ही सड़क की सभी अड़चनों को जल्द दूर कर एक साल के भीतर पूरा कराने के प्रयास किए जाएंगे।

कोटेश्वर क्षेत्र में मिला तेंदुए का शव

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के जागेश्वर रेंज के कोटेश्वर गांव में ग्रामीणों को एक तेंदुआ मृत अवस्था में मिला है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग के अधिकारियों को दी। जिसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए अल्मोड़ा भेज दिया।

गुरुवार की सुबह जागेश्वर रेंज के कोटेश्वर गांव के ग्रामीणों ने गांव के एक नाप खेत में एक तेंदुए का शव पड़ा देखा। जिसकी जानकारी आनन फानन में ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद जागेश्वर रेंज के रेंजर केवलानंद पांडे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों ने देखा कि तेंदुआ मृत हालत में है। तेंदुए के शव को कब्जे में लेकर वन विभाग के कर्मी उसे लेकर अल्मोड़ा आ गए। जहां पशु चिकित्सकों द्वारा तेंदुए का पोस्टमार्टम किया गया। रेंजर केवलानंद पांडे ने बताया कि मृत तेंदुआ नर है और उसकी उम्र करीब चार या पांच साल है।

मृत तेंदुए की लंबाई दो मीटर बीस सेमी और ऊंचाई 70 सेमी है। पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया आपसी संघर्ष में तेंदुए की मौत होना प्रतीत हो रहा है। क्योंकि तेंदुए के शरीर में आपसी संघर्ष से चोट के निशान पाए गए हैं। रेंजर ने बताया कि मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम का उसे जलाकर नष्ट कर दिया गया है।

दो वाहनों की भिड़ंत में चार यात्री हुए घायल

टनकपुर पिथौरागढ़ हाईवे पर घाट के पास दो वाहनों की हुई भिड़ंत। ● अमृत विचार

संवाददाता, लोहाघाट/ चम्पावत

अमृत विचार: टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में घाट पोस्ट आफिस के समीप दो वाहनों की आमने-सामने की भिडंत हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों में सवार चार लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए पिथौरागढ़ जिला अस्पताल भेजा गया है। दोनों वाहनों में कुल 12 यात्री सवार थे।

गुरुवार की दोपहर पिथौरागढ़ से लोहाघाट की ओर आ रही महिंद्रा एक्यूवी कार संख्या-यूके 05डी-0181 और हल्द्वानी से पिथौरागढ़ के मदकोट जा रही टाटा सोमू संख्या-यूके 05टीए- 2925 की घाट पोस्ट आफिस के पास जोरदार भिड़ंत हो गई। बाराकोट चौकी प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि दुर्घटना में टामा सोमू के चालक कविन्द्र देवली, निवासी बल्थी, मदकोट जिला पिथौरागढ़ व मनोज सिंह के साथ महिंद्रा एक्सयूवी वाहन में बैठे चालक होशियार सिंह व चंदर सिंह, निवासी नैनीसैनी पिथौरागढ़ घायल हो गए। दोनों वाहनों में बैठे कुछ अन्य यात्री को मामूली चोटें आई।

उन्होंने बताया कि सभी घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए पिथौगराढ़ जिला चिकित्सालय भेजा गया। भिड़ंत के बाद कार सड़क के नीचे की तरफ लटक गई। बौतड़ी चौकी के पुलिस कर्मी महंगा राम और घाट चौकी की एसआइ आरती ने घायलों को अस्पताल भेजा।

आवेदन प्रक्रिया आसान करने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

मांग

- राज्य आंदोलनकारियों ने सीएम को कार्रवाई के लिए भेजा ज्ञापन
- कहा कि वर्ष2017-18 में चल ही नहीं पाई आवेदन प्रक्रिया

अमृत विचार : उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने नंदा गौरा कन्या धन योजना की आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग सरकार से की है। इस संबंध में संगठन ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है। जिसमें विगत वर्षों में आवेदन से वंचित रह गई बालिकाओं को भी एक अवसर और देने की मांग भी की गई है।

ज्ञापन में संगठन के सदस्यों ने कहा है कि वर्तमान में नंदा गौरा योजना की आवेदन प्रक्रिया को अत्यंत जटिल बना दिया गया है। सरकार के अन्य विभागों के नियमों जैसे बीपीएल कार्ड में नाम चढ़ाने सहित अन्य कई कारणों से कई पात्र अभ्यर्थी आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। इसी प्रकार योजना के विभाग और अन्य नियमों के परिवर्तनों के चलते वर्ष 2017-18 में आवेदन प्रक्रिया चल ही नहीं पाई। जबकि 2016 में कई बालिकाएं योजना के लाभ से वंचित रह गई।

पत्र में संबंधित विभाग को वंचित बालिकाओं को आवेदन का एक और अवसर प्रदान करने व आवेदन प्रक्रिया के सरलीकरण के निर्देश दिये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में ब्रह्मानंद डालाकोटी, सदस्य जिला पंचायत शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगडवाल आदि ने हस्ताक्षर किए।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

अल्मोड़ा, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने एक नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पॉक्सो एक्ट में गिरफ्तार किया है। नाबालिग युवती के गर्भवती होने पर मामले का खुलासा हुआ। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार भी कर लिया है। बीते दिवस एक महिला ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर दी कि मोहन कुमार नाम के व्यक्ति ने उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म किया, जिससे उसकी पुत्री गर्भवती हो चुकी है। जिस पर तत्काल कोतवाली अल्मोड़ा में आरोपी मोहन कुमार के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के तहत एफआईआर पंजीकृत की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा ने सीओ व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली अल्मोड़ा को अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। पुलिस टीम ने ठोस सुरागरसी से एफआईआर दर्ज होने के लगभग तीन घंटे में अभियुक्त मोहन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मोहन कुमार (29) पुत्र ख्याली राम पलना, पोस्ट ढौरा, लमगड़ा का निवासी है।

पॉक्सो एक्ट के आरोपी को दबोचा

अल्मोड़ा, अमृत विचार : दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी को जिले की सोमेश्वर तहसील से गिरफ्तार किया है। राजस्व क्षेत्र से मामला स्थानांतरित होने के बाद रेगुलर पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार बीती पांच जनवरी को एक सत्रह वर्षी नाबालिग ने राजस्व क्षेत्र बिनोली, तहसील भिकियासैंण में तहरीर दी कि भरत सिंह उर्फ लक्की ने उसके साथ दुष्कर्म किया। जिस पर अरोपी के विरुद्ध एफआईआर पंजीकृत की गई थी। अपराध नाबालिग बालिका से संबंधित व गंभीर प्रवृति का होने पर विवेचना अल्मोड़ा पुलिस को स्थानांतरित की गई। एसएसपी अल्मोड़ा ने अभियोग की विवेचना तत्काल थाना सोमेश्वर की एसआई मोनी टम्टा के सुपुर्द कर दी। साथ ही, आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। सीओ अल्मोड़ा विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष सोमेश्वर कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीते दिवस आरोपी भरत सिंह (20) उर्फ लक्की पुत्र स्व. प्रेम सिंह निवासी ग्राम चिनौनी, चौखुटिया, अल्मोडा को सोमेश्वर से गिरफ्तार कर लिया है।

वर्ग पहेली-324

बाएं से दाएं

1.1. पोतने की क्रिया या भाव 2. दीवार पर रंग या लेप करने की क्रिया 3. पुताई की मज़दूरी।

3. गुरुच या गुडूची, एक प्रकार की कड़वी बेल जिसके पत्ते दवा के काम आते हैं।

4.1. हठी, ज़िद्दी 2. अड़ियल।

5.1. साथ रहने वाली स्त्री, साथ-साथ विचरण करने वाली स्त्री 2. सखी, सहेली, साथिन 3. पत्नी।

7.1. देर तक होने वाली धम की आवाज़ 2. पदचाप।

ऊपर से नीचे

2. मांगलिक अवसर या उत्सव आदि में संबंधियों या मित्रों को भेजी जाने वाली मिठाई।

3.1. पीठ पर तीन सफ़ेद धारियों वाला चूहे जैसा एक छोटा जंतु जो पेड़ों पर या बगीचों में रहता है 2. गिलाई 3. चिखुरी।

5. अग्नि, आग।

6. ईरान या पर्शिया नामक देश।



वर्ग पहेली - 323 का हल

1 मा	रु	त				
			2 दा		3 बं	
		4 कं	5 द	ल	श	
		6 डो	ल	ची	लो	
7 का	म	दा	नी		च	
यि		र			न	
की			8 लौं	डा		

सुडोकू-41

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7		2			1	
		9			8			3
		4	9		6			5
2			5	3	7			6
		1				7		
6			1	9	2			4
4			7		1	5		
5			8			9		
	8			5		6		

सुडोकू - 40 का हल

6	9	8	5	4	7	3	2	1
4	2	3	9	6	1	7	8	5
5	1	7	8	2	3	6	4	9
3	4	9	2	7	5	8	1	6
2	5	6	3	1	8	9	7	4
7	8	1	4	9	6	5	3	2
8	7	4	6	5	2	1	9	3
1	6	2	7	3	9	4	5	8
9	3	5	1	8	4	2	6	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 जनवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ,पक्ष-कृष्ण पक्ष,तिथि-प्रतिपदा 27 जनवरी 01.19 तक तत्पश्चात द्वितीया।

आज का पंचांग



त्योहार/व्रत/दिवस- गणतंत्र दिवस।
मुहूर्त-अभिजित-11.57-12.40 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-09.04-09.48,12.40-13.24 तक। दिशाशूल-पश्चिम।
ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 10.28 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

मेष — आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने से लाभ होगा। छात्रों को पढ़ाई में थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कुछ लोग आपका मजाक उड़ा सकते हैं। परिवार में किसी का विवाह तय हो सकता है। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं।

वृष — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी बढ़ सकती है। शत्रु आपके सामने घुटने टेकते नजर आएंगे। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। अपने लक्ष्य को निर्धारित कर पाने में आसानी होगी। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

मिथुन — आज पिछली गलतियों से सीखने के अवसर मिलेंगे। परिवार के लोग आपको कोई उपहार दे सकते हैं। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक समय बिताएंगे। आपको धन उधार लेने से बचना चाहिए। संतान की उन्नति से आप प्रसन्न रहेंगे।

कर्क — आज परिवार में एकता और सामंजस्य बढ़ेगा। जीवनसाथी का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा। लंबित सरकारी कार्य पूर्ण हो सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। व्यापार में आप कुछ नया प्रयोग करेंगे। मांगलिक कार्यक्रमों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

सिंह — आज घर की साज-सज्जा में आप धन खर्च करेंगे। आपको लंबी दूरी की यात्रा करने से बचना चाहिए। विदेश से जॉब के ऑफर मिल सकते हैं। काम का दबाव बढ़ सकता है। प्रेम संबंधों में विवाद होने की संभावना बन रही है।

कन्या — आज व्यापारिक यात्रा की योजना बनेगी। वैवाहिक जीवन में सुख बढ़ेगा। धार्मिक यात्राओं की योजना बना सकते हैं। सामाजिक कार्यक्रमों में आपको यश प्राप्त होगा। लेखन कार्यों में जुड़े लोगों को ख्याति मिलेगी।

तुला — आज विदेशी स्रोतों से धन लाभ प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ आप शॉपिंग पर जा सकते हैं। प्रशासन से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। फाइनेंस से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। भोग-विलास और ऐश्वर्य पर धन खर्च करेंगे।

वृश्चिक — आज कानूनी मामलों में विजय मिलने के योग बन रहे हैं। बड़े भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। ऑफिस में आपके काम का लोग श्रेय लेने का प्रयास करेंगे।

धनु — आज आपको काफी सावधान रहना चाहिए। बच्चों को बड़ों की डांट खानी पड़ेगी। पीठ और कमर में दर्द और थकान महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों से परेशानी का अनुभव होगा। व्यवसाय में क्लाइंट्स के साथ रिलेशन खराब हो सकते हैं।

मकर — आज पुराना ऋण उतारने के लिए दिन उत्तम है। जीवनसाथी की सलाह लेकर काम करना शुभ होगा। व्यवसाय में अधिकतम काम बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। नए विषयों के अध्ययन के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

कुंभ — आज निःस्वार्थ भाव से लोगों की मदद करेंगे। इसीलिए लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। आपको दूसरों पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। जॉब में मनोयोग से काम करेंगे। अधिकारी वर्ग आपकी प्रशंसा कर सकते हैं। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं।

मीन — आज आपकी योग्यता लोगों के सामने निखर के सामने आएगी, लेकिन आप अपनी उन्नति से असंतुष्ट रहेंगे। कमीशन से जुड़े कार्यों में हानि हो सकती है। किसी से कोई वादा न करें। विवाह योग्य जातकों का विवाह तय हो सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	तकदीर का तमाशा	सुबह : 10.00	
	हिन्दुस्तान की कसम	रात : 07.56	
SONY SMAX	राउडी	सुबह : 09.08	
	एकलव्य	रात : 09.30	
SONY PIX	साल्ट	सुबह : 09.48	
	एज ऑफ टूमारो	रात : 09.00	
ZEE CINEMA	हिम्मतवार	सुबह : 10.30	
	परमाणु	रात : 07.30	
colors CINEPLEX	स्वदेश	दोपहर : 12.24	
	गब्बर इज बैक	शाम : 04.24	

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर रात-09.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- बीस हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को पंद्रह हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

एक आदमी 12 साल बाद जेल से छूटा, मैले कुचैले कपड़ों में बहुत थका हुआ घर पहुंचा।
घर पहुंचते ही बीबी चिल्लाई-कहां घूम रहे थे इतनी देर? आपकी रिहाई तो 2 घंटे पहले ही हो गई थी न?
वो आदमी वापस जेल चला गया।

एक नजर

सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता रैली निकली

बनबसा : 34वें सड़क सुरक्षा माह के 11वें दिन सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में पुलिस ने थाने से बाजार तक यातायात जागरूकता रेली निकाली। लोगों को यातायात के नियमों की अहमियत बताते हुए इनका पालन करने, दोपहिया वाहन में दोनों व्यक्तियों के हेलमेट का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि सड़क सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रत्येक व्यक्ति की है, इसलिए सड़क पर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा के लिए नियमों का पालन करना जरुरी है। पुलिस ने लोगों से दोपहिया वाहन में तीन सवारी, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग व रैश ड्राइविंग न करने, टैक्सी चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने, क्षमता से ज्यादा सवारी व शराब पीकर वाहन न चलाने की अपील की।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर 6 पुलिस अधिकारियों/कार्मिकों को सराहनीय सेवा के लिए पदक की हुई घोषणा

एडीजी अंशुमान को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक

संवाददाता, देहरादून

एपी अंशुमान।

रिधिम अग्रवाल।

अजय सिंह।

श्वेता चौबे।

प्रकाश चंद्र।

सुरजीत सिंह।

लक्ष्मण सिंह।

गणेश सिंह।

अमृत विचार: राष्ट्रपति द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्तराखंड पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए "राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक" एवं सराहनीय सेवाओं के लिए "सराहनीय सेवा के लिए पदक" से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है।

राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक अजय प्रकाश अंशुमान, अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, उत्तराखंड को देने की घोषणा की गई है। वहीं, सराहनीय सेवा के लिए पदक से रिधिम अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक, एसडीआरएफ, अजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून, श्वेता चौबे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी गढ़वाल, सुरजीत सिंह, अपर उप निरीक्षक परिवहन, 46 पीएसी वाहिनी, लक्ष्मण सिंह, मुख्य आरक्षी 31 पीएसी वाहिनी और गणेश सिंह, फायर सर्विस चालक, नैनीताल को सम्मानित किया जाएगा। वहीं, उत्तराखण्ड शासन ने प्रकाश चन्द्र, उप सेनानायक/अपर पुलिस अधीक्षक, आईआरबी द्वितीय, देहरादून को सेवा के आधार पर 'सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह' प्रदान करने की घोषणा की है।

हरिद्वार का मायापुर बेस्ट फायर स्टेशन

देहरादून : हरिद्वार का मायापुर फायर स्टेशन बेस्ट फायर स्टेशन घोषित हुआ है। आईजी फायर नीरू गर्ग ने बताया कि फायर स्टेशनों की कार्यक्षमता/कार्यदक्षता, रख-रखाव, अग्नि निवारण एवं जनजागरुकता, अग्निशमन एवं आपात कार्यों के प्रति उत्तरदायित्व आदि मानक/ बिन्दुओं के आधार पर रैंकिंग/ग्रेडिंग का निर्धारण करते हुए वर्ष 2023 के लिए चयनित बेस्ट फायर स्टेशन मायापुर, हरिद्वार को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर डीजीपी 20 हजार रुपये का पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान करेंगे।

बदमाशों ने व्यापारी से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : नगर के चीनाखान मोहल्ले में एक पुराने भवन में नशा कर हुड़दंग काटने का विरोध करने पर बदमाशों ने एक व्यापारी को लहूलुहान कर दिया। बुरी तरह घायल व्यापारी ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

व्यापारी अशोक कपूर ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि चीनाखान में उनका पुराना भवन है, जिसमें कोई नहीं रहता। आए दिन शिकायत मिलती है कि कुछ युवक घर के अंदर नशा कर हुड़दंग काटते हैं। बीती रात जब वह दुकान बंद कर घर लौटे तो आसपास के लोगों ने बताया कि कुछ युवक खाली पड़े भवन में आग जलाकर नशा कर रहे हैं। आग से कोई बड़ी घटना न हो, इसके लिए पुराने भवन के अंदर चले गए। इस पर वहां मौजूद युवक गाली गलौज व मारपीट पर उतर आए। विरोध करने पर आरोपियों ने व्यापारी और उसके परिजनों पर पथराव कर दिया। इससे उनका सिर फट गया। रात में ही जिला अस्पताल पहुंचकर उपचार कराया। इसके बाद परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों से जान माल का खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की। एसएसआई सतीश चंद्र कापड़ी ने बताया कि अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

सरकार चुनने का अधिकार लोकतंत्र की खूबसूरती

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राज्यपाल ने किया कार्यक्रम को संबोधित, युवाओं से अधिक मतदान करने की अपील

संवाददाता, देहरादून

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ दिलाते राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को सरकार चुनने का अधिकार मिला है, हमें इसकी सराहना करनी चाहिए। यह हमारे देश के लोकतंत्र की खूबसूरती है।

गुरुवार को राजधानी के गांधी पार्क में उत्तराखंड राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2024 के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल ने कहा कि, यह खुशी की बात है कि उत्तराखंड में 100 वर्ष या उससे अधिक वाले करीब 1000 से अधिक मतदाता हैं। हम सब मिलकर उनकी दीर्घायु की प्रार्थना के साथ लोकतंत्र में उनके सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य के करीब 100 बूथ ऐसे हैं जिन्हें पूर्ण रूप से महिलाओं द्वारा चलाया जाता है, जो दर्शाता है कि हमारा राज्य मातृशक्ति के लिए कृतज्ञ और समर्पित है।

राज्यपाल ने कहा कि हमारे जीवन का सबसे बड़ा दान मतदान है, लोकतंत्र की सफलता तभी होगी जब हम सभी मतदान करेंगे। आप सभी इससे अपना मत एवं अपना अधिकार सुनिश्चित करते हैं। कहा कि लोकतंत्र की नीव मत अधिकार पर ही रखी जाती है, 'वोट देगा उत्तराखंड' का स्लोगन हम सभी के लिए एक संकल्प जैसा होना चाहिए।

कैलेंडर, कॉफी टेबल बुक का विमोचन

राज्यपाल ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बनाया वर्ष 2024 का कैलेंडर और कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। इस दौरान युवाओं को आकर्षित करने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा लोकतंत्र और मतदान पर आधारित 'जागरूकता गीत' जारी किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने पद्मश्री कल्याण सिंह रावत, पद्मश्री माधुरी बड़थ्वाल, पद्मश्री बसंती बिष्ट, पर्वतारोही ताशी मलिक को सम्मानित किया। उन्होंने युवा मतदाताओं को भी उनका प्रथम वोटर आईडी कार्ड देकर सम्मानित किया।

बिना किसी भेदभाव के मत देना बेहद जरूरी

राज्यपाल ने कहा कि यह समय हमारे लिए संकल्प लेने का है कि लोकतंत्र में हमारा क्या योगदान है। सुशासन की स्थापना के लिए बिना किसी भेदभाव के मत देना बेहद जरूरी है। यह गौरव की बात है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए 'भारत निर्वाचन आयोग' हमेशा से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराता रहा है। कहा कि मैं खासकर युवाओं को नैतिक और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील करता हूं। यह आप सभी की जिम्मेदारी है कि आप सभी को अंतिम छोर तक सभी भावी मतदाताओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्त चंद्रशेखर भट्ट, सचिव निर्वाचन दिलीप जावलकर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. वी .षणमुगम, अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

भू-कानूनः निवेशकों में दूर करें भ्रम की स्थिति

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सभी जिलाधिकारियों को पिछले दस वर्षों में डीएम स्तर से कृषि एवं औद्यानिकी हेतु अनुमति प्राप्त भूमि की जानकारी राजस्व विभाग को भेजने के निर्देश दिए हैं।

एसीएस ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावित भू-कानून के सम्बन्ध में सरकार का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड के मूल निवासियों के हितों का संरक्षण तथा उन्हें न्याय दिलाना है। साथ ही इस कानून का लक्ष्य उत्तराखंड में निवेश एवं रोजगार सृजित करने वाले विश्वसनीय निवेशकों को प्रोत्साहित करना तथा निवेश की प्रक्रिया को सरल करना है। एसीएस ने जिलाधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया है कि अस्थायी रूप से कृषि एवं हॉर्टीकल्चर हेतु भूमि की अनुमति पर रोक से सम्बन्धित कानून का उद्देश्य भूमि के दुरूपयोग को रोकना, भू कानून को और भी अधिक तर्कसंगत एवं न्यायपूर्ण बनाना है। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निवेशकों में अस्थायी रूप से कृषि एवं हॉर्टीकल्चर हेतु भूमि की अनुमति पर रोक से सम्बन्धित कानून के सम्बन्ध में फैली विभिन्न भ्रान्तियों या संशयों को विभिन्न माध्यमों से तत्काल दूर किया जाए।

रतूड़ी ने निर्देश दिए कि राज्य में निवेश के आवेदकों का सत्यापन सम्बन्धित विभागों द्वारा पूरी तत्परता से सुनिश्चित कराया जाना चाहिए। सम्बन्धित विभागों द्वारा निवेशकों की विश्वसनीयता की जांच के साथ ही पूरी व्यवस्था द्वारा निवेश की प्रक्रिया को सरल करना जरूरी है ताकि अधिक निवेशक राज्य में उद्यम स्थापित एवं रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहित हो सके। बैठक में डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम, विनय शंकर, दीपेन्द्र चौधरी, वर्चुअल माध्यम से सभी अधिकारी मौजूद रहे।

खेल मंत्री ने किया स्पोर्ट्स कॉलेज की भूमि का निरीक्षण

लोहाघाट, अमृत विचार : खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने लोहाघाट में बनने जा रहे प्रदेश के पहले बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज की भूमि का निरीक्षण किया।उन्होंने संबंधित अधिकारियों से भूमि चयन निर्माण कार्य और अन्य जरूरी विषयो के संबंध में जानकारी ली।

खेल मंत्री ने कहा कि खुशी है कि राज्य का पहला महिला स्पोर्ट्स कॉलेज चम्पावत जिले में बनने जा रहा है।जल्द ही मुख्यमंत्री धामी कॉलेज का भूमि पूजन करेंगे। बालिका स्पोर्ट्स कॉलेज बन जाने से राज्य की बालिकाओ को अपने खेल की प्रतिभा को निखारने के बेहतर अवसर मिलेगा।कहा कि कैबिनेट बैठक में भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं खिलाड़ियो के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी मिल चुकी है जल्द ही विधानसभा सत्र में इसे पटल पर रखने के साथ विधेयक लाया जाएगा।

पूर्णागिरि धाम में पुख्ता होगी सुरक्षा व्यवस्थाः एसपी

संवाददाता,चम्पावत

पुष्प गुच्छ देकर एसपी का स्वागत करते मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी।

अमृत विचार: 26 मार्च से शुरू होने जा रहे देश के सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम मेले के लिए जिला पंचायत, जिला प्रशासन के साथ मां पूर्णागिरि मंदिर समिति ने भी तैयारी शुरू कर दी है। मंदिर समिति ने पूर्णागिरि मेले की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर करने के लिए पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है। नवागत एसपी अजय गणपति कुंभार से भेंट कर मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित किशन तिवारी और सचिव पंडित सुरेश तिवारी ने मेलावधि शुरू होने से पूर्व सुरक्षा बलों की तैनाती का आग्रह किया।

उन्होंने मेले के दौरान यातायात व्यवस्था के लिए सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, जाम से बचाव के लिए पार्किंग की व्यवस्था बेहतर किए जाने की पुरजोर वकालत की। एसपी ने कहा कि आस्था के धाम मां पूर्णागिरि मेले में सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाएं मेला होने से पहले बेहतर कर दिए जाएंगे। कहा कि वह स्वयं इस माह पूर्णागिरि धाम का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देंगे। बाद में मंदिर समिति ने नवागत एसपी का स्वागत किया।

छात्रों को दिलाई शपथ

टनकपुर, अमृत विचार: दस दिवसीय हेरिटेज टूरिज्म गाइड का निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय के वाणिज्य भवन में चल रहा है। कार्यक्रम वेप टेक्नोलॉजी संस्था द्वारा किया जा रहा है।

'ट्रैवल फॉर लाइफ' की पर्यटन विभाग की अपर निदेशक पूनम चन्द ने छात्रों को पृथ्वी हितैषी जीवन शैली अपनाने, यात्रा के दौरान प्लास्टिक का उपयोग न करने, स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने व समुदायिक पर्यटन सेवाओं को प्राथमिकता देने संबंधी शपथ दिलाई। टूरिज्म विभाग के असिस्टेंट मैनेजर डॉ. स्वर्णा गुप्ता व अमित सिंह भी शपथ ग्रहण में जुड़े रहे। रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षक राजेंद्र गड़कोटी ने रिवर टूरिज्म के फायदे छात्रों को बताए। रिवर टूरिज्म में पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक विकास, संस्कृत अभिवृद्धि, जल संचार, पर्यटन का प्रोत्साहन, जल संसाधन का प्रबंध आदि जानकारियां भी दीं।

उत्तर प्रदेश

सूचना विभाग उत्तराखंड की झांकी। ● अमृत विचार

आकर्षण का केंद्र होगी सूचना विभाग की झांकी

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार: सूचना विभाग के महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर सूचना विभाग द्वारा 'विकसित उत्तराखंड' की झांकी का निर्माण किया गया है, जो गणतंत्र दिवस परेड में आकर्षण का केंद्र होगी।

झांकी के अग्र भाग में उत्तराखंड महिला को पारम्परिक वेशभूषा में स्वागत करते हुए दिखाया गया है तथा पारम्परिक अनाज मंडूवा, झंगोरा, रामदाना तथा कौंणी की खेती व राज्य पक्षी मोनाल को दिखाया गया है। झांकी के मध्य भाग में होम स्टे को दिखाया गया है। पहाड़ों में होमस्टे योजना से हजारों ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 में उत्तराखंड के सरमोली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव घोषित किया गया है। साथ ही, लखपति दीदी योजना से उत्तराखंड में महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। स्वयं सहायता समूह में कार्य करते हुए स्थानीय महिलाओं व सुदूर पहाड़ों में सौर ऊर्जा तथा मोबाइल टावर को दिखाया गया है।

झांकी के आखिरी भाग में ऑल वेदर रोड़, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना, रोप-वे तथा भारत के प्रथम गांव माणा के लिए रोड कनेक्टिविटी को दर्शाया गया है। इन योजनाओं से उत्तराखंड में यात्रियों के लिए आवागमन की सुविधा में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है। झांकी का डिजाइन एवं कान्सेप्ट व निर्माण विभाग के संयुक्त निदेशक/नोडल अधिकारी केएस चौहान के निर्देशन में किया गया है। झांकी के साथ उत्तराखंड की लोक संस्कृति पर आधारित पारम्परिक वेशभूषा में नृत्य करते हुए कलाकार होंगे।

महानिदेशक तिवारी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का है। देवभूमि उत्तराखंड में विकसित भारत के अन्तर्गत कई लाख करोड़ की विकास परियोजनाओं के कार्य जैसे ऑल वेदर रोड़, ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन, होम स्टे, रोप-वे आदि पर तेजी से कार्य किया जा रहा है तथा पारम्परिक अनाजों का भी पर्याप्त मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है।

मासूम को किया कुत्तों ने जख्मी, टांके लगे

रामपुर, अमृत विचार: थाना गंज क्षेत्र के मोहल्ला चपटा कॉलोनी निवासी इसरार अली का बेटा मुस्तफा (3) बुधवार शाम छह बजे घर के बाहर खेल रहा था। इस बीच खूंखार कुत्तों ने हमला कर उसे जख्मी कर दिया। आसपास के लोगों ने कुत्तों को भगाकर उसे बचाया। परिजन ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

इसरार अली ने बताया कि कॉलोनी में कुत्तों का खौफ बढ़ता जा रहा है। कुत्ते पकड़वाने के लिए सभासद को बताया था। लेकिन सभासद व नगर पालिका परिषद के अधिकारी उदासीनता बरतते नजर आ रहे हैं। बालक के पिता से पालिकाध्यक्ष के पति ने फोन पर बात कर आश्वासन दिया। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचके मित्रा ने बताया कि मुस्तफा के 12 टांके सर्जन को बुलाकर लगवा दिए हैं।

जयाप्रदा के खिलाफ गैर जमानती वारंट फिर जारी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

अमृत विचार: पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ केमरी और स्वार के थानों में आचार संहिता उल्लंघन के मामे दर्ज हैं। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में सुनवाई चल रही है। गुरुवार को जयाप्रदा कोर्ट में पेश नहीं हो सकीं। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया है।

पूर्व सांसद जयाप्रदा के खिलाफ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में स्वार और केमरी थाने में आचार संहिता उल्लंघन के मामले दर्ज हुए थे। ये दोनों मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। इन मामलों में पिछली कई तारीखों से वह कोर्ट में पेश नहीं हो रही थीं, जिस पर उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। पिछले दिनों अदालत ने सख्ती करते हुए जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस निरीक्षक तैनाती के आदेश जारी किए थे। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने अदालत के आदेश पर जयाप्रदा की गिरफ्तारी के लिए विशेष निरीक्षक के नेतृत्व में टीम बनाई है। टीम कई सप्ताह से रामपुर से लेकर दिल्ली व मुंबई तक तलाश कर रही थी, लेकिन जयाप्रदा पुलिस को नहीं मिलीं। गुरुवार को भी जयाप्रदा कोर्ट में पेश नही हो सकीं। कोर्ट ने उनके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिए है। उनके अधिवक्ता असगर अली ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर वांरट खारिज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिसको खारिज कर दिया है।

बुजुर्ग और पशु की जलकर मौत

रामपुर, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव खजुआ खेड़ा स्थित एक पशुशाला में बुधवार रात आग लगने से रामभरोसे और एक पशु की जलकर मौत हो गई। दो पशु झुलस गए। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना के बाद एसडीएम अरुण कुमार, नायब तहसीलदार अमित कुमार और पुलिस टीम ने जायजा लिया।

गांव खजुआ खेड़ा निवासी रामभरोसे (60) व उनकी पत्नी बीती रात कच्चे घर में सोए हुए थे। इस में ही पशुशाला भी है। परिवार के अन्य सदस्य कुछ ही दूर दूसरे मकान में रहते हैं। बुजुर्ग दंपति पशुओं की देखरेख के लिए झोपड़ीनुमा पशुशाला में सोते थे। रात में पत्नी पानी गर्म करने के लिए दूसरे मकान में गई थी। इस दौरान पशुशाला में आग लग गई।

सार-संक्षेप

महिला ने जेठ पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

बरेली : भोजीपुरा क्षेत्र की रहने वाली महिला से जेठ पर कमरे में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला ने गुरुवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। महिला के मुताबिक तीन साल पहले उसकी शादी हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं है। जिस कारण पति और ससुराल वाले प्रताड़ित कर मारपीट करने लगे। परेशान होकर उसने महिला थाने में पति समेत ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोप है कि एक महीने पहले पति पंचायत कर उसे घर बुलाकर ले गया और मुकदमे में समझौते का दबाव बनाने लगा। जब मना किया तो पति ने दूसरी शादी कर ली। पुलिस जांच करने आई तो जेठ आग बबूला हो गया। आरोप है कि 2 जनवरी की रात जेठ ने कमरे में घुसकर दुष्कर्म किया। थाना पुलिस ने नहीं सुनी तो एसएसपी कार्यालय में शिकायत की।

अयोध्या में होगी सरकारी अस्पताल में हाईटेक ओटी

लखनऊ : अयोध्या का हर स्तर पर विकास हो रहा है। सरकारी अस्पतालों को अत्याधुनिक उपकरणों से युक्त विशिष्ट चिकित्सकीय सेवाएं देने वाला बनाया जा रहा है। उक्त क्रम में मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित 50 बिस्तर युक्त संयुक्त अस्पताल के नेत्र विभाग को आधुनिक बनाया जा रहा है। विभागीय ओटी में अत्याधुनिक उपकरण जुटाने के लिए राज्य सरकार ने 15 लाख ज्यादा का बजट दिया है। देवगांव, मिल्कीपुर स्थित नवनिर्मित संयुक्त चिकित्सालय में मरीजों को सुपर स्पेशयलिटी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की गई है। यह बजट विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी ने स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी कर दिए हैं।

पांच न्याय से देश में मजबूत होगा लोकतंत्रः अजय राय

लखनऊ : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि देश राहुल गांधी के युवा न्याय, भागीदारी न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय व श्रमिक न्याय को हासिल कर देश में लोकतंत्र मजबूत होगा। प्रदेश अध्यक्ष गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन से बौखला गई है, इसीलिए यात्रा पर हमले, बैनर-पोस्टर फाड़ने, राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर आदि हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के समर्थन में प्रदेश के सभी ब्लाकों में ध्वजवंदन और भारत जोड़ो न्याय यात्रा 26 जनवरी से 30 जनवरी तक निकाली जाएगी।

चेयरमैन की गिरफ्तारी नहीं, महिला आरोप से मुकरी

बरेली : चेयरमैन पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला रीना अपने बयानों से मुकर गई है। फरीदपुर क्षेत्र के रम्पुरा रतन गांव निवासी नरेंद्र कुमार फरीदपुर नगर पालिका के चेयरमैन शराफत जारी वाले के निर्माणाधीन मकान के लिंटर की शटरिंग खोलने गए थे। जहां उनकी मौत हो गई थी। उनकी पत्नी रीना ने आरोप लगाया था कि नरेंद्र कुमार गांव के ही गुड्डू और मोरपाल सहित अन्य लोगों के साथ काम करने चेयरमैन के मकान में गए थे। जहां पर चेयरमैन ने गालीगलौज की। पति ने विरोध किया तो चेयरमैन ने स्टूल से धक्का दे दिया। सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। थाना प्रभारी रामसेवक ने बताया कि जांच में वहां मौजूद लोगों और वादी पक्ष के बयान दर्ज किए गए। जिसमें महिला अपने बयानों में मुकर गई।

नाथ कॉरिडोर की तीन सड़कों के लिए 19 करोड़ रुपये मंजूर

बरेली, अमृत विचार : मंत्री जितिन प्रसाद ने नाथ मंदिरों को जोड़ने वाली तीन सड़कों के निर्माण के लिए 19 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। इससे पहले 10 जनवरी को आठ सड़कों के लिए 25 करोड़ रुपये की मंजूरी दी थी। नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत 20 .17 किलोमीटर सड़कों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाना है। हार्टमन पुल से रामलीला मैदान तक फोरलेन प्रस्तावित है। वहीं पीलीभीत बाईपास से वनखंडी नाथ मंदिर तक तीन मीटर से 18 मीटर चौड़ा होना है। इन मार्गों पर किनारे जो जमीन बचेगी वहां टाइल्स लगाई जाएंगी। मुख्य अभियंता संजय तिवारी ने बताया कि नाथ कॉरिडोर में कुल 11 सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण होना है। पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री ने 10 .9 किमी की आठ सड़कों के लिए 24 करोड़ 62 लाख 68 हजार मंजूर किए थे। अब तीन मार्गों के लिए 19 करोड़ सात लाख की स्वीकृति दी है।

अयोध्या में रेकी करने के अभियुक्तों को सात दिन की रिमांड पर भेजा

विधि संवाददाता, लखनऊ : खलिस्तानी आतंकी गुरुपत्वन्त सिंह उर्फ़ पन्नू के निर्देश पर अयोध्या में रेकी करके बड़ी घटना को अंजाम देने का प्रयास करने के आरोपी शंकर लाल दूसाद उर्फ़ शंकर जाजोद, अजीत कुमार शर्मा और प्रदीप पुनिया को सात दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने आदेश एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने दिया है। एटीएस अभियुक्तों को हिरासत में लेकर 26 जनवरी से एक फ़रवरी तक पूछताछ करेगी। इसके पूर्व एटीएस ने गत 19 जनवरी को तीनों अभियुक्तों को अयोध्या से गिरफ़्तार करके 20 जनवरी को कोर्ट में पेश किया था, अभियुक्तों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिये जाने की माँग संबंधी अर्ज़ी देते हुए, सरकारी वकील एमके सिंह ने कोर्ट को बताया कि मामले की रिपोर्ट एटीएस थाने में इंस्पेक्टर ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने दर्ज कराई है।

कोटा से घर पहुंचा मोहम्मद जैद का शव, सुपुर्द ए खाक किया

मुरादाबाद, अमृत विचार : क्षेत्र के बिलावाला निवासी मोहम्मद जैद (19) ने मंगलवार रात कोटा में आत्महत्या कर ली थी। वह नीट की तैयारी करने के लिए पिछले दो साल से कोटा में रह रहा था। बुधवार रात लगभग दो बजे उसका शव ग्राम बिलावाला पहुंचा। गुरुवार सुबह मोहम्मद जैद के शव को सुपुर्द ए खाक किया गया। किसान उस्मान मलिक का बड़ा बेटा आसिफ उर्फ राजा 21 वर्ष प्रतियोगी परीक्षा की ठाकुरद्वारा में तैयारी करता है। जबकि छोटा बेटा मोहम्मद जैद 19 वर्ष पिछले दो सालों से कोटा के जवाहरनगर थाना क्षेत्र के न्यू गांधीनगर इलाके में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था। बताया कि सुबह से देर शाम तक मोहम्मद जैद के कमरे का दरवाजा न खुलने पर आसपास के छात्रों को आशंका हुई। इसके बाद मंगलवार रात को छात्रों ने हॉस्टल के कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा तो मोहम्मद जैद फंदे से लटका था।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 995 फ्लैग 1115 डीएमओ 820 बोल्ड 1155, सम्भल-चन्दौसी-शिवालिक 980 फ्लैग 1110 बोल्ड 1150 डीएमओ 900।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन -तुलसी 1880, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1735, रविन्द्रा 1770, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1450, सचिन 1435, सूरज 1475, अवसर 1510, राग गोल्ड 1525, गृहणी 1390, क्लासिक (किलोg) 1655, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1510, आशीर्वाद मस्टर्ड 1685, स्वास्तिक 1850। किराना-(प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रतिकि0) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800। चावल -(प्रति कु0)डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4400, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350। दाल दलहन -मूंग दाल इंदौर 10500, मूंग धोवा काला क्राउन 10500, राजमा चित्रा 12500-14100, राजमा भूटान नया 9900, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6950-7700, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9650-10400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल) उड़द दिल्ली 11800, उड़द साबुत दिल्ली 11600, उड़द धोवा इंदौर 13400, उड़द धोवा 11000-11700, दाल चना 6800, लाल हिंदुस्तान 6900, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 7900, चना अकोला 8000, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14000, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 11800, अरहर पटका मोटा 12200, अरहर कोरा मोटा 12600, अरहर पटका छोटा 14000-14400, अरहर कोरी छोटी 1550। चीनी -डालमियां 4060।

सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्णता के करीब सरकार : सीतारमण

वित्त मंत्री ने हिंदू कॉलेज की वर्षगांठ पर कहा- अब देश के आत्मनिर्भर बनने का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार गरीबों को बुनियादी जरूरतें मुहैया कराने के लिए बनाई गई सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पूर्ण लक्ष्य तक पहुंचने के करीब है। सीतारमण ने दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, अब समय आ गया है कि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर आगे बढ़े।

पहले योजनाओं पर तेजी से काम नहीं होने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमने एक विकसित भारत के लिए नींव रखी है और सभी को बुनियादी जरूरतें प्रदान करके लोगों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार के पास घर, सड़क आदि उपलब्ध कराने की योजनाएं थीं, लेकिन उन पर तेजी से काम करने की भावना गायब थी। आजादी के 50 या 60 साल बाद भी लगभग 50 प्रतिशत आबादी बुनियादी चीजों से वंचित थी।

वित्त मंत्री ने कहा, यह साफ है कि 2014 लेकर अब तक हमने तेजी के साथ काम किया है और योजनाओं को लक्ष्य तक पहुंचाने पर ध्यान दिया।

डिजिटल मुद्रा पर सरकार, आरबीआई सक्रियता से कर रहे काम

सीतारमण ने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) सक्रिय रूप से केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) को बेहतर बनाने में लगे हुए हैं ताकि इसका उपयोग सीमापार भुगतान के लिए किया जा सके। आरबीआई ने पायलट आधार पर थोक सीबीडीसी शुरू किया है और नौ बैंकों - भारतीय स्टेट बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एचएसबीसी को इसके लिए चुना है। इसके अलावा, आरबीआई ने खुदरा लेन-देन के लिए एक दिसंबर, 2022 को पायलट आधार पर सीबीडीसी या ई-रुपया शुरू किया। ई-रुपया एक डिजिटल टोकन के रूप में है जो कानूनी रूप से वैध मुद्रा का प्रतिनिधित्व करता है। इसे कागजी मुद्रा और सिक्कों के समान मूल्यवर्ग में जारी किया जा रहा है। इसे बैंकों के माध्यम से वितरित किया जा रहा है। उपयोगकर्ता पायलट परियोजना में शामिल बैंकों द्वारा पेश डिजिटल वॉलेट के माध्यम से ई-रुपये से लेनदेन कर सकते हैं।

नोवार्टिस इंडिया के प्रबंध निदेशक संजय का इस्तीफा

नई दिल्ली। नोवार्टिस इंडिया के वाइस चेयरमैन और प्रबंध निदेशक संजय मुर्देश्वर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दवा कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसके निदेशक मंडल ने गुरुवार को हुई बैठक में मुर्देश्वर का इस्तीफा मंजूर कर लिया। मुर्देश्वर ने 25 जनवरी, 2024 को एक पत्र में निदेशक और कंपनी के कर्मचारी के तौर पर दो अप्रैल, 2024 को कारोबारी घंटों के बाद पद छोड़ने की सूचना दी थी। मुर्देश्वर ने निदेशक मंडल को भेजे अपने पत्र में कहा, "मेरी व्यक्तिगत और व्यावसायिक आकांक्षाएं समय के साथ विकसित हुई हैं, और मेरा मानना है कि यह अपने लिए एक नई दिशा अपनाने का सही समय है।

आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 360 अंक टूटा

मुंबई, एजेंसी

» टेक महिंद्रा का शेयर छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया

स्थानीय शेयर बाजारों में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 360 अंक नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा।

30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 359.64 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 70,700.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 741.27 अंक लुढ़क गया था।

50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 101.35 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,352.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा छह प्रतिशत से अधिक नीचे आया। कंपनी का दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत घटकर 510.4 करोड़ रुपये रहने की सूचना के बाद इसका शेयर नीचे आया। इसके अलावा भारती एयरटेल, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, विप्रो, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, टाटा स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और मारुति भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 6,934.93 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	73,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति नग)	47,700-47,900

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	63,750
चांदी आभूषण	73,400।

हल्द्वानी मंडी

शरबती-	85
मसूरी-	65
चना-	100-116
साबुत चना दाल-	62-64
मूंग साबुत-	90-104
राजमा-	180-200
दाल उड़द-	115-118

एयर इंडिया पांच और ए350 विमानों को करेगी बेड़े में शामिल

नई दिल्ली। एयर इंडिया जून तक अपने बेड़े में पांच और ए350 विमान शामिल करेगी। साथ ही 40 पुराने बोइंग 787 और 777 विमानों को उन्नत करने की प्रक्रिया जुलाई में शुरू होगी। एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में औसतन हर छह दिन में एक विमान एयरलाइन के बेड़े में शामिल होगा। घाटे में चल रही एयर इंडिया का टाटा समूह ने दो साल पहले 27 जनवरी को अधिग्रहण कर लिया था।

सीसीई एग्री एप के प्रयोग में 59 जिले फिसड्डी

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

» लखनऊ व बागपत अव्वल, ललितपुर, कन्नौज, बदायूं, जौनपुर, महोबा, मथुरा बेहद खराब

» खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से कर पाए

अमृत विचार : प्रदेश में खरीफ 2023 की फसल उत्पादकता निकालने में अनिवार्यता होते हुए भी फसल कटाई सर्वेक्षण यानी सीसीई एग्री एप का 100 प्रतिशत प्रयोग नहीं हुआ। क्रॉप कटिंग के दौरान कुल 2,97,208 प्रयोग में 77,584 एप से किए गए। जबकि शेष पहले की तरह टेबिल पर उत्पादकता के आंकड़े भरे गए। हालांकि लखनऊ ने 1916 व बागपत ने 356 प्रयोग 100 प्रतिशत एप से कर सफलता हासिल की है, जबकि 50 प्रतिशत से कम एप का प्रयोग करने में 59 जिले फिसड्डी हैं। सबसे खराब प्रगति ललितपुर, कन्नौज व बदायूं की 1 प्रतिशत व जौनपुर, मथुरा व महोबा की 2 प्रतिशत से कम है। इस पर गंभीरता न लेने वाले 50 फीसदी से कम प्रगति वाले एसडीएम व तहसीलदार से शासन कार्रवाई कर सकता है। गाजियाबाद, हापुड़, मुज्जफरनगर सहारनपुर, सोनभद्र व शामली की प्रगति अच्छी है। इनमें 70 फीसदी से अधिक प्रयोग किए हैं।

यहां 50 प्रतिशत से कम प्रगति

जिले	प्रयोग	इतने किए
बरेली	4914	1918
मुरादाबाद	2696	1058
बदायूं	8608	63
शाहजहांपुर	5156	166
रामपुर	3120	569
पीलीभीत	2908	567
कासगंज	3680	1346

ये भी पीछे

ललितपुर	5048	9	फर्रुखाबाद	3064	211
कन्नौज	3404	8	अमेठी	2728	264
महोबा	4268	67	चित्रकूट	3144	317
मथुरा	2740	46	बांदा	3310	336
जौनपुर	7156	137	फतेहपुर	5624	771
कानपुर नगर	2444	658	अयोध्या	3308	573
कानपुर देहात	4888	123	जालौन	4448	893
बाराबंकी	5248	267	गोरखपुर	5400	1187
उन्नाव	7628	512	प्रयागराज	6100	2103

पारदर्शिता के लिए एप लागू

क्रॉप कटिंग में कुछ गांव के खेत चिह्नित कर फसल की कटाई कर उपज निकाली जाती है। पुरानी व्यवस्था से इन पर घर बैठे या फिर मनमाने तरह से आंकड़े भरने के आरोप लगते हैं। इसमें पारदर्शिता लाकर उपज के सही आंकड़े सरकार तक पहुंचाने के लिए 2018 में सीसीई एप लागू किया गया था। इसमें फोटो, समेत पूरा विवरण ट्रेस होता है।

क्रॉप कटिंग में पारदर्शिता के लिए एप का प्रयोग करना है। इसमें लखनऊ व बागपत ने 100 प्रतिशत प्रयोग किया है। जबकि कुछ जिलों की प्रगति खराब है। यहां से संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। साथ ही सुधार किया जाएगा।

-सुमिता सिंह, निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

राष्ट्रीय

मैक्रों और मोदी ने की जयपुर की सैर

प्रधानमंत्री और फ्रांस के राष्ट्रपति ने किया ऐतिहासिक हवा महल का दीदार

जयपुर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को परकोटे में स्थित जंतर मंतर से हवा महल तक रोड शो किया। इस दौरान मोदी व मैक्रों खुली छत वाले एक वाहन में सवार थे। दोनों नेताओं ने सड़क के दोनों ओर खड़े जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने मोदी मोदी के नारे भी लगाए। उन पर अनेक स्थानों पर फूलों की वर्षा की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ में तिरंगे तथा फ्रांस के राष्ट्रध्वज ले रखे थे।

कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच यह रोड शो जंतर मंतर से हवा महल तक चला। इसके बाद दोनों नेताओं ने रोशनी से जगमगाते ऐतिहासिक हवा महल को निहारा। बाद में स्थानीय कलाकृतियों व हस्तशिल्प उत्पादों की एक दुकान में गए। वहां राष्ट्रपति मैक्रों अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर की प्रतिकृति निहारते देखे गए। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें वहां रखे भीम यूपीआई स्कैनर के बारे में भी बताया। मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हैं।

इससे पहले मोदी ने गुरुवार शाम जयपुर के ऐतिहासिक जंतर मंतर में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया तथा उसके बारे में जाना। अपने भारत दौरे के तहत मैक्रों गुरुवार दोपहर जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे पर राज्यपाल कलराज मिश्र, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मैक्रों का स्वागत किया। वहीं, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के दौरे पर गए प्रधानमंत्री मोदी शाम में जयपुर पहुंचे। हवाई अड्डे से मोदी जयपुर के परकोटे में स्थित जंतर मंतर के लिए रवाना हो गए। रास्ते में जगह जगह लोग व स्कूली बच्चे उनके स्वागत के लिए खड़े थे।

मैक्रों हवाई अड्डे से आमेर के किले पहुंचे। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बातचीत करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए।

जयपुर के बाजार में पीएम नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों।

भाजपा के घोषणा पत्र के लिए युवाओं से मांगे सुझाव

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पूर्ण बहुमत के साथ स्थिर सरकार चुनने की वकालत की और युवा मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में परिवारवादी पार्टियों को हराने का आह्वान करते हुए कहा कि उनके वोट ही भारत की दशा व दिशा तय करेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजपा की युवा इकाई भाजयुमो की ओर से आयोजित नमो नवमतदाता सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि परिवारवादी पार्टियों की सरकारों के कार्यकाल में भारत के युवाओं का भविष्य 'अंधकारमय' बना दिया गया था जबकि मौजूदा केंद्र सरकार उन्हें उस स्थिति से बाहर निकाल कर लाई। मोदी ने युवाओं से आगामी लोस के मद्देनजर भाजपा के घोषणापत्र के लिए सुझाव देने का आग्रह किया।

गणतंत्र दिवस पर 6 कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र पुरस्कारों की घोषणा

नई दिल्ली, एजेंसी

» छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत दिए जाएंगे

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर छह कीर्ति चक्र और 16 शौर्य चक्र सहित 80 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दे दी। छह कीर्ति चक्र में से तीन को मरणोपरांत और 16 शौर्य चक्र में से दो को मरणोपरांत प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।

कीर्ति चक्र अशोक चक्र के बाद भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है, जबकि शौर्य चक्र शांतिकाल का तीसरा सबसे बड़ा वीरता पुरस्कार है।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार जिन्हें कीर्ति चक्र पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई उनमें पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) की 21वीं बटालियन के मेजर दिग्विजय सिंह रावत, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर दीपेंद्र विक्रम बासनेत और महार रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के हवलदार पवन कुमार यादव शामिल हैं। मंत्रालय के अनुसार मरणोपरांत पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वालों में पंजाब रेजिमेंट (आर्मी मेडिकल कोर) की 26वीं बटालियन के कैप्टन अंशुमान सिंह, पैराशूट रेजिमेंट की नौवीं बटालियन (विशेष बल) के हवलदार अब्दुल माजिद और राष्ट्रीय राइफल्स की 55वीं बटालियन के सिपाही पवन कुमार शामिल हैं। इसके अनुसार शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में पैराशूट रेजिमेंट की 21वीं बटालियन के मेजर मानेओ फ्रांसिस, सिख रेजिमेंट की चौथी बटालियन के मेजर अमनदीप जाखड़, महार रेजिमेंट के नायब सूबेदार बारिया संजय कुमार भामर सिंह, 9 असम राइफल्स के हवलदार संजय कुमार और राष्ट्रीय राइफल्स से पुरुषोत्तम कुमार शामिल हैं।

भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट बिमल रंजन बेहरा और भारतीय वायु सेना के विंग कमांडर शैलेश सिंह (पायलट), फ्लाइट लेफ्टिनेंट हृषिकेश जयन करुथेदथ (पायलट) और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सहायक कमांडेंट बिभोर कुमार सिंह भी शौर्य चक्र पुरस्कार विजेताओं में शामिल हैं।

एक नजर

मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 तक रोक

चंडीगढ़। संगरूर जिले की एक अदालत ने 2008 के एक मामले में गुरुवार को पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी। जिला और सत्र न्यायाधीश की अदालत ने अरोड़ा की याचिका पर उन्हें अंतरिम राहत दी। अरोड़ा के वकील योगेश गुप्ता ने कहा, अदालत ने मंत्री की दोषसिद्धि पर 31 जनवरी तक रोक लगा दी और अंतिम आदेश की घोषणा के लिए मामले को स्थगित कर दिया गया।

महिला को ब्लैकमेल, धन ऐंठने में विदेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। एक महिला को उसकी अश्लील तस्वीर व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी देकर धन ऐंठने के आरोप में 37 वर्षीय एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि आरोपी की पहचान इवान के तौर पर की गई है। पुलिस के अनुसार बिजनेस वीजा पर आया इवान ग्रेटर नोएडा में रह रहा था। पुलिस उपायुक्त (आईएफएसओ) हेमंत तिवारी ने बताया, ''हमें एक व्यक्ति से शिकायत मिली थी। जांच में आरोप सही मिले। डीसीपी तिवारी ने बताया, ''आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

झारखंड उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में किया धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने एक महिला के अपने पति से गुजारा-भत्ता मांगने से जुड़े मामले में आदेश सुनाते हुए धार्मिक ग्रंथों का उल्लेख किया है। फैसले में न केवल पति और पत्नी के वैयक्तिक संबंधों की बात की गई है, बल्कि विवाहित दंपतियों के अधिकारों तथा कर्तव्यों का भी उल्लेख किया गया है। न्यायमूर्ति सुभाष चंद ने 25 पन्नों के आदेश में उच्चतम न्यायालय के फैसलों को उद्धृत करते हुए इस बारे में विचार व्यक्त किया कि भारत में महिलाएं किस तरह शादी के बाद पति के परिवार में रहने आती हैं। न्यायमूर्ति चंद ने अपने आदेश में ऋग्वेद, यजुर्वेद, मनुस्मृति के उद्धरणों का भी वर्णन किया और टेरेसा चाको की पुस्तक 'इंट्रोडक्शन ऑफ फेमिली लाइफ एजुकेशन' का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों में बेटा शादी के बाद अपने परिवार से अलग हो जाता है, लेकिन भारत में ऐसा नहीं है। शीर्ष अदालत के एक फैसले का हवाला देते हुए न्यायमूर्ति चंद ने कहा कि पत्नी को विवाह के बाद अपने पति के परिवार के साथ रहना होता है, जब तक उनके अलग होने का कोई मजबूत न्यायोचित कारण नहीं हो। मामला रुद्र नारायण राय द्वारा हाल में दायर याचिका से जुड़ा है जिसमें उनकी पत्नी और नाबालिग बेटे को गुजारा भत्ता दिये जाने के दुमका की एक कुटुम्ब अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति चंद ने 22 जनवरी को फैसला सुनाया और आदेश में बदलाव करते हुए कहा कि राय की पत्नी को गुजारा भत्ता देने के आदेश को रद किया जाता है। वहीं उनके नाबालिग बेटे को मिलने वाले गुजारा भत्ता को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये किया जाता है।

कोविड-19 से संक्रमण के 198 नए मामले

नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 से संक्रमण के 198 नए मामले सामने आए हैं जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 1,764 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे की अवधि में पंजाब में एक मौत की सूचना मिली।

अवैध मुकाबले से बरामद मुर्गा अदालत में पेश किया जाएगा

चंडीगढ़। पंजाब के बठिंडा जिले में कुछ दिन पहले मुर्गों की लड़ाई के अवैध मुकाबले से बरामद किए गए एक मुर्गे को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत में केस प्रॉपर्टी के रूप में पेश किया जाएगा। केस प्रॉपर्टी ऐसी वस्तु को कहा जाता है कि जिसे अपराध के मामले में पुलिस अपने कब्जे में ले लेती है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि बठिंडा के बल्लुआना गांव में आयोजित इस प्रतिबंधित खेल प्रतियोगिता के तीन आयोजकों पर पांच दिन पहले मामला दर्ज किया गया था। सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) निर्मलजीत सिंह ने बताया कि छापेमारी के बाद पुलिस ने आयोजकों में एक राजविंदर सिंह उर्फ राजू<bha>--</bha>से मुर्गे को बरामद किया था। पुलिस ने बताया कि मुकाबले में जीतने वाले मुर्गे के मालिकों को दिये जाने वाले कुछ पुरस्कार भी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने मुर्गे को कुक्कुट पालन करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति को दिया है जो उसकी देखरेख कर रहा है। सहायक उप निरीक्षक ने कहा कि मामले की जब कभी सुनवाई होगी, हम मुर्गे को अदालत में पेश करेंगे।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री शेट्टार की भाजपा में वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टार गुरुवार को भाजपा में वापस लौट आए। पिछले विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर नाराज होने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राजीव चंद्रशेखर, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री व पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा, मुख्य प्रवक्ता व मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी और पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र की मौजूदगी में उनकी घर वापसी हुई।

बीजेपी में दोबारा शामिलजगदीश शेट्टार का नई दिल्ली में स्वागत करते नड्डा।

हुबली-धारवाड़ मध्य सीट से छह बार विधायक रहे जगदीश शेट्टार की गिनती राज्य के अनुभवी नेताओं में होती है। उनका परिवार जनसंघ के दिनों से पार्टी से जुड़ा रहा। वह कित्तूर कर्नाटक क्षेत्र के एक प्रभावशाली नेता माने जाते हैं।

सीट बंटवारे पर मिलजुलकर समाधान निकाल लेंगे: जयराम

सिलीगुड़ी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी को उम्मीद है कि तृणमूल कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर उपजे गतिरोध का समाधान निकाल लिया जाएगा। इससे एक दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की थी कि उनकी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। उनके इस बयान को 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। रमेश ने बागडोगरा हवाईअड्डे पर कहा कि कांग्रेस ममता बनर्जी के बिना गठबंधन के बारे में सोच भी नहीं सकती, क्योंकि वह देश में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में अपरिहार्य हैं।

आतंकी घटनाओं में आई 66 प्रतिशत कमी : शाह

जम्मू, एजेंसी

» गृहमंत्री ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई, कहा-धारा 370 हटने से राज्य में लौट रही शांति

जम्मू कश्मीर में शांति के एक नए युग की शुरूआत होने का उल्लेख करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी घटनाएं 66 फीसदी और नागरिकों की हत्याओं में 81 प्रतिशत की कमी आई है।

शाह ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, जम्मू कश्मीर को पर्यटन केंद्र के रूप में तब्दील करने का श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया। शाह ने जम्मू में 100 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई और जम्मू कश्मीर प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों तथा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पाने वालों को नियुक्ति पत्र सौंपे।

शाह ने कहा कि 2000 में जम्मू कश्मीर में पथराव की 2,654 घटनाएं हुई थीं लेकिन 2023 में ऐसी एक भी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा, 2010 में करीब 132 बंद के आयोजन किए गए लेकिन 2023 में एक भी नहीं किया गया। 2010 में करीब 112 नागरिकों की पथराव की घटनाओं में मौत हुई लेकिन 2023 में पथराव में एक भी नागरिक ने जान नहीं गंवाई। करीब 6,235 नागरिक 2010 की अवधि के दौरान घायल हुए। मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्तपोषण पर भी नकेल कसी गई है।

उन्होंने कहा कि संपत्ति सील और कुर्क की जा रही। उनकी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए कई आतंकी संगठनों को प्रतिबंधित किया गया है। मोदी की प्रशंसा करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर को एक पर्यटन केंद्र में बदल दिया है जो कभी आतंकवाद के लिए जाना जाता था। उन्होंने कहा कि बम विस्फोट, गोलीबारी, पथराव और बंद के युग की जगह शिक्षा, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, प्रबंधन संस्थान, उद्योग और बुनियादी ढांचे ने ले ली है।

हरिशंकर भाभड़ा का निधन, पार्टीजनों ने दी श्रद्धांजलि

जयपुर। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री हरिशंकर भाभड़ा ने बीती रात स्थानीय रूंगटा अस्पताल में अंतिम सांस ली। गुरुवार सुबह उनका पार्थिव देह भाजपा प्रदेश कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया जहां पार्टीजनों ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने वरिष्ठ नेता के पार्थिव शरीर के दर्शन कर पार्टी का झंडा ओढ़ाया, पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

पहला ग्रैंडस्लैम जीतने से बस एक कदम दूर बोपन्ना

आस्ट्रेलियाई ओपन में चीन की जोड़ी को हराकर फाइनल में पहुंचे

मेलबर्न, एजेंसी

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से बस एक जीत दूर है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया है। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन को बृहस्पतिवार को सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उन्होंने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन

किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे लेकिन खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा।

एबडेन के साथ अच्छा रहा तालमेल : बोपन्ना

बोपन्ना ने कहा कि एबडेन के साथ तालमेल अच्छा रहा। इस उम्र में सफलता के बारे में पूछने पर कहा कि उनके साथ एक बड़ी टीम है। उन्होंने फोकस बनाए रखा और फिटनेस पर पूरा ध्यान दिया। मानसिक मजबूती के लिए योग करते हैं। एबडेन ने कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास है। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। अब एक मैच बाकी है।

कड़े मुकाबले में बोपन्ना ने दिखाई खेल भावना

पहले दो सेट में बराबरी के बाद तीसरे सेट के पहले गेम में बोपन्ना और एबडेन 0-30 से पीछे थे लेकिन बोपन्ना ने अपनी दमदार सर्विस बरकरार रखी। बोपन्ना की खेल भावना एक बार फिर देखने को मिली जब सातवें गेम में उन्होंने नेट छूने के बाद खुद बताया कि एक अंक गंवा दिया है। बोपन्ना का बैकहैंड शॉट लंबा जाने के बाद वे 15-30 से पीछे हो गए और झांग ने क्रॉसकोर्ट पर फोरहैंड विनर लगाया, जिससे बोपन्ना को दो ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा। उनका बैकहैंड शॉट बाहर चला गया, जिससे विरोधी टीम ने वापसी की। अगले गेम में बोपन्ना और एबडेन को तीन मैच प्वाइंट मिले जो उन्होंने बचाए। चीनी खिलाड़ियों ने हालांकि वापसी करते हुए एक समय स्कोर 5-5 कर लिया।

सुपर टाइब्रेकर से हुआ मैच का फैसला

11वें गेम में करीबी मुकाबले के बाद एबडेन ने सर्विस बरकरार रखते हुए 6-5 की बढ़त दिलाई, इसके बाद एक और ब्रेक प्वाइंट से वे मैच जीत जाते लेकिन तीसरा सेट टाई रहने पर सुपर टाइब्रेकर हुआ। सुपर टाइब्रेकर में एबडेन ने रिटर्न विनर लगाकर बढ़त बनाई और बोपन्ना ने झांग के रिटर्न पर जबर्दस्त वॉली विनर लगाकर स्कोर 7-5 कर दिया। बोपन्ना ने इसके साथ मैच खत्म किया।

कोको गॉफ को हराकर सबालेंका फाइनल में

मेलबर्न, एजेंसी। गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन और डायना यास्त्रेमस्का के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगी। झेंग और दुनिया की 93वें नंबर की खिलाड़ी यास्त्रेमस्का पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रहे हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी। सेमीफाइनल में सबालेंका के खिलाफ गॉफ की 2024 की पहली हार है।

ज्योति रंधावा बने सीनियर यूरो क्यू स्कूल जीतने वाले पहले भारतीय

अंताल्या, एजेंसी। गोल्फर ज्योति रंधावा सीनियर यूरोपीय टूर क्वालीफाइंग स्कूल के शीर्ष पर रहने वाले पहले भारतीय बने और इस सत्र में लीजेंड्स टूर में खेलने का पूर्ण अधिकार हासिल किया। रंधावा ने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया। वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी से चार शॉट आगे रहे। वर्ष 2022 में 50 बरस के हुए रंधावा ने 2023 में यूरोप में सीनियर टूर पर अपनी कुछ शुरुआती प्रतियोगिताएं खेली थीं। उन्होंने अंताल्या के ग्लोरिया गोल्फ क्लब में 71, 67, 68 और 70 के स्कोर से कुल 276 का स्कोर बनाया। फ्रांस के लियोनल एलेक्जेंडर (72), इंग्लैंड के साइमन ग्रिफिथ्स (72) और स्पेन के कार्लोस बालमासेदा (72) 280 के स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

भारतीय स्पिन के सामने बैजबॉल की उड़ीं धज्जियां

246 रन पर सिमटी इंग्लैंड की पहली पारी, भारत ने एक विकेट खोकर बनाए 119 रन

हैदराबाद, एजेंसी

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति को बेअसर साबित करते हुए टेस्ट के पहले दिन बृहस्पतिवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया और जवाब में यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से भारत ने अच्छी शुरुआत की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे।

यशस्वी जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं, जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं। भारत ने एकमात्र विकेट कप्तान रोहित शर्मा के रूप में गंवाया, जो स्पिनर जैक लीच की गेंद पर इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स को कैच देकर लौटे। रोहित ने 27 गेंद में तीन चौकों की मदद से 24 रन बनाए।

76 रन 70 गेंदों पर बनाकर यशस्वी शुभमन के साथ मैदान पर डटे

रोहित ने 64 में 52 ओवर स्पिनरों से कराए

कप्तान रोहित शर्मा ने 64.3 में से 52 ओवर तीनों स्पिनरों से कराए। स्पिनर भी कप्तान के भरोसे पर खरे उतरे। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों बेन डकेट और जैक क्रॉली ने पहले आठ ओवरों में 41 रन बना लिए थे। अश्विन ने 12वें ओवर में डकेट को एलबीडब्ल्यू आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद जडेजा ने ओली पोप को 14वें ओवर में पहली स्लिप में रोहित शर्मा के हाथों लपकवाया। अश्विन ने अगले ओवर में क्रॉली को अपना 492वां टेस्ट शिकार बनाया। उनकी फुललैंथ गेंद पर क्रॉली ने मोहम्मद सिराज को कैच थमाया।

60 रन पर गिरे 3 विकेट, रूट और बेयरस्टो ने संभाली पारी

तीन विकेट 60 रन पर गिरने के बाद रूट और बेयरस्टो ने पारी को संभाला। उनके बीच हुई 61 रन की साझेदारी को तोड़ते हुए अक्षर ने बेयरस्टो को पवेलियन भेजा। स्पिन को बखूबी खेलने वाले रूट भी जड़ेजा की गेंद पर खराब शॉट खेलकर जसप्रीत बुमराह को कैच थमाया। बेन फोक्स 24 गेंद में चार रन बनाकर अक्षर का दूसरा शिकार बने, जिनका कैच विकेट के पीछे केएस भरत ने लपका। टॉम हार्टली (23) को जडेजा और मार्क वुड (11) को अश्विन ने बोल्ड किया, जबकि रेहान अहमद (13) ने बुमराह की गेंद पर विकेट के पीछे कोना भरत को कैच थमाया।

स्कोर बोर्ड

भारत 119/1 (23 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
यशस्वी जायसवाल नाबाद	76	70	9/3
रोहित शर्मा का स्टोक्स बो लीच	24	27	3/0
शुभमन गिल नाबाद	14	43	1/0

अतिरिक्त: 5, कुल: 23 ओवर में एक विकेट पर: 119 रन, विकेट पतन: 1-80, गेंदबाजी: वुड 2-0-9-0, हार्टली 9-0-63-0, लीच 9-2-24-1, अहमद 3-0-22-0

इंग्लैंड 246/10 (64.3 ओवर)

खिलाड़ी	रन	गेंद	4/6
जाक क्राउले का सिराज बो अश्विन	20	40	3/0
बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन	35	39	7/0
ओली पोप का शर्मा बो जडेजा	1	11	0/0
जो रूट का बुमराह बो जडेजा	29	60	1/0
जॉनी बेयरस्टो बो पटेल	37	58	5/0
बेन स्टोक्स बो बुमराह	70	88	6/3
बेन फोक्स का भरत बो पटेल	4	24	0/0
रेहान अहमद का भरत बो बुमराह	13	18	1/0
टॉम हार्टले बो जडेजा	23	24	2/1
मार्क वुड बो अश्विन	11	24	2/0
जैक लीच नाबाद	0	3	0/0

अतिरिक्त: 3, कुल :64.3 ओवर में ऑल आउट : 246 रन, विकेट पतन : 1-55, 2-58, 3-60, 4-121, 5-125, 6-137, 7-155, 8-193, 9-234, गेंदबाजी : बुमराह 8.3-1-28-2, मोहम्मद सिराज 4-0-28-0, रविंद्र जडेजा 18-4-88-3, रविचंद्रन अश्विन 21-1-68-3, अक्षर पटेल 13-1-33-2

स्पिन तिकड़ी के सामने ढेर हुई इंग्लैंड

सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर 3-3 विकेट चटकाए, जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। पहली ही गेंद से आक्रामक खेलने की इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति कहीं नजर नहीं आई, जिसके दम पर पिछले कुछ अर्से में उसने अपार सफलता हासिल की है।

खेल डायरी

मुक्केबाजी से अभी नहीं लिया है संन्यास : मैरी कॉम

नई दिल्ली। तोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एमसी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन मैरी कॉम ने बृहस्पतिवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अब तक संन्यास की घोषणा नहीं की है और उनके बयान को तोड़ मरोड़कर पेश किया गया। जब भी संन्यास का एलान करना होगा तो खुद बता देंगी। दरअसल डिब्रूगढ में बुधवार को एक कार्यक्रम के दौरान मणिपुर की फ्लायवेट (51 किलो) वर्ग की मुक्केबाज मैरी कॉम के हवाले से कहा गया था कि अमैच्योर मुक्केबाजों के लिए 40 वर्ष की सीमा के कारण उन्हें मजबूरन रिटायर होना पड़ रहा है।

पहले मैच में भारत का सामना स्विटजरलैंड से

बेंगलुरू। भारतीय पुरुष हॉकी टीम मस्कट में पहले एफआईएच हॉकी-5 विश्व कप में पूल बी में रविवार को स्विटजरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। सिमरनजीत सिंह की कप्तानी वाली टीम का सामना रविवार को ही मिस्र से होगा। आखिरी ग्रुप मैच में टीम सोमवार को जमैका से खेलेगी। पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड की टीमें हैं। पूल सी में आस्ट्रेलिया, कीनिया, न्यूजीलैंड और त्रिनिदाद और टोबैगो हैं, जबकि पूल डी में फीजी, मलयेशिया, ओमान और अमेरिका हैं। हर पूल से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल भी उसी दिन होगा और फाइनल बुधवार को खेला जाएगा।

हॉकी-5 विश्व कप

भारतीय महिला हॉकी टीम ने अमेरिका को हराया

मस्कट। मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने हॉकी 5 महिला विश्व कप में अमेरिका को 7-3 से हराया। भारत के लिए महिमा चौधरी, मरियाना कुजूर और दीपिका सोरेंग, मुमताज खान और अजमिना कुजूर ने गोल दागे। समफेस्ट ने रिवर्स शॉट पर अमेरिका को बढ़त दिलाई, जबकि कप्तान लिनीया ने दूसरा गोल करके भारतीय खेमे में खलबली बचा दी। दूसरे हाफ में भारतीयों ने दबाव बनाकर पहला गोल कर दिया। अमेरिका के लिए अगले ही मिनट समफेस्ट ने दूसरा गोल किया। मरियाना ने दो गोल करके भारत को बराबरी दिलाई। इसके बाद दीपिका ने दो और गोल किए। मुमताज और अजमिना ने एक-एक गोल करके अमेरिका की हार तय कर दी।

कोहली चौथी बार वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

दुबई, एजेंसी

विराट कोहली को पिछले साल विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए गुरुवार को आईसीसी का साल का सर्वश्रेष्ठ वनडे क्रिकेटर 2023 चुना गया। कोहली का यह चौथा पुरस्कार है। वह पिछले साल वनडे में शुभमन गिल के बाद सबसे अधिक रन बनाने वाले दूसरे खिलाड़ी रहे। कोहली ने 6 शतक और 8 अर्धशतकों से पिछले साल 1377 रन बनाए थे। कोहली ने सचिन तेंदुलकर के वनडे में शतकों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया था।

कोहली ने भारत को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाया और 11 मैच में रिकॉर्ड 765 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट पुरस्कार भी हासिल किया। कोहली के कॅरिअर का यह सातवां व्यक्तिगत आईसीसी पुरस्कार है और वनडे में यह उनका चौथा पुरस्कार है। उन्होंने इससे पहले वनडे में 2012, 2017 और 2018 में यह पुरस्कार जीता था। उन्होंने 2018 में टेस्ट पुरस्कार भी जीता था, जबकि 2017 और 2018 में उन्होंने आईसीसी के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती थी।

पैट कमिंस चुने गए सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को साल का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। कमिंस ने साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के लिए सर गारफील्ड सोबर्स ट्राफी जीती और इंग्लैंड की आल राउंडर नैट साइवर ब्रंट ने साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के लिए लगातार दूसरी रशेल हेहो फ्लिंट ट्राफी जीती।

आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा साल के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट क्रिकेटर बने। श्रीलंका की चामरी अटापट्टू ने पहली बार सर्वश्रेष्ठ महिला वनडे क्रिकेटर पुरस्कार हासिल किया। वह आईसीसी पुरस्कार पाने वाली देश की पहली महिला क्रिकेटर भी बन गई। इंग्लैंड के अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ ने तीसरी बार साल के सर्वश्रेष्ठ अंपायर के लिए डेविड शेफर्ड ट्राफी जीती।

उस्मान ख्वाजा बने टेस्ट के सरताज

भारत ने आयरलैंड को 201 रन से रौंदा

ब्लोमफोंटेन, एजेंसी

मुशीर खान के शतक के बाद नमन तिवारी और स्वामी पांडे की धारदार गेंदबाजी से भारत ने अंडर-19 विश्व कप के ग्रुप ए मैच में गुरुवार को आयरलैंड को 201 रन से रौंदकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत के 302 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की टीम के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने 53 रन पर चार और स्पिनर पांडे ने 21 रन पर तीन विकेट चटकाए। भारत की गेंदबाजी के सामने आयरलैंड 29.3 ओवर में सिर्फ 100 रन पर ढेर हो गई।

आयरलैंड की ओर से 10वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए डेनियल फोर्किन ने सर्वाधिक नाबाद 27 रन बनाए। टीम ने 45 रन तक ही आठ विकेट गंवा दिए थे। फोर्किन ने ओलिवर रिली और लिन लुटोन के साथ टीम का स्कोर तिहरे अंक तक पहुंचाया। इसके अलावा सलामी बल्लेबाज जोर्डन नील (11) और रेयान हंटर (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। इससे पहले भारत ने मुशीर के 118 रन और कप्तान उदय सहारन (75 रन) के साथ उनकी 156 रन की साझेदारी से 7 विकेट पर 301 रन बनाए। दो मैच में दो जीत से भारत ग्रुप ए में चार अंक के साथ शीर्ष पर है और उसका अगले चरण में जगह बनाना लगभग तय है।

सचिन धास ने अंत में नौ गेंद में 21 रन की पारी खेलकर भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया जो इस मैदान पर अंडर-19 अंतरराष्ट्रीय मैच का सर्वोच्च स्कोर है। भारत ने अंतिम 10 ओवर में 119 रन बटोरे। पहले मैच की तरह कप्तान उदय सहारन ने एक बार फिर एंकर की भूमिका निभाते हुए स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी और मुशीर को उनका नैसर्गिक आक्रामक खेल खेलने दिया।

118 रन की पारी खेली भारत के मुशीर खान ने

4 विकेट नमन तिवारी और 3 स्वामी पांडे ने चटकाए

नीरज चौपड़ा ने रोजर फेडरर से की मुलाकात

ज्यूरिख। स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर और भारतीय एथलीट नीरज चोपड़ा ने हाल में एक-दूसरे से मुलाकात की। स्विट्जरलैंड टूरिज्म द्वारा आयोजित इस मुलाकात में फेडरर और नीरज चोपड़ा ज्यूरिख में मिले। फेडरर ने कहा कि नीरज ने अपने दृढ़ संकल्प और जज्बे से देश के लिए काफी कुछ हासिल किया है। ज्यूरिख में उनसे मिलना शानदार रहा है। नीरज चोपड़ा ने कहा कि रोजर फेडरर की विनम्रता ने उन्हें प्रेरित किया। फेडरर ने नीरज को अपने हस्ताक्षर वाला टेनिस रैकेट भेंट किया, जबकि नीरज ने जर्सी उपहार में दी।

लक्ष्य सेन और प्रियांशु इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

जकार्ता। भारत के लक्ष्य सेन और प्रियांशु राजावत गुरुवार को प्री क्वार्टरफाइनल में सीधे गेम से हारकर इंडोनेशिया मास्टर्स टूर्नामेंट के पुरुष एकल से बाहर हो गए। आठवीं वरीयता प्राप्त एंडर्स एंटोनसेन के खिलाफ मुकाबले में लक्ष्य ने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन वह डेनमार्क के इस खिलाड़ी से 19-21, 18-21 से हार गए। वहीं प्रियांशु राजावत ने भी कनाडा के ब्रायन यांग के खिलाफ शुरुआती गेम में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन इतना ही काफी नहीं था और वह 18-21, 14-21 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए। राजावत ने पहले दौर में डेनमार्क के रास्मस गेमके को 21-18, 21-19 से शिकस्त दी थी। अब टूर्नामेंट में किरण जॉर्ज एकमात्र भारतीय बचे हैं।

बॉलीवुड हलचल

संगीत में किस्मत आजमाएंगी परिणीति चोपड़ा

अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वह एक गायिका के रूप में संगीत क्षेत्र में कदम रख रही हैं। शास्त्रीय संगीत की पृष्ठभूमि रखने वाली चोपड़ा ने एंटरटेनमेंट कंसल्टेंट एलएलपी के साथ एक करार किया है, जो मनोरंजन जगत में एक प्रसिद्ध नाम है। परिणीति चोपड़ा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में लिखा संगीत मेरे लिए हमेशा खुशी की जगह रही है। दुनिया भर के अनगिनत संगीतकारों को मंच पर कार्यक्रम पेश करते देखा है और अब उस दुनिया का हिस्सा बनने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि वह अपने जीवन में एक नया अध्याय शुरू करने को लेकर बहुत भाग्यशाली महसूस कर हैं। यह यात्रा एक साथ दो क्षेत्रों में कॅरिअर बनाने का अवसर देती है। परिणीति चोपड़ा संगीत की दुनिया में पूरी तरह से नई नहीं हैं क्योंकि उन्होंने 2017 की अपनी फिल्म मेरी प्यारी बिंदु के लिए माना के हम यार नहीं गाना गाया था।

वरुण धवन की अगली फिल्म का नाम होगा बेबी जॉन

साउथ के पॉपुलर डायरेक्टर एटली कुमार बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन के साथ फिल्म वीडी 18 बनाने जा रहे हैं। एटली कुमार ने हाल ही में फिल्म वीडी 18 का मुहूर्त वीडियो शेयर किया था। अब मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि वरुण धवन की इस फिल्म का नाम बेबी जॉन है और इसकी जल्द ही घोषणा की जाएगी। हालांकि इस फिल्म में उनके सह कलाकार कौन होंगे इसका खुलासा अभी नहीं किया गया है।

सनी देओल की लाहौर 1947 में प्रीती जिंटा की एंट्री

सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस हिला दिया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर एक बाद एक कई रिकॉर्ड्स बनाए। इस फिल्म के हिट होने के बाद सनी देओल के हाथ एक कई फिल्में लगी है लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा फिल्म लाहौर 1947 को लेकर है। इसमें सनी देओल लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म के लिए काफी समय से फीमेल लीड एक्ट्रेस की तलाश चल रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रीति जिंटा इस फिल्म के साथ कमबैक करने वाली है। इस फिल्म में सनी देओल के बाद प्रीति जिंटा अहम रोल में नजर आने वाली हैं। हालांकि इसको लेकर अब तक कोई अधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। माना जा रहा है कि मेकर्स इसको लेकर जल्द घोषणा कर सकते हैं।

पाकिस्तान में फिर गदर मचाते दिखेंगे सनी देओल

आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बन रही फिल्म लाहौर 1947 की कहानी में भी सनी देओल पाकिस्तान में गदर काटने वाले हैं। सनी देओल की इस फिल्म राजकुमार संतोषी डायरेक्ट करने वाले हैं। आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस के सोशल मीडिया हैंडल से इसको लेकर बहुत पहले जानकारी दी गई थी। एक तस्वीर शेयर कर फिल्म की घोषणा हुई थी। उस वायरल तस्वीर में आमिर खान, सनी देओल और राजकुमार संतोषी साथ नजर आए थे।

क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज

विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज कर दिया गया है।विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म क्रैक चर्चा में बनी हुई है। इस फिल्म का टीजर और पहला गाना रिलीज किया जा चुका है। अब फिल्म का दूसरा गाना जीना हराम रिलीज किया गया है। विद्युत जामवाल और नोरा फतेही की फिल्म का यह गाना लोगों को काफी पसंद आ रहा है। यह फिल्म 23 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

सपनों को नष्ट करे देगा असफल होने का डर

अभिषेक बच्चन ने गुरुवार को इंस्टाग्राम परएक पोस्ट शेयर की। अभिषेक बच्चन ने लिखा कि असफल होने का डर आपको सपनों को नष्ट करे देगा। असफलता से सीखना आपके सपनों को साकार करेगा। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के अलगाव की खबरों के बीच उनकी यह पोस्ट लोगों का ध्यान खींच रहा है। यह पहली बार नहीं है जब अभिषेक बच्चन ने अपनी पर्सनल लाइफ की उठापटक की खबरों के बीच पोस्ट शेयर किया है। इससे पहले भी वह ऐसा कर चुके हैं।

कृति सेनॉन को मिला यूएई गोल्डन वीजा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनॉन को हाल ही में बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था। अब कृति सेनॉन के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है। दरअसल कृति सेनॉन को प्रतिष्ठित यूएई गोल्डन वीजा से सम्मानित किया गया है। पहले यह सम्मान शाहरुख खान, संजय दत्त, बोनी कपूर, रणवीर सिंह, वरुण धवन को मिल चुका है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

मध्य प्रदेश: एसडीएम ने महिला कर्मचारी से पहने जूते, तबादला

भोपाल/सिंगरौली

मप्र के सीएम मोहन बोले- नारी सम्मान सर्वोपरि, फोटो वायरल होने के बाद एसडीएम बोले-मैंने कोई पद का दुरुपयोग नहीं किया

सिंगरौली के चितरंगी तहसील अंतर्गत में पदस्थ एसडीएम चितरंगी की महिला कर्मचारी से खुद के पैर में जूता पहनवाते हुए फोटो सोशल मीडिया पर हुई वायरल हुई थी। यह तस्वीर सामने आने के बाद एसडीएम ने महिला को माता तुल्य बताया था, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने एक्स हैंडल पर एसडीएम को हटाने का निर्देश दिया है।

तस्वीर वायरल होने से स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया है। यह घटना 22 जनवरी की बताई जा रही है। सीएम ने एसडीएम को हटाने का निर्देश देते हुए कहा कि हमारी सरकार में नारी सम्मान सर्वोपरि है। 22 जनवरी को चितरंगी उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य मंत्री राधा सिंह के मौजूदगी में जब श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। उक्त फोटो उसी समय की है जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही। जूते पहनाने वाली महिला कर्मचारी एसडीएम की विभागीय लिपिक बताई जा रही है । चितरंगी एसडीएम असवान राम चिरावन ने सफाई देते हुए बताया कि विधान सभा चुनाव के दौरान तत्कालीन

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बगदारी में सभा के दावारन मेरा पैर स्लिप हो गया जिसमे मेरे दो पाई में गंभीर चोट आई थी जिसके चलते मैं ठीक से चल नहीं सकता हूं। एसडीएम ने बताया राज्य मंत्री राधा सिंह का कार्यक्रम था उनके प्रोटोकाल में मुझे रहना पड़ा। पूजा के समय जूते पैर से उतरे थे पूजा के बाद जूते पहन भी लिए थे किंतु लेस बांधने के झुक नहीं पा रहे थे तो माता तुल्य महिला ने मदद की थी। मैंने कोई पद का दुरुपयोग नहीं किया है।

फ्लोरिडा ने 16 साल से छोटे बच्चों के इंटरनेट अकाउंट पर लगाया बैन

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के फ्लोरिडा में बच्चों के इंटरनेट अकाउंट पर प्रतिबंध लगाने के लिए बिल पारित किया गया है। सदन में बुधवार को पारित बिल के तहत 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्मों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। इसमें माता-पिता की मंजूरी का प्रावधान नहीं रखा गया है।

बिल में इसकी जानकारी नहीं दी गई है कि कौन से प्लेटफार्म प्रभावित होंगे, लेकिन यह किसी भी इंटरनेट मीडिया साइट को लक्षित करता है, जो उपयोग करने वालों की गतिविधि को ट्रैक करता है। बच्चों को सामग्री अपलोड करने और अनजान लोगों के साथ बातचीत की अनुमति देता है।

यह बिल व्यक्तियों के बीच निजी संदेशों के लिए उपयोग किए जाने वाले एप को प्रभावित नहीं करेगा। रिपब्लिकन प्रतिनिधि टायलर सिरोइस ने कहा कि वे बड़े हो रहे बच्चों का फायदा उठा रहे हैं। यही उनका बिजनेस मॉडल है। सदन में विधेयक के पक्ष में 106 मत पड़े। इसमें कई डेमोक्रेट ने रिपब्लिकन का समर्थन किया। समर्थकों का तर्क था कि इंटरनेट मीडिया बच्चों को ऐसे चीजों के संपर्क में लाता है जो उनमें अवसाद, आत्महत्या और नशे की लत का कारण बन सकता है।

जलवायु परिवर्तन: ध्रुवीय भंवर से कई देशों में कड़ाके की ठंड

वैज्ञानिकों ने कहा- कमजोर ध्रुवीय भंवर के कारण मौसम में आया बदलाव

नैनीताल कार्यालय



आगे बढ़ते ध्रुवीय भंवर का मानचित्र।

अमृत विचार : जलवायु परिवर्तन ने कड़ाके की ठंड के रूप में नए मौसम को जन्म दे दिया है। इसकी चपेट में आए दुनिया के कई देश कड़ाके की ठंड चपेट में हैं। यह ध्रुवीय भंवर कुछ देशों में पहुंचने लगे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि कमजोर ध्रुवीय भंवर के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। इसके प्रभाव के चलते अमेरिका के उत्तरी राज्यों में बर्फीला तूफ़ान उठा है, जबकि दक्षिणी देशों में लोगों को अत्यधिक ठंड का सामना करना पड़ रहा है। यह जलवायु परिवर्तन का बड़ा प्रभाव है। यूमैस लोवेल के जलवायु विज्ञान प्रो मैथ्यू बार्लो समेत उनके सहयोगी वैज्ञानिकों ने शोध कर मौसम के नए प्रभाव का पता लगाया है। प्रो मैथ्यू बार्लो के अनुसार पिछले सप्ताह बेहद ठंडी आर्कटिक हवा कड़ाके की सर्दी के साथ अमेरिका के अधिकांश हिस्से में पहुंच गई। जिसके चलते मोंटाना से टेक्सास शहर में तापमान के रिकॉर्ड टूट गए। खतरनाक रूप से गिरे तापमान से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं और झीलें भारी बर्फबारी के चलते जम गई।

इस बीच आए बर्फीले तूफ़ानों का ग्रेट लेक्स और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में गंभीर प्रभाव पड़ा है। तापमान में आई गिरावट का कारण बताते हुए उन्होंने बताया कि इस तरह की भीषण ठंड की घटनाएँ तब घटित होती हैं जब ध्रुवीय जेट स्ट्रीम - सर्दियों की परिचित जेट स्ट्रीम जो आर्कटिक और अधिक समशीतोष्ण हवा के बीच की सीमा के साथ चलती है और दक्षिण की ओर आगे है। ये हवाएं उन क्षेत्रों तक पहुंच गई, जो इसके प्रभाव से दूर रहती हैं।

समताप मंडलीय ध्रुवीय भंवर

इन घटनाओं का दिलचस्प पहलू यह है कि वे अक्सर समुद्री जेट स्ट्रीम से भी ऊपर हवा की एक अन्य धारा में परिवर्तन के साथ घटित होती हैं। दरअसल समताप मंडलीय ध्रुवीय भंवर समतापमंडल के बीच में उत्तरी ध्रुव के चारों ओर घूमने वाली हवा की एक बड़ी धारा है, जो जेट स्ट्रीम को विकृत करने की ताकत रखती है और ठंडी हवा का प्रकोप पैदा करती है।

एक नजर

श्रीलंका के राज्य मंत्री शनत का सड़क हादसे में निधन

कोलंबो। श्रीलंका के राज्य मंत्री शनत निशंता की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना गुरुवार को कटुनायके एक्सप्रेसवे के पास घटी। स्तानीय मीडिया ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राज्य मंत्री के साथ एक सुरक्षा अधिकारी की भी मौत हो गई है। जीप में राज्य मंत्री निशंता के साथ सुरक्षा अधिकारी और चालक सवार थे। उनकी जीप एक कंटेनर वाहन से टकराने के बाद सड़क के बाड़ से टकरा गई। वह कटुनायके से कोलम्बो की तरफ जा रहे थे। इस हादसे में सभी गंभीर रूप से घायल हुए थे। उन्हें रागमा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां निशंता और एक पुलिस कॉन्स्टेबल की मौत हो गई। जीप चालक का इलाज जारी है।

ऑस्ट्रेलिया में तीन महिलाओं सहित चार भारतीयों की डूबने से मौत

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में एक समुद्र तट पर तीन महिलाओं सहित चार भारतीयों की डूबने से मौत हो गई। समुद्र तट पर हुई यह घटना लगभग 20 वर्षों में विक्टोरियाई समुद्री क्षेत्र में हुई सबसे भयावह हादसों में से एक है। अधिकारियों ने कहा बुधवार को विक्टोरिया के फिलिप आइलैंड में घटना हुई है। आपातकालीन सेवाओं को बुधवार अपराह्न करीब 3 :30 बजे न्यूहेवन के पास चार लोगों के पानी में डूबने की आशंका की सूचना मिली। 'लाइफ सेविंग विक्टोरिया' राज्य एजेंसी के कमांडर केन ट्रेलोर ने कहा, फिलिप द्वीप पर फॉरेस्ट केव्स के समुद्री क्षेत्र में संकट में फंसे चार लोगों की सहायता के लिए लाइफ सेविंग विक्टोरिया को बुलाया गया था, जो हमारे गश्त वाले लाइफगार्ड स्थल से केवल कुछ किमी की दूरी पर है।

न्यायमूर्ति पीबी वराले ने ली सुप्रीम शपथ

केंद्र ने बुधवार को दी थी नियुक्ति को मंजूरी, शीर्ष कोर्ट में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या हुई पूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ दिलाते सीजेआई।

कर्नाटक हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में जज के तौर पर शपथ ली। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) समेत न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 34 हो गई, जो कि कोर्ट में जजों की स्वीकृत संख्या है।

चीफ जस्टिस चंद्रचूड सुप्रीम कोर्ट के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में न्यायमूर्ति वराले को पद की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति वराले की सुप्रीम कोर्ट में जज के तौर पर नियुक्त करने की मंजूरी केंद्र सरकार ने बुधवार को दी थी। सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम ने इस महीने की शुरुआत में उनके नाम की सिफारिश की थी। कॉलेजियम ने कहा था कि इस तथ्य पर विचार किया गया है कि वह उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीशों में से एक हैं। वह उच्च न्यायालय में अनुसूचित जाति से आने वाले एक मात्र मुख्य न्यायाधीश हैं। उच्चतम न्यायालय में अनुसूचित जाति समुदाय से ताल्लुक रखने वाले तीसरे न्यायाधीश होंगे। अन्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति टी रवि कुमार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) सुपर स्पेशलाइजेशन काउंसलिंग के तीसरे दौर के लिए निर्देश देने और उन्हें इसमें भाग लेने की अनुमति देने की मांग करने वाली 13 डॉक्टरों की याचिका पर गुरुवार को केंद्र और अन्य से जवाब मांगा। डॉक्टर्स का कहना है कि काउंसिलिंग में हिस्सा लेने की अनुमति मिलने के बाद उन्हें बेहतर संस्थानों में सीटें मिल सकती है और वे अपनी पसंद के पाठ्यक्रम कर सकते हैं। जस्टिस बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ इन डॉक्टरों द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हुई, जिन्होंने कहा था कि वे पिछले साल सितंबर में आयोजित एनईईटी-एसएस, 2023-2024 प्रवेश परीक्षा में अखिल भारतीय कोटा के लिए योग्य थे और उन्हें काउंसलिंग के पहले और दूसरे दौर के बाद विभिन्न सुपर स्पेशलिटी पाठ्यक्रम में सीटें आवंटित की गई थीं।

मौर्य को राहत, शीर्ष कोर्ट ने आपराधिक कार्यवाही पर लगाई रोक

नई दिल्ली। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य पर हिंदुओं की आस्था को आहत करने का आरोप है। इसी बीच रामचरितमानस पर विवादित टिप्पणी के बाद कठोर अदालती कार्यवाही की आशंका से घिरे मौर्य को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली। शीर्ष अदालत ने गुरुवार को मौर्य के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने सवाल किया कि यह इतना संवेदनशील मुद्दा क्यों है, जिसमें बयान के आधार पर आपराधिक कार्यवाही की अपील की जा रही है। मौर्य ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ के समक्ष एक याचिका में, अपने खिलाफ दाखिल आरोपपत्र और निचली अदालत द्वारा मामले में पेश होने का निर्देश देते हुए जारी समन को चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने 31 अक्टूबर 2023 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी।

जांच मामला: स्थानांतरित ईडी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार से मांगा जवाब

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय की उस याचिका पर तमिलनाडु सरकार से जवाब मांगा, जिसमें रिश्वत के आरोप में तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किए गए उसके अधिकारी के खिलाफ मामले की जांच को सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की गई है जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने तमिलनाडु सरकार को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह में जवाब मांगा। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आरोप लगाया कि मंत्रियों के खिलाफ जांच से संबंधित फाइलें छीन ली गईं, जिसके बाद पीठ ने तमिलनाडु पुलिस से सुनवाई की अगली तारीख पर रिश्वत मामले में एकत्र की गई सामग्री पेश करने को कहा। न्यायमूर्ति कांत ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अमित आनंद तिवारी से मामले की सुनवाई की अगली तारीख तक रिश्वत मामले की जांच आगे नहीं बढ़ाने को कहा। जब पीठ ने मेहता से पूछा कि क्या ईडी ने भी रिश्वत लेने के आरोपी अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया है, तो कानून अधिकारी ने सकारात्मक जवाब दिया और कहा कि एजेंसी उनके खिलाफ भी जांच करना चाहती है।

सीपीईसी: चीन पाकिस्तान के साथ काम करने को राजी

इस्लामाबाद/बीजिंग, एजेंसी

आर्थिक गलियारा होगा अपग्रेड चीन ने कहा- इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते होंगे गहरे

चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) परियोजना को लेकर ड्रैगन ने कहा है कि वह इसे अपग्रेड करने लिए तैयार है। चीन ने कहा है कि इस अरबों डॉलर की परियोजना को अपग्रेड करेगा, ताकि चीन और पाकिस्तान के बीच रिश्ता कायम रह सके। चीन का कहना है कि इससे दोनों देशों के बीच रिश्ते गहरे होंगे।

वहीं, पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने कहा कि सीपीईसी का पहला चरण पूरा होने से पाकिस्तान को लाभ मिल रहा है। खासकर फसल परियोजनाओं से पाकिस्तान लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसका अगला चरण पूरा करने के लिए चीन से संपर्क में है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बुधवार को कहा कि चीन दोनों देशों के नेताओं के बीच समझ को पूरा करने, आपसी विश्वास को गहरा करने और व्यावहारिक सहयोग का विस्तार करने के लिए पाकिस्तान के साथ काम करने को तैयार है। चीन का कहना है कि भविष्य में इस परियोजना में और भी तेजी लाया जाएगा बता दें कि सीपीईसी परियोजना का भारत हमेशा से विरोध करता रहा है, क्योंकि यह पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर बंदरगाह को चीन के शिनजियांग प्रांत से जोड़ता है और इसे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के बीच से निकाला जा रहा है। कुछ दिनों पहले चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदॉन्ग पाकिस्तान की यात्रा पर गए थे। उप विदेश मंत्री ने पाकिस्तान यात्रा के दौरान राष्ट्रपति आरिफ अल्वी, प्रधानमंत्री काकर, ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, सेनाध्यक्ष जनरल सैयद असीम मुनीर और विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी से मुलाकात की थी।

भारत-अमेरिका के रिश्ते हमेशा मजबूत रहे : अमेरिकी सांसद

वाशिंगटन, एजेंसी

भारतीय राजदूत संधू के विदाई समारोह में पहुंचे तीन अमेरिकी सांसद

अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू के विदाई समारोह में यूएस सांसद मार्क वॉर्नर, एमी क्लोबुशर और इंडिया हाउस के जॉन ओसोफ शामिल हुए। वहीं, अमेरिका में मौजूद सिख समुदाय ने तरणजीत सिंह संधू को सम्मानित किया।

सांसद मार्क वॉर्नर ने तकणजीत सिंह संधू के विदाई समारोह के दौरान वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हमारे दोनों देशों के बीच दोस्ती का मूल साझा मूल्यों पर आधारित है।

सांसद क्लोबुशर ने कहा, हमें मालूम है कि यहां बहुत चुनौतियां है, लेकिन हमारे देशों के बीच एक ऐसा रिश्ता है जो हमेशा मजबूत रहा है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सांसद ओसोफ ने कहा, मैं आपके सहयोग और कड़ी मेहनत के लिए आपको बहुत ईमानदारी से धन्यवाद देता हूं। अमेरिका और भारत के बीच द्विपक्षीय रिश्ते को निर्देशित करने में मदद के लिए आपका धन्यवाद।

राजनयिक के रूप में तरणजीत सिंह संधू ने 35 साल का शानदार करियर पूरा किया। तीन दशक से अधिक लंबे करियर के दौरान संधू ने चार बार अमेरिका में भारतीय राजनयिक के रूप में सेवाएं दीं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका से संबंधों को नए मुकाम पर पहुंचाने में इनकी भूमिका उल्लेखनीय रही है।

चकाचौंध...

मुंबई: विकसित भारत और लोकतंत्र की मातृका, थीम के साथ इस वर्ष की 26 जनवरी महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित है। ये दिन सांस्कृतिक विरासत और विविधता में एकता का प्रतीक है। गणतंत्र दिवस पर संविधान की उद्देशिका में लिखे न्याय, समताओं, स्वतंत्रताओं, अधिकारों, देश की एकता-अखण्डता, व्यक्ति की गरिमा के साथ-साथ बंधुता के मूल्य को याद किया जाता है। वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस को गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देश भक्ति के रंग में चकाचौंध कर दिया। ● एजेंसी

रैली में शेर लेकर पहुंचे समर्थक नवाज ने जताई नाराजगी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में जल्द ही आम चुनाव के लिए मतदान होगा। ऐसे में पाकिस्तान की राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। नवाज शरीफ की रैली में पीएमएलएन समर्थक असली शेर ही ले आए। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है।

दरअसल लाहौर में नवाज ने एक विशाल रैली का आयोजन किया। हैरानी तो तब हुई जब पार्टी के समर्थक रैली स्थल पर असली शेर को ले आए। यह शेर पिंजरे में बंद था और एक खुली गाड़ी में शेर के पिंजरे को रखा गया था। पीएमएलएन का चुनाव चिन्ह शेर ही है। यही वजह है कि रैली में असली शेर लाकर लोगों को लुभाने की कोशिश की गई। हालांकि पार्टी समर्थकों की इस हरकत का उल्टा असर हुआ और लोगों ने इस कदम का आलोचना की। पीएमएलएन की नेता मरियम औरंगजेब ने बताया कि नवाज ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई और उनके निर्देश पर शेर को वापस भेज गया।

पाकिस्तान आर्मी पिता को वापस लेकर आई: मरियम

नवाज की मुख्य आयोजक और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने पाकिस्तान के ननकाना साहिब में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान आर्मी आखिरकार मेरे पिता को ब्रिटेन से वापस ले आई, जहां वह चार साल से थे। मरियम नवाज ने रैली में कहा कि जिन्होंने मेरे पिता को अपदस्थ किया था, वे उन्हें वापस ले आए हैं। रमरियम ने कहा कि पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ एकलौते पाकिस्तानी राजनेता हैं, जो रिकॉर्ड तीन बार तख्तापलट वाले देश के प्रधानमंत्री बनें।

पूर्व विदेश सचिव बोले मैंने कहा था अमेरिका से संबंध न बिगाड़ें इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा रहे हैं। इस बीच इमरान खान को लेकर पूर्व पाक विदेश सचिव सोहेल महमूद ने बड़ी बात की है। उन्होंने कहा कि मैंने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की कैबिनेट को स्पष्ट कहा था कि वह अमेरिका के साथ जुड़े रहें।

साथ ही मैंने उन्हें बताया था कि वाशिंगटन में देश के दूतावास से राजनयिक संचार को सार्वजनिक करने से अमेरिका के साथ संबंध कैसे प्रभावित हो सकते हैं। गौरतलब है कि राजनयिक केबल को साइफर कहा जाता है। अमेरिका से जुड़े साइफर को इमरान खान ने 27 मार्च 2022 को रैली में सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार को गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिशें रची जा रही हैं।

अफ्रीका: माली में अवैध सोने की खदान धंसी, 70 की मौत

बमाको। अफ्रीका के माली में एक अवैध सोने के खदान धंसने से 70 लोगों की मौत हो गई। हादसे से जुड़े लोगों के मुताबिक मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। खदान के धंसने के बाद से राहत और बचाव कार्य जारी है। अफ्रीकी सरकार के राष्ट्रीय भूविज्ञान और खनन निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी करीम बर्थे ने बुधवार को एसोसिएटेड प्रेस को हादसे को लेकर एक विवरण की पुष्टि की है और उन्होंने इसे एक दुर्घटना बताया है। हालांकि अभी तक हादसे को लेकर कारणों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। साथ ही अभी तक यह भी साफ नहीं किया गया है कि हादसा जब शुक्रवार को हुआ था, तो इसकी जानकारी मंगलवार को क्यों दी गई है। जानकारी के मुताबिक सोने की अवैध खदान दक्षिण-पश्चिमी कौलिकोरो क्षेत्र के कंगाबा जिले में धंसी है।

खुलासा टेक्नोलॉजी की दिग्गज कंपनी नए फीचर्स को इस साल के आखिर में रोल आउट करने के लिए तैयार, बढ़ाएगी सड़क पर सुरक्षा

गूगल एंड्रॉइड ऑटो के लिए करेगा एआई का इस्तेमाल

नई दिल्ली, एजेंसी

विशेषताओं के आधार पर मिलेगी जानकारी

इंटीग्रेशन ईवी ड्राइविंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने का लक्ष्य रखता है। जिससे यूजर्स को उनके गंतव्य पर पहुंचने पर उनके अनुमानित बैटरी लेवल जैसी अहम जानकारी मिल जाती है। इसके अलावा, सिस्टम रूट के साथ ऑप्टिम चार्जिंग स्टॉप का सुझाव देगा और वाहन की विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर चार्जिंग प्रक्रिया में कितना समय लगेगा, इसका अनुमान देगा।

गूगल ने ड्राइवरों के ध्यान भटकाने को कम करने और सड़क पर सुरक्षा बढ़ाने के लक्ष्य के साथ, एंड्रॉइड ऑटो में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को इंटीग्रेट करने की योजना का खुलासा किया है। टेक्नोलॉजी की दिग्गज कंपनी इन नए फीचर्स को इस साल के आखिर में रोल आउट करने के लिए तैयार है। जिसमें सबसे पहला फोकस ड्राइवरों द्वारा स्क्रीन देखने के समय को कम करना है।

एंड्रॉइड ऑटो में हो रहे बदलावों में सबसे अहम एक लंबे मैसेज या चैट की बातचीत को सारांशित (समराईज) करने की क्षमता है। जो यूजर्स को एक सारांश उपलब्ध कराती है जिसे वे चलते-फिरते सुन सकते हैं। इसके अलावा, एआई प्रतिक्रियाओं का सुझाव देगा, एक हैंड्स-फ्री और सुव्यवस्थित इंटरेक्शन एक्सपीरियंस (संवाद अनुभव) प्रदान करेगा।

यह सिस्टम मैसेज में संदर्भ भी जोड़ेगी। जैसे किसी दोस्त द्वारा उनके संभावित पहुंचने के समय (ईटीए) (ईटीए) के बारे में पूछने पर गूगल मैप्स डेटा के आधार पर यूजर के पहुंचने के समय का अनुमान लगा लेगा।

नेविगेशन को आसान बनाने के लिए, गूगल एक वन-टैप सुविधा भी शुरू कर रहा है। जो यूजर्स को गूगल मैप्स में मैन्युअल रूप से जानकारी दर्ज किए बिना साझा किए गए जगहों पर जल्दी से नेविगेट करने की अनुमति देता है। इसके अलावा, गूगल ने एंड्रॉइड ऑटो के डिजाइन को यूजर्स के स्मार्टफोन के साथ ज्यादा नजदीकी से एलाइन (संरेखित) करने की योजना का खुलासा किया है। कार में डैशबोर्ड डिस्प्ले कनेक्टेड फोन के आइकन स्टाइल और वॉलपेपर को ही डिस्प्ले करेगा। जिससे ड्राइवरों के लिए एक सुसंगत और विजुअली इंटीग्रेटेड एक्सपीरियंस मिलेगा। इन आगामी एआई-से चलने वाले फीचर्स के साथ, गूगल का लक्ष्य एंड्रॉइड ऑटो को सड़क पर सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, एक कनेक्टेड और इंटेलिजेंट इन-कार एक्सपीरियंस की तलाश करने वाले ड्राइवरों की पहली पसंद बनना है। गूगल ने एआई को इंटीग्रेट करने के अलावा, यह भी एलान किया है कि एंड्रॉइड ऑटो को कई अहम अपग्रेड हासिल होंगे। जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) यूजर्स के एक्सपीरियंस को बढ़ाने और टॉप कार ब्रांडों के साथ एकीकरण को व्यापक बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। आगामी विशेषताएं, आने वाले महीनों में फॉर्ड मोस्टेंग मैच-ई और एफ-150 लिंगस्टिंग पर शुरू होने वाली हैं। एंड्रॉइड ऑटो के साथ कंपैटिबल इलेक्ट्रिक वाहनों को गूगल मैप्स के साथ रियल टाइम में बैटरी जानकारी साझा करने की अनुमति देंगी।

राम-राम सुनते ही भड़क गई मैडम, छात्र को पीटा, निलंबित

सतना, एजेंसी

मध्यप्रदेश के सतना में छात्र के राम-राम कहने पर स्कूल में मैडम भड़क गईं और छात्र की पिटाई कर डाली। सूचना मिलने पर एनएसयूआई और करणी सेना के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के मुताबिक मामला सतना के एक निजी स्कूल का है। बताया जा रहा है कि छात्र समागम के दौरान पहुंचे एक छात्र ने अपने सहपाठियों का स्वागत राम-राम कहकर किया। उस वक्त वहां एक महिला टीचर भी मौजूद थीं। उस टीचर ने पहले छात्र को राम-राम कहने पर डांटा। जब छात्र ने सफाई देने की कोशिश की तो शिक्षक ने छड़ी उठा ली और छात्र को बुरी तरह पीटा। कुछ ही देर में घटना की जानकारी स्कूल परिसर के बाहर करणी सेना के पदाधिकारियों तक पहुंच गई। इसके बाद बड़ी संख्या में इस संगठन के लोग स्कूल के बाहर जमा हो गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे। स्थिति को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने भी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

छात्र टीचर को सफाई देते हुए कह रहा था कि वह अपने सहपाठियों का इस शब्द से अभिवादन कर रहा था। उसने अभी-अभी टीचर को गुड मॉर्निंग कहा था। छात्र के परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस भी अपने स्तर पर मामले की जांच में जुट गई है।